| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 20.0 | 09.0 | 14.0 |
| धनबाद | 22.0 | 09.0 | 16.0 |
| जमशेदपुर | 27.0 | 08.0 | 20.0 |
| पलामू | 21.0 | 09.0 | 14.0 |

संसेक्स 71,721.18 ▲ +63.47
डॉलर 83.045 ▼ +0.023
तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर), पौष शुक्ल पक्ष 01, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 12 जनवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 87, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com





संपादकीय युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद ...8 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | जिंदगी में मुश्किलें आती हैं उम्मीद मत ...10 देश/विदेश


## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,290

चांदी (किलो) 72,060

## एक नजर

### विषय की होती नहीं पढ़ाई, परीक्षा देने पहुंच गये विद्यार्थी

**मेदिनीनगर।** बात सुनने में अजीब लगेगी, किंतु सोलह आने सच है। गुरुवार को शहर के जीएलए कालेज में जिस विषय की पढ़ाई ही नहीं होती लगभग सात दर्जन विद्यार्थी उस विषय की परीक्षा देने पहुंच गये। प्रवेश पत्र देखकर प्राध्यापक भी हैरत में पड़ गये। तकनीकी त्रुटि के कारण गुरुवार को स्थानीय जीएलए कालेज में समाजशास्त्र विषय की परीक्षा देने गये 85 छात्र-छात्राओं को बैरंग वापस लौटना पड़ा। नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के प्रभारी कुल सचिव डॉ. मृत्युंजय कुमार ने बताया कि कुछ तकनीकी भूल और गड़बड़ी के कारण इन छात्र-छात्राओं ने समाजशास्त्र जेनेरिक विषय भर दिया था। जबकि समाजशास्त्र की पढ़ाई जीएलए कॉलेज में नहीं होती है। इसलिए इस विषय की परीक्षा नहीं ली जा सकती। अब जेनेरिक विषय की परीक्षा फरवरी महीने में ली जाएगी। परीक्षा से वंचित छात्र-छात्रायें सत्र 2018-21 और सत्र 2019-22 के बताये जा रहे हैं।

### साइकिल से अयोध्या धाम जा रहे युधिष्ठिर पहुंचे डालटनगंज

**मेदिनीनगर।** युधिष्ठिर बेहरा पिता स्वर्गीय रत्नाकर बेहरा ओडिशा से सायकिल से अयोध्या धाम जाते हुए गुरुवार को डालटनगंज पहुंचे। इस बाबत श्री बेहरा ने बताया कि स्वयं की प्रेरणा से अयोध्या धाम की सायकिल से यात्रा करने के लिए वे पांच जनवरी से अपने गांव रन्जा सिंहा प्रखंड ओडापडा जिला धन केनाल (ओडिशा) से प्रारंभ किया है। गुरुवार तक पलामू मुख्यालय मेदिनीनगर की यात्रा पूरी हो चुकी है। कोशिश है कि 15- 16 जनवरी तक अयोध्या धाम भगवान राम की नगरी पहुंच जाऊं। इधर बेहरा के डालटनगंज पहुंचने पर दर्जनों नागरिकों ने उनका स्वागत किया। भगवान राम के प्रति आस्था व्यक्त करते हुये उन्होंने कहा कि श्रीराम सबका बेड़ा पार करते हैं। उन्हीं की कृपा से वे सकुशल सायकिल यात्रा पूरी कर रामनगरी पहुंचेंगे।

# साहिबगंज डीसी और सीएम के प्रेस सलाहकार को समन पर कैबिनेट सचिव ने ईडी को लिखा पत्र




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव और मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को किये गए समन पर कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने ईडी को पत्र लिखा है। पत्र लिखकर उन मामलों की जानकारी मांगी है, जिनमें साहिबगंज के उपायुक्त राम निवास यादव को समन किया गया है। सूत्रों के अनुसार ईडी को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि उस एफआईआर के बारे में अस्पष्टता है, जिसमें डीसी और मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को समन किया गया था। मालूम हो कि साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव को गुरुवार को ईडी ने समन किया था जबकि मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को 16 जनवरी को समन किया गया है। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले भी डीजीपी ने ईडी को ऐसा ही पत्र लिखा था, जब शेष पृष्ठ 11 पर

### भाजपा ने कैबिनेट सचिव की चिट्ठी को बताया हास्यास्पद




**रांची।** कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल के ईडी को चिट्ठी लिखे जाने के मामले पर भाजपा ने गुरुवार को तंज कसते हुए इसे हास्यास्पद करार दिया। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता व पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई में महामिलावटी दलों के ठगबंधन कैबिनेट ने भ्रष्टाचारियों को शेल्टर देने का सरकारी उपाय ढूंढ लिया है। इससे ईडी और केंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्रवाई को लटकाया, अटकाया और भटकाया जा सके। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि केंद्र की भ्रष्टाचार रोधी एजेंसियों की कार्रवाई का भय सरकार पर हावी है। इसका प्रतिफल है कि उटपटांग प्रस्ताव कैबिनेट में पारित की जा रही है।

### एसीबी ने पंकज यादव को गवाही के लिए बुलाया

**रांची।** रघुवर सरकार के पांच पूर्व मंत्रियों की आय से अधिक संपत्ति मामले की जांच एसीबी कर रही है। एसीबी ने शिकायतकर्ता पंकज यादव को गवाही के लिए बुलाया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची की ओर से जारी पत्र में शिकायतकर्ता पंकज यादव को पत्र मिलने के एक सप्ताह के भीतर एसीबी कार्यालय में उपस्थित होकर गवाही देने का अनुरोध किया गया है। पत्र में इस बात का भी उल्लेख है कि नीलकंठ सिंह मुंडा मामले में गवाही के लिए पत्र भेजे जाने के बाद भी आप नियत समय में उपस्थित नहीं हो पाये हैं। उल्लेखनीय है कि पंकज कुमार यादव ने जनवरी 2020 में झारखंड हाइकोर्ट में जनहित याचिका लाखिल कर रघुवर सरकार के पांच मंत्रियों रणधीर सिंह, नीरा यादव, लुइस मरांडी, नीलकंठ सिंह मुंडा व अमर कुमार बाउरी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की जांच की मांग की थी।

# लोस चुनाव में 70 से ज्यादा उम्र वालों को भाजपा का टिकट नहीं

**अपवाद होंगे 73 वर्षीय मोदी 72 वर्षीय राजनाथ और अन्य**

**2019 में 543 सीटों में से 436 पर प्रत्याशी खड़े किए थे, जीते 303**

**2024 में ज्यादा सीटों पर प्रत्याशी खड़ा कर 400 सीटें जीतने का लक्ष्य**

**-कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** अप्रैल -मई में होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा सत्ता सर्वोच्च द्वारा कुछ वरिष्ठों के अपवाद को छोड़ उन सांसदों व नेताओं के टिकट काटने , टिकट नहीं देने की तैयारी है जिनकी उम्र 70 से ज्यादा हो गई है। फिलहाल लोकसभा में भाजपा के 56 सांसद 70 वर्ष व ज्यादा उम्र के हो गये हैं।इनमें से कुछ को राज्यपाल बनाया जा सकता है । भाजपा जनवरी के अंत तक लोकसभा प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर सकती है।2019 के लोकसभा चुनाव में 436 सीटों पर प्रत्याशी खड़े किये थे ,जिसमें से 303 पर जीत हुई थी।इस बार पौने पाँच सौ सीटों पर प्रत्याशी खड़ा कर400 सीटें जीतने का लक्ष्य है।जनवरी के अंतिम दिन से बजट सत्र शुरू हो रहा है। भाजपा उसके पहले वाया अयोध्या राम लला प्राण प्रतिष्ठा लोकसभा चुनाव प्रचार का एक राउंड पूरा कर लेने की योजना पर आगे बढ़ गई है। इसके लिए पीएम मोदी व गृहमंत्री शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड हाई कोर्ट का बड़ा आदेश

# उपायुक्त रद्द नहीं कर सकते सेल डीड




**निबंधित सेल डीड निरस्त करने का अधिकार सिर्फ सिविल कोर्ट के पास**

**किसी के साथ गलत हुआ है तो सिविल कोर्ट में पिटीशन दाखिल करना होगा**

**सेल डीड निरस्त करने से संबंधित उपायुक्तों के एफआईआर भी निरस्त होंगे**

- **निरस्त करने के अधिकार संबंधी सरकार का पत्र गलत, कानून के खिलाफ**
- **कोर्ट ने डीसी के आदेश के खिलाफ दायर 33 याचिकाओं को स्वीकृत किया**
- **सरकार ने 2016 में नोटिफिकेशन निकाल उपायुक्तों को दिया था ये अधिकार**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने जमीन रजिस्ट्री संबंधी सेल डीड को कैंसिल करने के उपायुक्तों के अधिकार को गुरुवार को निरस्त कर दिया है। हाई कोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने सेल डीड निरस्त करने से संबंधित डीसी के आदेश के खिलाफ दायर 33 याचिकाओं को स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने जिले के उपायुक्तों को सेल डीड को निरस्त करने से अधिकार से संबंधित राज्य सरकार के पत्र को निरस्त कर दिया। हाई कोर्ट ने यह भी कहा कि उपायुक्तों द्वारा सेल डीड निरस्त करने से संबंधित किए गए एफआईआर भी निरस्त हो जाएंगे। अदालत ने कहा कि यदि फर्जीवाड़ा कर जमीन की खरीद बिक्री की गई है और उसके दस्तावेज का निबंधन कराया जाता है तो उपायुक्त को उसे निरस्त करने के अधिकार संबंधी जारी सरकार का पत्र गलत है, यह कानून के खिलाफ है। कोर्ट ने कहा कि यदि किसी को लगता है कि उनके साथ गलत हुआ है और सेल डीड निरस्त होना चाहिए तो उसे सिविल कोर्ट में पिटीशन दाखिल करना होगा।

राज्य सरकार ने वर्ष 2016 में एक नोटिफिकेशन निकाला था, जिसके तहत फर्जीवाड़ा कर जमीन का गलत ढंग से ट्रांसफर की शिकायत मिलने पर जिलों के उपायुक्त को सेल डीड कैंसिल करने का अधिकार दिया गया था। साथ ही उपायुक्त को एफआईआर करने का भी अधिकार मिला था। राज्य के अन्य जिलों के डीसी द्वारा कई लोगों के सेल डीड कैंसिल किए जाने से संबंधित 33 याचिकाओं की सुनवाई पूरी होने के बाद मामले में कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था।

### निशिकांत दुबे की पत्नी ने देवघर स्थित जमीन का सेल डीड कैंसिल करने को दी थी चुनौती

इसी मामले में ऑनलाइन एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक अनामिका गौतम (सांसद निशिकांत दुबे की पत्नी) की ओर से भी देवघर स्थित जमीन की सेल डीड कैंसिल किए जाने को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ताओं का कहना था की कानून के अनुसार एक बार सेल डीड हो जाने पर उसको कैंसिल करने का अधिकार राज्य में सिविल कोर्ट के पास है। याचिका में संसद की पत्नी अनामिका गौतम का आरोप है कि देवघर डीसी ने श्यामगंज मौजा, देवघर की उनकी जमीन का सेल डीड कैंसिल कर दिया है। गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की रजिस्ट्री तत्कालीन डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने रद्द कर दी थी। डीसी की यह कार्रवाई काफी चर्चा में भी रही थी। डीसी द्वारा रजिस्ट्री करने के बाद सांसद निशिकांत शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड सरकार का दावा

# राज्य में चार साल में बनीं 5,200 किमी सड़कें, 4,600 किमी सड़कों का निर्माण जारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार ने पिछले चार सालों में राज्य में पथ निर्माण के बजट की 95 फीसदी राशि खर्च करते हुए 5,200 किलोमीटर सड़कों का निर्माण पूरा करने का दावा किया है। बताया गया कि राज्य में 4,600 किलोमीटर सड़कों के निर्माण का कार्य चल रहा है। हेमंत सोरेन की सरकार के चार साल पूरे होने पर पथ निर्माण विभाग ने गुरुवार को अपने कामकाज का ब्योरा पेश किया। विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में पथ निर्माण की योजनाओं पर 60 प्रतिशत राशि व्यय की जा चुकी है। राज्य में केंद्र और राज्य की योजनाओं के तहत कुल 17 हजार किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया जाना है, जिसमें से 14 हजार किलोमीटर सड़क निर्माण की योजनाओं पर काम चल रहा है। इसमें 2,000 किलोमीटर सड़क नेशनल हाईवे अथॉरिटी के माध्यम से बनाई जा रही है। रांची के इनर रिंग रोड के 10 पार्ट में से कुल तीन पार्ट को स्वीकृति दी जा चुकी है। 194 किलोमीटर लंबे आउटर रिंग रोड का डीपीआर तैयार कर लिया गया है। राज्य में एक्सप्रेस-वे कॉरिडोर, टूरिस्ट एक्सप्रेस-वे कॉरिडोर भी पर काम किया जा रहा है। भवन निर्माण विभाग के कार्यों और उपलब्धियों का ब्योरा देते हुए बताया गया विभाग ने 2022-23 में 603 करोड़ के बजट के विरुद्ध 96 प्रतिशत से ज्यादा व्यय भवन निर्माण पर किया था। चालू वित्तीय वर्ष में विभाग ने अब तक 76 प्रतिशत व्यय किया है।

# 80 साल के हुए दिशोम गुरु



**झामुमो** सुप्रीमो व राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन गुरुवार को 80 साल के हो गए। गुरुवार वो उनका 80वां जन्मदिन मनाया गया। 11 जनवरी 1944 को उनका जन्म रामगढ़ के नेमरा गांव में हुआ था। मुख्यमंत्री व दिशोम गुरु के पुत्र हेमंत सोरेन गुरुवार दोपहर उनके मोरहाबादी स्थित आवास पर पहुंचे। जहां 80 पाउंड का केक काटा गया। उन्होंने अपने पिता और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को जन्म दिवस के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी व उनके उत्तम स्वास्थ्य तथा लंबी उम्र की कामना ईश्वर से की। मालूम हो कि गुरुवार को ही राज्य के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का भी जन्मदिन मनाया गया। उनका जन्म 11 जनवरी, 1958 में गिरिडीह के कोदाईबांक गांव में हुआ था।

## स्नातकोत्तर छात्र, पूर्णकालिक रेजीडेंट डॉक्टर को मिलेगी 25 दिन छुट्टी

# छात्रावास में रहना अनिवार्य नहीं, भत्ता भी मिलेगा

**चिकित्सा महाविद्यालयों में पोस्ट डाक्टोरल फेलोशिप पाठ्यक्रम शुरू होगा**

**जब तक एनएमसी से मान्यता नहीं तब तक कोर्स शुरू नहीं करेंगे मेडिकल कालेज**



**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने स्नातकोत्तर मेडिकल पाठ्यक्रम के संदर्भ में नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अब विद्यार्थियों को तनाव व आत्महत्या से बचाने के लिए अवकाश का प्रावधान किया गया है। साथ ही एक बार पीजी पाठ्यक्रम के लिए निरीक्षण होने के बाद परीक्षा के दौरान बार-बार निरीक्षण नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही परीक्षाओं के दौरान कालेज के पास तय नियमों के अनुसार संसाधन है या नहीं, उसका भी निरीक्षण होता था। अब सभी कॉलेज को यह भी सूचित किया गया है कि जब तक एनएमसी से मान्यता न मिले, तब तक पाठ्यक्रम कोर्स शुरू नहीं कर पाएंगे।पीजी मेडिकल कालेज चलाने वाले संस्थान के पास छात्रावास होना अनिवार्य है। विद्यार्थियों को छात्रावास में ही रहकर पढ़ाई पूरी करनी होती है। नए नियमों में इसमें भी छूट दी गई है। अब विद्यार्थी चाहे तो ही छात्रावास में रह सकते हैं, मतलब छात्रावास में रहने के लिए दबाव नहीं बनाया जाएगा। कई कालेज विद्यार्थियों से छात्रावास का बड़ा शुल्क वसूल करते हैं। इस वजह से विद्यार्थियों पर आर्थिक बोझ भी बढ़ता है, जो नए नियम के चलते कम हो जाएगा। अब सरकारी कालेजों के अनुसार निजी कालेजों को भी विद्यार्थियों को भत्ता देना पड़ेगा।किस तरह परीक्षा होगी व मूल्यांकन किया जाएगा, परीक्षा के दौरान किस तरह निरीक्षक की नियुक्ति होगी और पाठ्यक्रम किस तरह का होगा, नए दिशा-निर्देशों में इसका भी उल्लेख किया गया है। मेडिकल कालेज के कई विद्यार्थी तनाव का शिकार होकर शेष पृष्ठ 11 पर

# नर्सिंग होम में बंध्याकरण के नाम पर निकाल डाला ओवरी

- **जनप्रतिनिधियों ने पीड़िता से की मुलाकात**
- **पति ने डीसी से लगाई दोषियों पर कार्रवाई व पत्नी का समुचित इलाज करवाने की गुहार**

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत जबरा ग्राम स्थित मिस्त्री टोला निवासी सिद्धेश्वर मिस्त्री ने मां उग्रतारा नर्सिंग होम में अपनी पत्नी का ओवरी (अंडाशय) बंध्याकरण के नाम डाक्टर द्वारा निकाल देने की शिकायत जिला उपाध्यक्ष अनिता देवी व बालूमाथ के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रकाश बड़ाइक से कर न्याय व दोषी डाक्टरों पर कार्रवाइ की मांग की। इस पर जिला उपाध्यक्ष, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बड़ाइक, समाज सेवी देवनंद प्रसाद, प्रमुख उर्मिला देवी, मुखिया राजिव भगत, टोंटी पंसस मो होजैफा, समाजसेवी कन्हाई सिंह गुरुवार को पीड़िता 26 वर्षीय गीता देवी के घर पहुंच कर उससे मुलाकात की और मामले की विस्तारपूर्वक जानकारी ली।

पीड़िता ने बताया कि वह सहिया दीदी के साथ बंध्याकरण कराने के लिए बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जा रही थी कि रास्ते में उसने बताया कि आज बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में बंध्याकरण नहीं हो रहा है। आप मेरे साथ बारियातु मां उग्रतारा नर्सिंग होम चले वहां भी निशुल्क कैंप लगाया गया है। वह अपने पति के साथ मां उग्रतारा नर्सिंग होम पहुंची जहां किसी भी प्रकार का कोई कैंप नहीं लगा हुआ था। इसके बाद वहां उपस्थित चिकित्सक एवं सहिया द्वारा कहा गया कि बिना पैसे के ही आपका बंध्याकरण हो जाएगा। उसके बाद नर्सिंग होम में रह रहे डॉक्टर बिना सर्जन के शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

# रेवड़ी,जाति या मोदी की गारंटी का चलेगा दांव?


सुनील बादल

**आम** चुनावों की उलटी गिनती शुरू होते ही इस साल सात राज्यों की विधानसभाओं आंध्र प्रदेश, अरुणाचल, ओडिशा, झारखंड, सिक्किम, महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनाव का शंखनाद हो चुका है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जम्मू-कश्मीर की विधानसभा भी इसी साल बहाल हो सकती है। सभी चुनावों में पुराने जातीय दावों के अलावा एक बात कॉमन रहने वाली है वह है अलग अलग नामों से लोकलुभावन चुनावी वायदों की भरमार। चुनावी फसल बन चुके वोट की भरपूर पैदावार के लिए राजनीतिक दल लोकलुभावन वायदों की खाद का भरपूर इस्तेमाल कर रहे हैं। मजेदार बात यह है कि हर दल फ्री फ्री के वायदों को राज्यों की बदहाल आर्थिक सेहत का जिम्मेदार बताते भी हैं और सत्ता के मोह में वे ऐसे वायदों के ऐलान से खुद को रोक नहीं पाते। दिल्ली और पंजाब में जीत का बड़ा आधार भी यही था । ये दल यह जानते भी हैं कि लोकलुभावन वायदों को पूरा करना भविष्य में मुश्किल साबित होगा। इससे राज्य की आर्थिक सेहत खराब होगी और आखिरकार उसकी कीमत टैक्स या महंगाई के रूप वोटरों को ही चुकानी पड़ेगी।

पिछले कुछ चुनावों से बीजेपी मुफ्तिया वादों का विरोध करती रही है। हालांकि दूसरे दलों को मुफ्तखोरी पर लगाम लगाने का उसका तर्क भा नहीं रहा। विपक्षी दलों की दलील है कि अगर अस्सी करोड़ लोगों को बीजेपी सरकार मुफ्त राशन दे, किसानों को सम्मान निधि दे या वक्त-बेवक्त जन-धन खातों में महिलाओं को सम्मान राशि दे तो उसे गारंटी क्यों माना जाए, उसे लोकलुभावन मुफ्तखोरी क्यों न माना जाए? भले ही चुनावी गारंटी से राज्यों की आर्थिक सेहत खराब हो रही हो, लेकिन इनके माध्यम से सत्ता प्राप्त करते ही पार्टियां इसे राज्य की लोक कल्याणकारी भूमिका का विस्तार बताने लगती हैं। रिजर्व बैंक की 2022 में आई एक रिपोर्ट में बताया गया है कि पांच राज्यों पंजाब, राजस्थान, बिहार, केरल और पश्चिम बंगाल की आर्थिक हालत लगातार खराब होती जा रही है। कैग के आंकड़ों के आधार पर तैयार इस रिपोर्ट में रिजर्व बैंक ने बताया था कि लोकलुभावन वादों को पूरा करने के चलते राज्यों का सब्सिडी पर खर्च लगातार बढ़ रहा है। साल 2020-21 में राज्यों ने अपने कुल खर्च का करीब 11.2 प्रतिशत सबसिडी पर किया था, जो साल 2021-22 में बढ़कर 12.9 प्रतिशत हो गया। इसी रिपोर्ट में बताया गया है कि झारखंड, केरल, ओडिशा, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश में यह खर्च बढ़ा है।गुजरात, पंजाब और छत्तीसगढ़ ने अपने राजस्व खर्च का दसवें से कुछ ज्यादा हिस्सा अकेले सब्सिडी पर खर्च किया है।मुफ्त बिजली, पानी, यात्रा, बिल और कर्ज माफी जैसे मदों में जो खर्च हो रहा है, उसके बदले में राज्यों को कोई आर्थिक लाभ नहीं हो रहा।पंजाब और दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने तकरीबन मुफ्त बिजली, पानी और महिला बस यात्रा का जो मॉडल पेश किया था उसे लगभग सभी गैर-बीजेपी सरकारें अपनाती जा रही हैं। कर्नाटक, हिमाचल और अब तेलंगाना में कांग्रेस भी ऐसे ही कदम उठा रही है।पंजाब रोडवेज और बिजली विभाग की हालत खस्ता है। प्रति व्यक्ति कर्ज के हिसाब से पंजाब देश का सबसे बड़ा कर्जदार राज्य है जिसका कुल कर्ज कुल जीडीपी का लगभग आधा हो चुका है। कर्जदार राज्यों की लिस्ट में राजस्थान दूसरे स्थान पर है। तीसरे नंबर पर बिहार है। सस्ती गैस, महिलाओं को सम्मान राशि आदि गारंटियों को पूरा करने के लिए मध्य प्रदेश की तरह कर्नाटक में कांग्रेस अपने घोषित गारंटियों को पूरा करने में लगी है। आंध्र प्रदेश की कुल बकाया देनदारियां चार लाख 42 हजार 442 करोड़ रुपये हैं। इसके बावजूद, लोकलुभावन योजनाओं पर खर्च करने में पहले नंबर पर आंध्र ही है।



## एक नजर

### जमीन विवाद में मारपीट, तीन घायल

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के बेनीकला गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक ही परिवार के तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में विरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह व स्वीटी कुमारी सभी निवासी ग्राम बेनी कला शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज हुसैनाबाद अस्पताल में कराया गया। बताया जाता है कि पड़ोसी के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी बात को लेकर कहासुनी के बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। पीड़ित द्वारा इस घटना की लिखित शिकायत हुसैनाबाद थाने को दी गई है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

### विधायक एव पूर्व सांसद पर हमला सोची-समझी साजिश

**पाटन।** भाजपा पाटन मंडल कमेटी ने विधायक पुष्पा कुमारी व पूर्व सांसद मनोज कुमार के काफिले पर हमले को सोची-समझी साजिश का परिणाम करार दिया है। मंडल पदाधिकारियों ने कहा कि भाजपा के जन प्रतिनिधियों की बढ़ती लोकप्रियता से विरोधियों में खलबली मच गयी है। हमले की जितनी भी निंदा की जाये वह कम है।

### सीटी बजाते हुये बच्चों ने निकाली रैली, कौतूहल भरी नजरों से लोगों ने किया स्वागत

# राजकीयकृत विद्यालयों में भव्य आगाज, शिक्षा में होगा सुधार


बच्चों को समझाते अध्यापक


रैली में शामिल छात्राएं


सीटी बजा कर रैली की शुरूआत कराते अध्यापक

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत स्तरोन्नत उच्च विद्यालय सिक्की कला में गुरुवार को झारखण्ड शिक्षा विभाग द्वारा संचालित सीटी बजाओ- उपस्थिति बढ़ाओ अभियान की शुरूआत मेराल के पंचायत समिति सदस्य मंजू देवी, प्रधानाध्यापक रामसुंदर कुजूर, बाल सांसद के प्रधानमंत्री चंचल कुमारी व विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष रामस्वरूप सिंह की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर की गयी। विधालय परिसर से पंसस के नेतृत्व में निकाली गई रैली में 500 छात्र-छात्रायें शामिल रहे। अतिथियों ने सरकार के इस पहल की सराहना करते हुये कहा कि इससे अभिभावकों को अपने बच्चों को स्कूल भेजने की प्रेरणा मिलेगी। अभियान में शिक्षक विजय विश्वकर्मा,अरविंद कुमार,संजय कुमार सिंह ,राजकुमारी, पुनीत आदि शामिल थे। इसी क्रम में नव प्राथमिक विद्यालय खाम्ही पाटन-टू में भी बच्चों द्वारा भारी उत्साह के साथ रैली निकाल कर अभिभावकों को जागरूक किया गया। प्रभातफेरी में सीटी की गूंज से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इस दौरान बच्चों ने चलो स्कूल चले हम तथा पढ़ेगा झारखण्ड, बढेगा झारखण्ड जैसे नारे भी लगाये। वरीय सहयोगी शिक्षिका प्रतिभा देवी ने आंगुतको का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में वार्ड सदस्य छठनी देवी व सरस्वती देवी, पंचायत समिति रेखा देवी, युवा समाजसेवी छोटू राज दुबे, माता समिति की अध्यक्ष खुशबू देवी,प्रबंधन समिति की अध्यक्ष प्रमिला देवी, सहायक शिक्षक संतोष दुबे, माता समिति की सदस्य पूनम देवी,चांदनी देवी आदि उपस्थित रहीं।

### स्कूलों में सीटी बजाओ- स्कूल बुलाओ अभियान का आगाज

**हुसैनाबाद।** अगर आप के मुहल्ले में सीटी की आवाज सुनाई दे, तो आप समझ लीजिए कि सरकारी स्कूलों में बच्चों को भेजने का समय हो गया है। स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ने और ड्राप आउट कम करने के लिए जिला शिक्षा विभाग की ओर से सीटी बजाओ और स्कूल बुलाओ को लेकर गुरुवार को प्रखंड के कई स्कूलों में यह अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान मध्य विद्यालय देवरी खुर्द,बालिका मध्य विद्यालय, हार्वे मध्य विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेदौलिया व राजकीय मध्य विद्यालय देवरी खुर्द के बच्चों ने रैली निकाली। सभी बच्चे अपने-अपने क्षेत्रों के टोला मुहल्लों में आधी रोटी खाएंगे, फिर भी स्कूल जाएंगे नारा लगाते हुये रैली निकाली। जिप सदस्य राजु कुमार मेहता ने कहा कि इस अभियान से निश्चित रूप से बच्चों की संख्या स्कूलों में बढ़ेगी। अभियान में देवरी कला पंचायत की मुखिया मनोज भारती ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर देवरी खुर्द विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदेश्वर राम, बालिका मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेंद्र सिंह, हार्वे मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार, बेदोलिया स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक जय प्रकाश शर्मा, रामनाथ राम, सरवर आलम, वेद प्रकाश मणि, संजय मेहता, प्रमोद पासवान, कुमारी प्रतिमा, आलोक यादव, धर्मेन्द्र मेहता मौजूद थे।

### हरिहरगंज और पीपरा में निकली स्कूल बुलाओ जागरूकता रैली

**हरिहरगंज।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड के निर्देश पर गुरुवार को हरिहरगंज और पीपरा प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली निकाली गयी। इस संबंध में प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि स्कूली बच्चों को विद्यालय की ओर से सीटी उपलब्ध कराया गया है। जो बच्चा विद्यालय नहीं आता है। उसे देखने पर सीटी बजाने के लिए कहा गया है। रैली में कई अभिभावक भी शामिल होकर पूरे गांव में घूमते हुए बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने के लिये प्रेरित किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक धर्मेन्द्र कुमार, नीरज कुमार पाठक, शिक्षक सत्यविजय सिंह, प्रकाश सिंह, सुरेश राम, विकास पांडेय, प्रदीप कुशवाहा, नवीन कुमार, करूणानिधि, रामबिहारी राम, रोहित दास, दीपक कुमार, प्रमोद कुमार,अशोक कुमार, मुकेश सिंह शामिल थे।

### स्कूल बुलाओ अभियान के तहत बच्चों ने निकाली रैली

**विश्रामपुर।** नप मुख्यालय के कई विद्यालयों से आज बच्चों ने सीटी बजाओ स्कूल बुलाओ अभियान के तहत रैली निकाली। रैली की शुरूआत विद्यालय परिसर से हुई। जहां स्कूली बच्चे व शिक्षकों ने सीटी बजाते हुये नगर भ्रमण कर अभिभावकों व ड्रॉप आउट बच्चों को स्कूल आने के लिये जागरूक किया। मुख्यालय स्थित कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हाई राम, राजकीय कृत मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामू वाजपेयीके नेतृत्व में रैली निकली।

# समर्पण दिवस के रूप में मना मरांडी का जन्म दिन


मरांडी का जन्मदिन मनाते कार्यकर्ता

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** स्थानीय शिक्षक-प्रशिक्षण महाविद्यालय छात्रावास के प्रांगण में गुरुवार को झारखंड राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का 66वां जन्मदिन जनता के प्रति समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बाबुलल मरांडी का चित्र लगा केक काटकर की गयी। सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने कहा कि श्री मरांडी झारखंड की शान, आन ,बान हैं। कार्यकताओं ने मरांडी के दीघार्यु होने की ईश्वर से प्रार्थना किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिप सदस्य सुधा कुमारी, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, धावाडीह मुखिया रिंकी यादव, यादव सेवा के प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव, सामाजिक कार्यकर्ता अजय उरांव, रवि प्रसाद, प्रीति देवी, महेश यादव ,रामनाथ पाठक ,सिकंदर भुईयां, जोखन सिंह, सुमन यादव मौजूद थे।

### नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने मनाया मरांडी का जन्मदिन


मरांडी के चित्र को केक अर्पित करते कार्यकर्ता

**हुसैनाबाद।** भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय में मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का केक काट कर जन्म दिन मनाया। इस अवसर पर कर्नल संजय सिंह ने कहा कि उनका समाज के लिए संघर्ष भरा जीवन सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिये अनुकरणीय है। इनका पूरा जीवन झारखंड में व्याप्त भय, भूख और भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई को समर्पित है। इनके कुशल नेतृत्व में झारखंड में भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने को अग्रसर है। मौके पर भाजपा नगर मंत्री संतोष गुप्ता, जिला मंत्री संतोष सिंह, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, हुसैनाबाद नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, बद्री नारायण सिंह, सत्यनारायण यादव, मनोहर सिंह, अमित सिंह, शुभम सिंह, वीरू सिंह, ज्ञानू सिंह, विजय प्रजापति, गणेश प्रजापति उपस्थित थे।

### प्रभु श्रीराम के नाम एक दीप अवश्य करें प्रज्ज्वलित

**हुसैनाबाद।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने सभी रामभक्तों का आह्वान किया है कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा व भव्य मंदिर का उद्घाटन समारोह भारत एवं समस्त विश्व में रहने वाले सभी सनातनियों के लिए गौरवशाली क्षण होगा। यह त्रेता युग की पुनरावृत्ति जैसी है। उन्होंने कहा कि जब श्रीराम चौदह वर्ष का कठिन वनवास पूरा करके अयोध्या वापस लौटे थे तो समस्त अयोध्यावासियों ने दीए जलाकर उनका स्वागत किया था। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक और अभूतपूर्व उपलक्ष्य पर हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा में भव्य दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

# अवैध शराब के साथ दो बाइक जब्त, एक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र स्थित एनएच-98 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट पर बुधवार की रात वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने दो बाइक पर लदे करीब सौ लीटर अवैध शराब को जब्त किया। इस दौरान मौके से एक शराब तस्कर भी पकड़ा गया है। इस संबंध में पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि एएसआई संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में चेकिंग के दौरान दो बाइकों पर क्रमशः ट्यूब में 80 लीटर महुआ शराब व 100 शीशी देशी शराब बरामद किया। बताया जाता है कि बरामद शराब की झारखंड से बिहार तस्करी की जा रही थी। पुलिस ने शराब तस्करी में संलिप्त हरिहरगंज थाना क्षेत्र के भांवर गांव निवासी सुरेश बैठा के पुत्र अनुज कुमार बैठा के विरूद्ध मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मामले में एक अन्य अज्ञात व्यक्ति पर भी प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### धूमधाम से मनेगा बसपा सुप्रीमो का जन्मदिन

**विश्रामपुर।** स्थानीय जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान पर आगामी 15 जनवारी को बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती का जन्मदिन समारोह पूर्वक मनाया जायेगा। बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने गुरुवार को विश्रामपुर नप मुख्यालय में एक वार्ता के दौरान बताया कि समारोह की तैयारी जोरों पर है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय बसपा नेता मारकुंडी टर्म बाबा सहित केंद्रीय राज्य प्रभारी भी शामिल होंगे। मौके पर शिवपूजकार राम,शिवनाथ पासवान,राजू राम,अमेश राम,अंजय राम,रामपूजन पासवान,नईमुद्दीन अंसारी,मदन राम,सुरेश यादव,पिंकू सोनी,विजय मंडेला,अजय राम,सोनू राम,राजेंद्र राम मौजूद थे।

### रेहला खुर्द देवी धाम में 22 जनवरी को विशेष अखंड कीर्तन

**विश्रामपुर।** नगर परिषद के वार्ड नंबर सात रेहला खुर्द स्थित देवी धाम मंदिर परिसर में आयोजित ग्रामीणों की बैठक में आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर दीपावली मनाने का निर्णय लिया गया। तय हुआ कि इस दौरान देवी धाम परिसर में 24 घंटे का विशेष अखंड-कीर्तन का आयोजन किया जायेगा। मौके पर पूर्व सैनिक बनारसी दीक्षित,शिक्षक विनोद दीक्षित,प्रमोद दीक्षित, सत्यनारायण तिवारी,बबन कामेश्वर दीक्षित मौजूद थे।

### बच्चों ने लगाया नारा सीटी बजाकर स्कूल बुलायें हम

**ऊंटारी रोड।** सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ कार्यक्रम के तहत प्रखंड के मध्य विद्यालय ऊंटारी रोड, चेचरीया, नौगढ़, पांडेपुरा, कुटमू ,लकड़ही, कूल्ही , दरुआ, सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई ।

# धान क्रय केंद्र खुलने से किसानों को मिली राहत

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के धावाडीह में गुरुवार को धान क्रय केंद्र का उद्घाटन उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव एवं क्रय पदाधिकारी अरविंद सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर उप प्रमुख ने कहा कि पूरे प्रखंड क्षेत्र में वर्षा अच्छी नहीं होने के कारण धान की फसल बहुत कम हुई है, लेकिन जो किसान मेहनत के बल पर फसल पैदा करने में कामयाब हुए हैं। उनके लिये झारखंड सरकार के द्वारा पूरे राज्य में धान अभिप्राप्ति केंद्र खोला जा रहा है। ताकि किसान अपना धान महाजनों को कम दाम पर न बेचे। क्रय पदाधिकारी ने बताया कि सरकार द्वारा बोनस के साथ धान का मूल्य 2300रु. प्रति क्विंटल निर्धारित की गई है। जिन-जिन किसानों का रजिस्ट्रेशन करवाया गया है वैसे किसान पैक्स के माध्यम से अपना धान बेच सकते हैं। मौके पर महेंद्र यादव, उमेश प्रसाद, त्रिवेणी साव, बलदेव मेहता, केदार साव, मुंशी यादव, बृजनंदन सिंह, नीलम सिंह, हारून रशीद, जुबेर अंसारी मौजूद

### लोहरपुरा-बरेवा पैक्स में धान क्रय केंद्र खुला

हुसैनाबाद। हैदरनगर प्रखंड के लोहरपुरा-बरेवा पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि क्रय केंद्र खुलने से अब किसानों को औने-पौने में धान नहीं बेचना पड़ेगा। क्रय केंद्र में धान बिक्री करने पर किसानों को सरकार द्वारा निर्धारित उचित मूल्य मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए धान क्रय केंद्र अन्य कई पैक्सों में भी खोला गया है। इससे उन्हें अपना धान बेचने में सहूलियत होगी। मौके पर पैक्स अध्यक्ष विरेंद्र सिंह, एनसीपी अध्यक्ष संजय सिंह, विमलेश सिंह, प्रो. अरविंद सिंह, रविरंजन कुमार उपस्थित थे।

### क्षेत्र में लगातार बढ़ रहीं बाइक चोरी की घटनायें, लोग परेशान

# बाइक चोर गिरोह बेलगाम, पुलिस नाकाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र में बाइक चोर गिरोह पूरी तरह बेलगाम हो गये हैं। इस पर अंकुश लगाने में पुलिस पूर्णतया नाकाम साबित हो रही है। पिछले दिनों घटित बाइक चोरी की घटनाओं का अभी खुलासा भी नहीं हो सका है कि बुधवार की शाम सात बजे हैदरनगर के बिंदूबिगहा निवासी ब्रजेश कुमार सिंह की पैशन प्रो बाइक हैदरनगर रेलवे स्टेशन परिसर से चोरी हो गई। भुक्तभोगी ने बताया कि वह परिवार के लोगों को ट्रेन पकड़ाने के लिए रेलवे स्टेशन गये थे। परिसर में बाइक लगा कर



प्लेटफार्म पर गये। वापस आने पर बाइक गायब पाया। काफी खोजबीन करने पर भी पता नहीं लगने पर हैदरनगर थाने को सूचना दी गयी है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में आये दिन कहीं न कहीं से बाइक की चोरी हो रही है। दस दिन पूर्व जपला रेलवे स्टेशन परिसर से एक बाइक की चोरी हुई थी। उससे पूर्व हैदरनगर मुख्य पथ स्थित घर के सामने से बाइक की चोरी हुई। कर्पूरी मैदान से भी मैच के दौरान चोर बाइक उड़ा चुके हैं। नागरिकों ने एसपी का ध्यान आकृष्ट कराते हुये बाइक चोरी पर तत्काल अंकुश लगाये जाने की मांग की है।


## District Employment Exchange Cum Model Career Centre, Palamu

Department of Labour, Employment, Training & Skill Development

2 No. Town, Redma, Medininagar, Palamu 822101

Email: emptexchangedto@gmail.com Website: www.palamu.nic.in

Tender Reference No: - 02/2024 Date:-11th Jan, 2024

**VERY SHORT NOTICE FOR INVITATION OF EXPRESSION OF INTEREST**

| S. No | INFORMATION | DETAILS |
|---|---|---|
| 1 | NAME OF THE WORK | Hiring of organisation for Career Guidance Seminar & Workshop Program |
| 2 | Number of Project | 12 -15 |
| 3 | LAST DATE & TIME OF RECEIPT OF EOI | 20th Jan, 2024 at 12:30 PM |
| 4 | EOI SUBMISSION PLACE | District Employment Office, 2 No. Town, Redma, Medininagar, Palamu 822101 |
| 5 | DATE & TIME OF FOR THE POWERPOINT PRESENTATION AND OPENING OF EXPRESSION OF INTEREST | 20th Jan, 2024 at 1:30 PM |
| 6 | VENUE FOR THE POWERPOINT PRESENTATION AND OPENING OF EXPRESSION OF INTEREST. | District Employment Office, 2 No. Town, Redma, Medininagar, Palamu 822101 |
| 7 | NAME & ADDRESS OF OFFICE INVITING EOI | District Employment Exchange Cum Model Career Centre, Palamu 2 No. Town, Redma, Medininagar, Palamu 822101 |

NOTE: - For detailed information please visit website: www.palamu.nic.in or Notice Board of District Employment office Palamu.

District Employment Officer
Palamu

PR 315751 District (23-24)_D



## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

61वीं औपबंधिक सूची
जिला–लातेहार

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :– लोहरदगा थाना काण्ड संख्या–102/92 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी विजय भगत के द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से की गई अनुशंसा एवं पहचान के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0– 01/24<br>2. आवेदक–मदन लाल , पिता–स्व0 काशी लाल<br>3. ग्राम–बरवाडीह , पोस्ट–बरवाडीह , थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0– 02/24<br>2. आवेदक–धुरबिगन , पिता–स्व0 रतन सिंह<br>3. ग्राम–कल्याणपुर , पोस्ट–बरवाडीह , थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0– 03/24<br>2. आवेदक–विजय सिंह , पिता–स्व0 राज कुमार सिंह<br>3. ग्राम–डोरामी , पोस्ट–बरवाडीह , थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0– 04/24<br>2. आवेदक–सुदेश्वर सिंह , पिता–स्व0 चनर सिंह<br>3. ग्राम–कल्याणपुर , पोस्ट–बरवाडीह , थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0– 05/24<br>2. आवेदक–सुनिल कुमार , पिता–स्व0 यदुनाथ सिंह<br>3. ग्राम–कल्याणपुर , पोस्ट–बरवाडीह , थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0– 06/24<br>2. आवेदक–मदन लाल , पिता–स्व0 नन्द किशोर प्रसाद, पति–मुरलीधर प्रसाद<br>3. ग्राम–बरवाडीह , पोस्ट–बरवाडीह , थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–महिला , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–आयोग के पूर्व सदस्य के समक्ष दर्ज बयान, पार्टी बैठक पंजी में नाम तथा बरवाडीह थाना काण्ड संख्या–94/92 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मुरलीधर प्रसाद द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से की गयी अनुशंसा एवं पहचान के आधार पर। | |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–238<br>2. आवेदक–नेजाम खान , पिता–स्व0 गुलाब मोहम्मद<br>3. ग्राम– बरवाडीह, पोस्ट–बरवाडीह , थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दोनो पैर के ठेहुना पर जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 315746 Home(23-24).D



## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

61वीं औपबंधिक सूची
जिला–पलामू

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री अजय बक्सराय एवं कबुतरी देवी द्वारा आयोग के माननीय सदस्यों के समक्ष दिये गये बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–90/23 2. आवेदक–सीता देवी , पति–धरनीधर सिंह<br>3. ग्राम–नवगड़ा , पोस्ट–नवगड़ा , थाना–विश्रामपुर , प्रखण्ड–विश्रामपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में तील। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–91/23 2. आवेदक–आनन्द कुमार सिंह , पिता–स्व0 महेन्द्र सिंह<br>3. ग्राम–लादी , पोस्ट–झरिवा , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–ऑख के उपर दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–92/23 2. आवेदक–तीर्थराज सिंह , पिता–स्व0 रामकेवल सिंह<br>3. ग्राम–नवगड़ा , पोस्ट–नवगड़ा , थाना–विश्रामपुर , प्रखण्ड–विश्रामपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने ऑख के उपर दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–93/23<br>2. आवेदक–धरनीधर सिंह , पिता–स्व0 रामकवल सिंह<br>3. ग्राम–नवगड़ा , पोस्ट–नवगड़ा , थाना–विश्रामपुर , प्रखण्ड–विश्रामपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–78 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– पार्टी बैठक पंजी में अंकित नाम के आधार पर। | |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–94/23<br>2. आवेदक–जितेन्द्र महतो , पिता–सुरेश महतो<br>3. ग्राम–बैदाकला , पोस्ट–बैदाकला , थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये ऑख के भौव पर कटा हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्द्रधन महतो एवं शंखनाथ सिंह द्वारा आयोग के माननीय सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज किये बयान के आधार पर। | |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–<br>2. आवेदक–गिरिजा महतो , पिता–स्व0 मोहित महतो<br>3. ग्राम–चेरी , पोस्ट–डबरा , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती पर सफेद दाग और तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–<br>2. आवेदक–जन्मेंजय प्रसाद , पिता–सुखदेव साव<br>3. ग्राम–लेस्लीगंज , पोस्ट–लेस्लीगंज , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–आंख की पुतली पर मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–<br>2. आवेदक–सुचित कुमार वर्मा , पिता–भोला राम<br>3. ग्राम–ढेला , पोस्ट–लेस्लीगंज , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–<br>2. आवेदक–नागेन्द्र कुमार महतो , पिता–विन्देश्वर महतो<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगबर , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–<br>2. आवेदक–अनिल सिंह , पिता–महेश्वरी सिंह<br>3. ग्राम–मटपुरही, पोखराहा कलां , पोस्ट–रजवाडीह , थाना–मेदिनीनगर , प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–<br>2. आवेदक–चन्द्रिका महतो , पिता–गोविन्द महतो<br>3. ग्राम–आसेहार , पोस्ट–पाँकी , थाना–पाँकी , प्रखण्ड–पाँकी<br>4. लिंग–पुरूष आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में दाग। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाशित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 315747Home(23-24)#D

## एक नजर

### एसडीओ ने तीन मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वैन को किया रवाना

**मेदिनीनगर।** आगामी लोकसभा निर्वाचन के लिये मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट के उपयोग के बारे में जागरूक करने सहित अधिकाधिक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अनुमण्डल परिसर में गुरुवार को ईवीएम-वीवीपैट प्रदर्शन सह डेमोंस्ट्रेशन केंद्र का उद्घाटन किया गया। इसके पश्चात सभी पदाधिकारियों व अपने कार्य को लेकर आये आमजनों ने मौके पर वोट देकर किसे वोट दिया इसकी जानकारी वीवीपैट में देखा। डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के लिये सदर अनुमंडल कार्यालय के परिसर में ईवीएम-वीवीपैट डेमोंस्ट्रेशन केंद्र का अधिष्ठापन किया गया है। इस दौरान एसडीओ सदर अनुराग तिवारी ने तीन जागरूकता मोबाईल वैन को रवाना किया।

### महासचिव ने कांग्रेस प्रदेश प्रभारी से की मुलाकात



**मेदिनीनगर।** कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विजय कुमार चौबे ने गुरुवार को रांची आगमन पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर से मुलाकात कर उन्हें प्रदेश के राजनीतिक हालात की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने श्री मीर को पलामू प्रमंडल की स्थिति से भी अवगत कराया। श्री चौबे ने बताया कि पूरे प्रदेश में केंद्र सरकार के विरुद्ध आक्रोश की स्थिति है। आगामी लोकसभा चुनाव में जनता सरकार बदलने का मन बना चुकी है।

### जदयू का कार्यकर्ता मिलन समारोह कल

**मेदिनीनगर।** जनता दल यूनाइटेड का कार्यकर्ता मिलन समारोह एवं प्रीतिभोज का आयोजन 13 जनवरी को डालमिया केंपस स्थित झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सुधा चौधरी के आवास पर किया जायेगा। जदयू के जिलाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया कि इस दौरान लोकसभा चुनाव को लेकर विचार-विमर्श किया जायेगा।

### कार्डधारियों के बीच चना दाल का वितरण

**विश्रामपुर।** नप के वार्ड 16 में गुरुवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना में शामिल परिवारों के बीच एक रुपए प्रति किलो की दर पर चना दाल का वितरण किया गया। इसकी शुरूवात विधायक के नप प्रतिनिधि राजन पांडेय,वार्ड पार्षद पूनम देवी,समाजसेवी विजय कुमार रवि व डीलर सुषमा देवी ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने कहा कि सरकार के सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंद तक हर हाल में पहुंचना चाहिये। योजना के तहत सभी राशन कार्डधारी अपने नजदीकी पीडीएस दुकान से दाल प्राप्त कर सकते हैं। डीलर ने बताया कि सभी 348 कार्डधारकों को प्रतिकार्ड एक रुपये की दर पर चना दाल और जनवरी माह का राशन भी दिया जा रहा है। मौके पर पिंटू चंद्रवंशी, असफाक अहमद, रंजीत चंद्रवंशी मौजूद थे।

---

#### जिला स्कूल प्रांगण में पुरुष व महिला वर्ग की प्रतियोगिता संपन्न

# वॉलीबाल प्रतियोगिता में सीआईएसएफ व गोड्डा ने जमाया खिताब पर कब्जा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के जिला स्कूल मैदान में आयोजित 23वीं जेसी बोस सीनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता (पुरुष) एवं महावीर उरांव सीनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता (महिला) में क्रमशः गोड्डा व सीआईएसएफ की टीमों ने खिताब पर कब्जा जमाया। महिला वर्ग के रोमांचक फाइनल मुकाबले में गोड्डा ने वेस्ट सिंहभूम को 25-17,18-25,19- 25,25-8,16-14 से एवं पुरुषों के एकतरफा खिताबी मुकाबले में सीआईएसएफ ने रांची को सीधे सेटों में 25-17, 25-11 और 25-17 के अंतर से मात दी। सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, डीएसपी सुरजीत कुमार, एसडीपीओ सुरजीत सिंह, आयोजन समिति के संरक्षक सुरेश जैन, सोनू सिंह नामधारी, मुमताज खान, वालीबॉल एसोसिएशन के प्रदेश सचिव शेखर बोस की गरिमामयी उपस्थिति में सीआईएसएफ व गोड्डा को विजेता की ट्राफी दी गई। रेफरी की भूमिका संजय गुप्ता, बसंत कुमार नायक, सतीश चौधरी, राहुल कुमार, धनुरंजन शर्मा, सुनील राय व हरेराम ने निभाई। आयोजन में समिति के सचिव दुर्गा प्रसाद जौहरी, मीडया प्रभारी नवीन तिवारी, सतीश तिवारी (ओम तिवारी), राजीव रंजन पाण्डेय, सुधीर दुबे, इम्तयाज अहमद नजमी, रुपा सिंह, मनोज जैन, ललन सिन्हा, सनत चटर्जी आदि ने प्रमुख भूमिका निभाई।



विजेता टीम को ट्रॉफी देते अतिथि

### अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराया फ्लिफकार्ट का पार्सल ट्रक

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के चियांकी हवाई अड्डे के पास गुरुवार की सुबह फ्लिफकार्ट का पार्सल ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गंभीर रूप से घायल ड्राइवर ट्रक के केबिन में ही फंसा गया। स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। टाइगर मोबाइल के जवानों के साथ मौके पर पहुंचे टीओपी-टू प्रभारी नबी अंसारी ने क्रेन,जेसीबी और गैस कटर मशीन की मदद से ट्रक में फंसे ड्राइवर को निकलवा कर उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजवाया। जहां इलाज के बाद भी ट्रक ड्राइवर की स्थिति गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी।

#### झामुमो ने धूमधाम से मनाया केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन का जन्मदिन

# झारखंडियों के दिलों पर राज करते हैं दिशोम गुरु

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झामुमो जिला इकाई द्वारा गुरुवार को पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन दिशोम गुरु का जन्म दिन धूमधाम से मनाया गया।

### तीन वर्गों में आयोजित मैराथन के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया

जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया। क्रीड़ा मोर्चा द्वारा जहां जिला कार्यालय से तीन किमी का मैराथन आयोजित किया गया। वहीं जिला समिति के तत्वावधान में केक काटकर मिष्ठान का वितरण किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने जरूरतमंदों के लिये 20 यूनिट रक्तदान किया। वहीं गरीबों व असहायों में कंबल भी वितरित किया गया। तीन वर्गों में आयोजित मैराथन के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। जिलाध्यक्ष श्री सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि दिशोम गुरु झारखंडियों के दिलों पर राज करते हैं। उन्हीं का देन है कि आज हम अलग झारखंड राज्य में सांस ले रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न आयोजनों के लिये युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सनी शुक्ला, सचिव आशुतोष विनायक, क्रीड़ा मोर्चा के अध्यक्ष सुमित वर्मन, सचिव दीपक तिवारी आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव सन्नू सिद्दीकी ने किया। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी, मुन्ना सिंह, मनोज गुप्ता, पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य देवेंद्र तिवारी, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला मिश्रा, राजिया नियाजी, मन्नत बग्गा आदि मौजूद रहे।



केक काटते जिला अध्यक्ष

---

#### पलामू सांसद वीडी राम ने सखी मंडलों के बीच किया 24 लाख रुपये के चेक का वितरण

# जन-जन को जागरुक करना विकसित भारत का उदेश्य

### बेलचम्पा में श्री अयोध्या धाम से कलश में आये पूजित अक्षत को जनता के बीच वितरित किया : सांसद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने गुरुवार को पलामू संसदीय क्षेत्र के गढ़वा जिले के ग्राम पंचायत बेलचम्पा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम का बतौर मुख्य अतिथि उद्घाटन किया। इस दौरान जेएसएलपीएस के माध्यम से सखी मंडलों के बीच 24 लाख रुपए का चेक वितरण करते हुये श्री राम पोषण अभियान कार्यक्रम के तहत गोदभराई कार्यक्रम में भी शामिल हुये। मौके पर सांसद ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के दोनों जिले पलामू एवं गढ़वा के सभी पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पोषण अभियान, जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना इत्यादि की समुचित जानकारी जनता को दी जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी को पहुंचाना और जागरूकता पैदा करना है। इस दौरान उन्होंने बेलचम्पा में श्री अयोध्या धाम से कलश में आये पूजित अक्षत को जनता के बीच वितरित किया। इसके अलावे उन्होंने गढ़वा प्रखंड के ग्राम गांगी में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता अरूण पाण्डेय के पिताजी के आकस्मिक निधन की सूचना पाकर उनके घर पहुंचे और शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। इसके पश्चात वे पलामू के रामगढ़ पहुंचे और यहां भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष शंभू पासवान के पिताजी के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल होकर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडेय, प्रफुल्ल सिंह, जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, रामसरिख चन्द्रा, मंडल अध्यक्ष अखिलेश तिवारी, सांसद प्रतिनिधि मिथिलेश तिवारी, अनुज पांडेय, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, गढ़वा प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार नरेंद्र, मुकेश चौबे, विजय चौबे, कामेश्वर सिंह एवं मुखिया सविता देवी उपस्थित थीं।



सखी मंडल को चेक देते सांसद

# क्षेत्र के विकास की दिशा में लगातार हो रहा काम : आलोक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने गुरुवार को चैनपुर प्रखंड के तलेया में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से बनने वाली दो सड़क निर्माण योजनाओं का शिलान्यास शिलापट्ट का अनावरण कर किया। मौके पर विधायक श्री चौरसिया ने कहा कि वे विधानसभा क्षेत्र के विकास की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। क्षेत्र की जनता की समस्याओं के समाधान को हमेशा प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि यहां की जर्जर सड़कों के कारण आवागमन दुभर हो गया था। ग्रामीणों के द्वारा लगातार सड़क बनवाने की मांग की जा रही थी। इस दौरान विधायक श्री चौरसिया ने सूरज पांडे के घर से चेड़ाबार भाया जय दुबे के घर तक पथ निर्माण और हरिहर प्रजापति के घर से वृंदावन तिवारी के घर तक भाया कुम्हार टोला पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर पूर्व ज़िला पार्षद संटू चौरसिया, उप प्रमुख सुनील सिंह,भीष्म चौरसिया, बबलू चौरसिया, जय दुबे, प्रेमलाल चौधरी ,नन्हक तिवारी, श्रवण ओझा, सिकेंद्र चौधरी, मनोज चौधरी, विरेंद्र दुबे, अमलेश चौरसिया उपस्थित थे।



उद्घाटन करते विधायक

---

# सीटी बजाओ-उपस्थिति बढ़ाओ शिक्षा के क्षेत्र में अनूठी पहल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सीटी बजाओ-उपस्थिति बढ़ाओ शिक्षा के क्षेत्र में अनूठी पहलहै। बच्चे देश के भविष्य हैं। शिक्षक बच्चों को विद्यालय से जोड़ें। भारत को विकसित करने में शिक्षकों का अहम योगदान है। उक्त बातें जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी ने सीटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम के शुभारंभ पर रा. उर्दू उत्क्र. मध्य विद्यालय बीएमसी नेउरा में कही। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों पर इसका अच्छा प्रभाव पड़ेगा और विद्यालय में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ेगी। मौके पर बीईईओ एचके तिवारी, जिला साहित्य समाज पुस्तकालय प्रभारी मनजीत कुमार, प्रधानाध्यापक एमजे अजहर, प्रबंधन समिति अध्यक्ष सरफुद्दीन अंसारी, सीआरपी विरेंद्र कुमार, बाल संसद प्रधानमंत्री सफीना खातून, मुसर्रत जहां, अलकमा खातून, रेणु कुमारी जायसवाल मौजूद रहीं। धन्यवाद ज्ञापन शमा परवीन ने किया।



अधिकारी का स्वागत करते शिक्षक

### भाकपा सचिव ने भू-अर्जन कार्यालय में सौंपा मांग पत्र

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने गुरुवार को भू-अर्जन कार्यालय में एनएच-75 निर्माण में गलत तरीके से एलपीसी जारी कर खतियानी रैयतों का मुआवजा दूसरे को दिये जाने को लेकर मांग पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि उपरोक्त खाता की भूमि आदिवासी एवं दलित खाता की भूमि है, लेकिन कर्मचारी द्वारा बिना स्थल निरीक्षण किये ही दूसरे के नाम एलपीसी जारी कर दिया गया है। यदि इस संबंध में तत्काल न्याय नहीं किया गया तो भाकपा एनएच-75 को जाम कर भू-अर्जन कार्यालय में भी तालाबंदी करने को बाध्य होगी।

#### नगर निगम के अभियान से कचहरी परिसर में विवाद की स्थिति

# वाहन चालकों से शूल्क वसूलने को लेकर तू-तू-मैं-मैं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कचहरी परिसर में आना अब वाहन चालकों को महंगा पड़ रहा है। नगर निगम द्वारा वाहन चालकों से की जा रही शूल्क वसूली से आये दिन तू-तू-मैं-मैं की स्थिति उत्पन्न हो रही है। पहले वाहन चालक परिसर में जहां -तहां वाहनों को खड़ा कर चले जाते थे। अब नगर निगम ने वाहन खड़ा करने पर शूल्क निर्धारित कर दिया है। गुरुवार को नगर निगम कर्मियों के द्वारा कचहरी परिसर में वाहन चालकों से शूल्क काटते समय तीखी बहस होने लगी। वाहन लेकर आये लोगों का कहना था कि पहले नगर निगम कचहरी परिसर में वाहन स्टैंड स्थापित करे। उसके बाद ही शुल्क वसूल करे। कचहरी परिसर में कहीं भी टैक्सी स्टैंड नहीं है। इसके बाद भी नगर निगम के कर्मी वाहन चालकों के पीछे शुल्क की पर्ची लेकर घूम रहे हैं। बेरोजगार मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि कई लोग कचहरी महज दो मिनट के काम के लिये आते हैं। सड़क किनारे वाहन खड़ा करने के बाद वे अपना काम निपटा कर चले जाते हैं। ऐसे में सभी वाहन चालकों से शूल्क लेना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। वहीं विकलांग संघ के उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने कहा कि पार्किंग स्टैंड रहने पर ही पार्किंग शुल्क की वसूली की जानी चाहिये। उन्होंने पूछा कि यदि सड़क किनारे खड़ी गाड़ी की चोरी होती है तो इसका जिम्मेदारी नगर निगम ले सकता है क्या। यदि नहीं तो बगैर वाहनों के स्टैण्ड में खड़ा किये कोई भी पर्ची नहीं काट सकता।



नगर निगम की पर्ची काटता युवक





---

#### ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच ने की बैठक

# अधिकार यात्रा के तैयारियों की समीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच के संयोजक मंडल कोर कमेटी की बैठक रेडमा दो नंबर टाउन में ब्रह्मदेव प्रसाद के आवास पर हुई। बैठक में एकता एवं अधिकार यात्रा अभियान सह महासम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा कर कार्यक्रम से संबंधित प्रचार पोस्टर, दीवाल लेखन, नुक्कड़ सभा की रूपरेखा तय की गई। तय किया गया कि आगामी 16 जनवरी को मेदिनीनगर स्थित गांधी स्मृति नगर भवन में स्थापित गांधी की प्रतिमा के समक्ष से रथ यात्रा की शुरूआत होगी। साथ ही गढ़वा में 18 जनवरी से यात्रा की शुरूआत होगी। यह यात्रा पलामू प्रमंडल के विभिन्न प्रखंडों -पंचायतों से होते हुए फरवरी माह में मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में आयोजित महासम्मेलन के साथ संपन्न होगी। यात्रा के दौरान पिछड़े वर्ग के लोगों की एकजुटता कायम करने के आह्वान के साथ महासम्मेलन के लिए आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में बृजनंदन मेहता ,युगल पाल, विनोद कुमार,रामदास साहू, राजेंद्र आदि उपस्थित थे।

#### जिला कार्यालय में धूमधाम से मना 45वां स्थापना दिवस

# सहकार भारती के महत्व को किया इंगित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सहकार भारती का 45वां स्थापना दिवस स्थानीय गणपति धर्मशाला रोड स्थित सहकार भारती जिला कार्यालय में गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुटुम्ब उद्बोधन प्रमुख महेश भारतीय, अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, सचिव सुषमा जी व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राधेश्याम जयसवाल के द्वारा संयुक्त रूप से सहकार भारती के संस्थापक लक्ष्मण राव इनामदार और भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में अरविंद कुमार सिंह ने सहकारिता के महत्व व उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यालय प्रमुख पूर्णिमा कुमारी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। मौके पर राजमुनि सिंह, धनंजय सिंह , पूनम देवी, रीना देवी, मंजू देवी, पूनम देवी, रूबी देवी, सरिता सिन्हा, अंजना देवी मौजूद रहीं।



स्थापना दिवस मनाते पदाधिकारी

### जब श्रीराम आ रहे हैं तो हनुमान भी आयेंगे

**मेदिनीनगर।** श्रीहनुमंत कथा समिति के पदाधिकारियों ने पलामू में बाबा बागेश्वर धाम के कार्यक्रम को लेकर आयोजित प्रशासनिक बैठक को महज औपचारिकता करार दिया। उन्होंने कहा कि जब जनवरी में अयोध्या में श्रीराम आ रहे हैं तो फरवरी में पलामू में वीर हनुमान अवश्य आयेंगे। कार्यक्रम की संयोजक अरुणा शंकर, हनुमन कथा समिति के सचिव दीना जी आदि ने कहा कि उन्हें उच्च न्यायालय पर पूरा भरोसा है। धर्म प्रेमियों को कोई भी सरकार कथा सुनने से वंचित नहीं कर सकती। हनुमान जी के परम भक्त बाबा बागेश्वर अवश्य पलामू आयेंगे।

---

## पहल

#### अमृत भारत योजना में शामिल स्टेशन का हो रहा कायाकल्प

# बदल रही है डालटनगंज रेलवे स्टेशन की सूरत







प्लेटफॉर्म पर चल रहा निर्माण

**स्वीटी वर्मा**

**मेदिनीनगर।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत भारत योजना में शामिल डालटनगंज रेलवे स्टेशन की शक्ल-सूरत बदल रही है। अब यात्रियों की सुविधा के लिए कई सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। दो बेड वाले विश्राम कक्ष की जहां चौड़ाई बढ़ाई जा रही है। वहीं वॉशरूम को और सुसज्जित किया जा रहा है। इसी तरह प्लेटफार्म नंबर एक पर प्रथम श्रेणी महिला प्रतीक्षालय को भी अद्यतन किया जा रहा है। साथ ही द्वितीय श्रेणी के प्रतीक्षालय को भी विस्तार दिया जा रहा है। अब इसमें एक साथ 200 से अधिक यात्री ठहरकर अपनी ट्रेन का इंतजार कर सकते हैं। इसके साथ ही पार्सल घर के आगे प्लेटफार्म नंबर एक चौड़ाई और बढ़ाई जा रही है। दिव्यांग व बुजुर्ग यात्रियों के लिए लिफ्ट लगाने की भी योजना तैयार की गयी है।

**आनलाइन होती है विश्राम कक्ष की बुकिंग :** डालटनगंज रेलवे स्टेशन के अधीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि स्टेशन पर स्थित विश्राम कक्ष की बुकिंग केवल ऑनलाइन ही होती है। जिस यात्री को यह विश्राम कक्ष चाहिए उन्हें अपने टिकट का पीएनआर नंबर ऑनलाइन देकर बुकिंग करनी है। इसका 24 घंटे का किराया एक यात्री का मात्र 100 रु. है। यात्री चाहे तो वो अपने ठहरने की अवधि को टिकट के आधार पर बढा भी सकते हैं।

### घायल की चौथे दिन भी नहीं हुई शिनाख्त

**मेदिनीनगर।** तीन दिन पहले ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो पाने से चिकित्सा कर्मियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। घायल का इलाज मेदिनीनगर सदर अस्पताल में चल रहा है। इस घटना के बारे में सदर अस्पताल के कर्मचारियों ने बताया कि तीन दिन पहले जीआरपी थाना की पुलिस के द्वारा गढ़वा रेलवे स्टेशन से इस अज्ञात व्यक्ति को घायलावस्था में लाकर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चौथे दिन भी कोई भी इसकी सुधि लेने नहीं आया है। बताया जाता है कि घायल सीमावर्ती यूपी के किसी जिले का निवासी है। किसी परिजन के अभी तक नहीं आने से कर्मियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोंटर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोंटर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### जिप सदस्य ने किया चहारदीवारी निर्माण का शिलान्यास

**केतार।** केतार बाजार स्थित मध्य विद्यालय का चारदीवारी निर्माण का शिलान्यास गुरुवार को जिला परिषद सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद ने नारियल फोड़कर किया। उक्त चारदीवारी का निर्माण विधायक मद की राशि 2 लाख रुपये से किया जायेगा। मौके पर जिप सदस्य ज्वाला प्रसाद ने कहा कि विद्यालय का चारदीवारी निर्माण नहीं होने से छात्र छात्राओं और शिक्षकों परेशानी होती थी। लेकिन अब परेशानी दूर हो जायेगी। जिप सदस्य ने गुणवत्तापूर्ण चारदीवारी निर्माण कराने का निर्देश दिया। इस मौके पर विनोद प्रसाद, अमरनाथ जयसवाल, मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, महादेव प्रसाद, शिक्षक संतोष ठाकुर, धनंजय पटेल, दिलीप जयसवाल मौजूद थे।

### अवैध रूप से बिजली जलाते चार को पकड़ा

**चिनिया।** बिजली विभाग के कनीय अभियंता दीपक कुमार ने चिनिया के विभिन्न गांवों में छापेमारी अभियान चलाकर अवैध रूप से बिजली जलाते मौके से चार लोगों को पकड़ा। सभी के ऊपर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिन लोगों को मौके से अवैध रूप से बिजली जलाते पकड़ा गया है उनमें डोल गांव निवासी बलवंत कुमार प्रजापति, देव प्रसाद गुप्ता, सकेंद्र प्रजापति, बिलैती खैर गांव निवासी भगत यादव शामिल हैं। छापेमारी अभियान में कनीय अभियंता दीपक कुमार,सिकंदर कुमार, सीमंत चंद्रवंशी, अनीरूध प्रसाद, जितेंद्र यादव शामिल थे।

### बाइक से टकराई नील गाय, सवार घायल

**भवनाथपुर।** श्री बंशीधर नगर मुख्य पथ के छहमाईलवा के समीप गुरुवार को भवनाथपुर अंचल अमीन जनार्धन महतो अपने बाइक से नील गाय के टकराने से गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें घायलावस्था में कर्मियों के द्वारा भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। आयुष चिकित्सक अभिनीत विश्वास के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। अमीन ने बताया कि बंशीधर नगर से भवनाथपुर अंचल आने के दौरान अचानक बाईक के सामने नील गाय दौड़ गया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई।

### रवि फसल पर किया गया कार्यशाला का आयोजन

**डंडई।** बीडीओ राहुल कुमार सानू की अध्यक्षता में गुरुवार को रवि फसल पर प्रखंड स्तरीय एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में आयोजित कार्यशाला में बीटीएम सत्येंद्र कुमार, सांसद प्रतिनिधि उत्तम देव प्रजापति, 20सूत्री अध्यक्ष कयामुद्दीन अंसारी, प्रमुख पति घुरविगन बैठा के साथ-साथ किसान मित्रों के अलावा बड़ी संख्या में प्रखंड के किसानों ने भाग लिया। बीटीएम सत्येंद्र कुमार के द्वारा रवि फसल की खेती करने की विधि के साथ-साथ उसकी पैदावार क्षमता बढ़ाने को लेकर किसानों को जानकारी दी गई। बीटीएम ने कहा कि किसी भी तरह की फसल का पैदावार क्षमता बढ़ाने के लिए खेतों की अच्छी तरह जुताई और पटाई करना अति आवश्यक है। सांसद प्रतिनिधि उत्तिम देव ने कहा कि आज के दिन में सबसे ज्यादा मुनाफा देने वाला खेती सिर्फ और सिर्फ मशरूम की खेती है। मशरूम की खेती में काफी कम पूंजी लगता है और उससे कई गुना मुनाफा किसान काम लेते हैं। मशरूम की खेती को लेकर जोर दिया गया।

**पीड़िताओं के तीखे सवाल :** क्या सरकार को हमारी कोई परवाह है? अगर परिवार के सदस्यों को उचित काम मिलता, तो क्या हमें ऊंची ब्याज दरों पर कर्ज लेना पड़ता?

# माइक्रोफाइनेंस संस्थानों के चंगुल में महिलाएं, हो रही हैं शोषण का शिकार

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

गरीब महिलाओं की मदद करने की आड़ में माइक्रोफाइनेंस संस्थानों (एमएफआई) ने साहूकारी की पुरानी व्यवस्था को फिर से शुरू कर दिया है। पलायन, सुखाड़ और बेरोजगारी के साथ-साथ धन की आवश्यकता कर्ज के लिए मजबूर कर देती है। माइक्रोफाइनेंस, मुख्य रूप से महिलाओं को ही कर्ज देते हैं। अधिकारियों को पता है कि कैसे माइक्रोफाइनेंस ने इन क्षेत्रों में अपनी दुकानें स्थापित की हैं, लेकिन इसे रोकने के लिए कुछ नहीं किया जा रहा है।

क्या एमएफआई से कर्ज लेने वाले परिवार इसके जाल से कभी नहीं बच सकते? इसके द्वारा सिर्फ महिलाओं को ही कर्ज क्यों दिया जाता है? पुरुष इस तरह के कर्ज पाने के हकदार क्यों नहीं हैं? इस कर्ज के बारे में ग्रामीण महिला और पुरुषों के द्वारा बताया गया कि हम जैसे गरीब लोगों के पास कोई विकल्प नहीं है। हमारे नियमित उपभोग और सामाजिक दायित्वों जैसे शादी-विवाह, चिकित्सा, त्योहारों और टूटे हुए घरों की मरम्मत के लिए हमें असुरक्षित लोन कौन देगा? क्या सरकार को हमारी कोई परवाह है? अगर हमारे परिवार के सदस्यों को उचित काम मिलता, तो क्या हमें ऊंची ब्याज दरों पर कर्ज लेना पड़ता? गीता देवी बताया कि उसने उत्कर्ष माइक्रोफाइनेंस संस्था से 70 हजार रुपये का कर्ज लिया हैं, जिसमें कुल 68000 रुपये मिले बाकी की राशि बीमा के रूप में काट ली गई थी। लोन की शर्तों के अनुसार, हर महीने भुगतान करती हूं, आधे से अधिक किस्तों का भुगतान कर चुकी हूं



लेकिन अब वह भुगतान करने में असमर्थ हैं। परवनता जो एक विधवा हैं, ने कहा कि कर्ज वसूलने वालों की कथित धमकियों के कारण उन्हें अपने छोटे छोटे बच्चों को छोड़कर अपना घर छोड़ना पड़ाता है। चंचला सिंह के द्वारा बताया गया कि लोन रिकवरी वालों की धमकियों और रात्रि में आकर तरह तरह कि बात करना, इससे एकदम तंग हो गयी हूं, यदि इसी प्रकार से प्रताड़ित किया जाता रहा तो सपरिवार आत्महत्या के सिवाय कोई समाधान नजर नहीं आता। इस संबंध में हम सभी प्रताड़ित महिलाओं नें रमना थाना को आवेदन देकर न्याय कि गुहार लगायी हूं, लेकिन पुलिस के द्वारा हमलोगों को ही बोला गया कि सभी एजेंटो को लेकर थाना आ जाओ। अन्य महिलाओं नें भी बताया कि समूह के सदस्यों को कथित तौर पर धमकी दी जाती है कि यदि एक सदस्य किश्तों का भुगतान करने में विफल रहता है, तो बाकी सभी के लोन (कर्ज) समाप्त कर दिए जाएंगे। इसके परिणामस्वरूप, जब समूह का कोई सदस्य किश्त चुकाने के लिए संघर्ष करता है, तो अन्य सदस्य अक्सर उसपर दबाव डालते हैं। इससे उनके आपसी संबंधों में खटास आ रही है। इसके अलावा, कर्ज लेने वालों के साथ कथित अमानवीय व्यवहार के कारण विनाशकारी स्थिति पैदा हुई है। क्षेत्र में कुछ महिलाओं ने कथित तौर पर आत्महत्या करने की भी कोशिश की है, जबकि कई फरार हैं। महिलाओं को कर्ज के चंगुल में फंसाए रखने के लिए एमएफआई ने एक और तरीका अपनाया है। पांच से सात किश्तों का भुगतान करने के बाद, महिलाओं को बताया जाता है कि वे फिर से लोन लेने के लिए पात्र हैं। पुराने कर्ज का पैसा काटकर नए का दोबारा बीमा कराने के बाद इन महिलाओं को नए कर्ज के तहत काफी कम पैसा दिया जाता है। इसके बाद महिलाओं को ऊंची ब्याज दर के साथ ज्यादा पैसा देने को मजबूर होना पड़ता है। कर्ज देते समय, लोन एजेंट बताते हैं कि किश्तों का भुगतान एक निश्चित दिन पर किया जाना चाहिए। वे चेतावनी देते हैं कि यदि किश्तों का भुगतान करने में विफल रहते हैं तो दया दया नहीं करेंगे।

# प्रखंड समन्वयक हत्याकांड के मामले में मुखिया पति गिरफ्तार

## साजिश रचने के आरोप में एक अन्य अपराधी भी दबोचा, कट्टा बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

पुलिस नगर उटारी के तुलसीदामर घाटी में प्रखंड समन्वयक सिराज अहमद की हत्या का षड्यंत्र रचने वाले फरठिया मुखिया पति सहनसा आलम और मुख़्तार अंसारी को गिरफ्तार किया है। उनके पास से कांड में प्रयुक्त मिट्टी से सना एक कट्टा भी बरामद किया गया है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने गुरुवार को अपने कार्यालय स्थित सभागार में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर दी।

उन्होंने बताया कि 14 जुलाई 2023 को गढ़वा थाना क्षेत्र के झलूआ गांव निवासी अब्दुल अजीज अंसारी का पुत्र व प्रखंड समन्वयक सिराज अहमद की नगर उतरी थाना क्षेत्र के तुलसीदामर घाटी में अज्ञात लोगों के द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना में मृतक के भाई इसरार अंसारी द्वारा नगर ऊंटरी थाने में आवेदन दिया गया था। इसके बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर नगर ऊंटरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया था। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा इस कांड के नामजद अभियुक्त फरठिया गांव निवासी नजीबुल्लाह अंसारी के पुत्र




टीपू सुल्तान, इमरान अंसारी तथा सुलेमान अंसारी को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि कांड में सलिप्त अन्य अपराधी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। इसी क्रम इस कांड में शामिल अपराधी मुख्तार अंसारी को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उसकी निशानदेही पर कांड में प्रयुक्त एक कट्टा बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि मुख्तार अंसारी के स्वीकारित बयान के आधार पर इस कांड में मुख्य षडयंत्रकर्ता शहंशाह आलम को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया उक्त घटना में दो लोग और शामिल हैं जिनमें एक पलामू जेल में बंद है। उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जायेगी। वहीं एक और अपराधी की गिरप्तारी के लिए छापमारी की जाएगी। प्रेस वार्ता में एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक जितेंद्र भगत, रंजन कुमार सिंह, चंद्रदेव कुमार, सहायक अवर निरीक्षक अभिमन्यु सिंह आदि शामिल थे।

**सड़क पर जाम व पुलिस पर पथराव :** वहीं फरठिया मुखिया पति शहंशाह आलम की गिरफ्तारी के विरोध में ग्रामीणों फरठिया मोड़ पर हंगामा करने लगे। इस दौरान गढ़वा-रेहला सड़क पूरी तरह से जाम कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं अज्ञात लोगों के खिलाफ भी प्राथमिकी गढ़वा थाने में कराई गई है। एसपी ने बताया कि जाम की सूचना पर गढ़वा पुलिस पहुंची तो उस पर प्रदर्शनकारियों ने पथराव कर दिया। इसमें कुछ पुलिस कर्मियों को चोट भी आई है।

**राजनीतिक साजिश का शिकार बनाया गया आलम को :** गढ़वा पुलिस द्वारा मुखिया पति शहंशाह आलम की गिरफ्तारी पर ग्रामीणों ने कहा कि आलम को एक साजिश के तहत फंसाया गया है। स्थानीय जनप्रतिनिधि के इशारे पर उनके कुछ चहेते लोगों ने झूठे केस में फंसाने का काम किया है। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक मुखिया पति को पुलिस प्रशासन द्वारा रिहा नहीं किया जाता तब तक वह सड़क पर प्रदर्शन करते रहेंगे। हालांकि कुछ देर बाद गढ़वा पुलिस दलबल के साथ वहां पहुंचकर शक्ति प्रदर्शन करते हुए सड़क से जाम को हटवाया।

**राजनीति का शिकार हुए हैं पति: मुखिया :** फरठिया मुखिया शगुफ्ता बीबी ने कहा कि उनके पति को राजनीति का शिकार बनाया गया है। उन्होंने कहा कि उनके पति किसी भी हत्या की साजिश में शामिल नहीं है। स्थानीय पुलिस ने स्थानीय जनप्रतिनिधि के इशारे पर झूठे मुकदमे में फंसाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मुझे कानून पर भरोसा है और मुझे उचित न्याय मिलेगा।

### 'ओबीसी समाज को विभिन्न अधिकारों से किया जा रहा वंचित'

**भवनाथपुर।** पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) एकता अधिकार मंच की बैठक भवनाथपुर शिव मंदिर प्रांगण में रामविचार साहू की अधक्षता में हुई। कार्यक्रम का संचालन बरूण बिहारी यादव ने किया। मौके पर गोरखनाथ चौधरी, सोनू गुप्ता, कोयल चंद्रवंशी, कपिल चन्द्रवंशी, अखिलेश विश्वकर्मा, सिकंदर मेहता, रमाकांत, नवनीत कुमार यादव, मनोज कुमार, मनोहर मेहता, धनजय मेहता, संजय रावत, अकबर अंसारी, कमलेश यादव, राजीव कुमार, आतिश शर्मा, महेश रावत, भगवान यादव, शोभनाथ पाल, महताब आलम, सुलतान अंसारी, रफी नेसार, राजेश्वर मिस्त्री, गोविंद कुमार गुप्ता, छोटन मेहता आदि उपस्थित थे। एकता मंच के संयोजक मंडल के सदस्य अजय वर्मा ने कहा कि आज हमारा समाज को अपने राजनीतिक, शैक्षणिक अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। अभी वर्तमान में निकाय चुनाव होने हैं जिसमें जनसंख्या के आधार पर हमारे समाज को भागीदारी देकर ही चुनाव कराया जाए। हमारे समाज को हिस्सेदारी नहीं दिया गया है। हमारी आबादी 65 प्रतिशत है यहां जातीय जनगणना राज्य सरकार को करना होगा। केंद्र की सरकार भी हमारी मांगों को अनदेखी कर रही है। 18 फरवरी को गढ़वा टाउन हाल के मैदान से ओबीसी एकता अधिकार यात्रा रथ रवाना किया जाएगा, जिसको समाज के लोगों के द्वारा हरी झंडी दिखाई जाएगी।

# प्रधानमंत्री सड़क का मार्ग बदले जाने से लोगों में रोष



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड के परसवान मुख्य पथ से सुंडी बहेरवा टोला तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनने वाली सड़क का ठिकेदार द्वारा मार्ग बदले जाने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। बहेरवा के ग्रामीण विश्वनाथ राम, सुबा राम, बुटन राम, श्याम किशोर सिंह, सूबेदार राम, नंदलाल भारती, कुंती देवी, अनिता देवी, भागमती देवी, सीमा देवी, देवंती देवी सहित दर्जनों महिला पुरुष ने बताया परसवान मुख्य पथ से सुंडी बहेरवा टोला तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत लगभग 5 करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण कार्य होना है।

इस सड़क का पलामू सांसद विष्णु दयाल राम तथा विधायक भानु प्रताप शाही के संयुक्त शिलान्यास ने किया है। शिलान्यास के बाद बहेरवा टोला के लोग काफी खुश थे। सड़क बन जाने से लोगो को आवागमन में सुविधा होगी। लेकिन ठिकेदार उक्त सड़क का निर्माण बहेरवा टोला तक नहीं करवा रहे है। जिससे ग्रामीणों में ठिकेदार के प्रति काफी नाराजगी है। जब हम लोग ठिकेदार से सड़क बनवाने के लिए बोले तो ठिकेदार के मुंशी बहेरवा टोला तक सड़क बनवाने से साफ मना कर दिया। सड़क नहीं रहने से हम लोगों को काफी परेशानी होती है। शादी विवाह तथा बारात में आने वाले वाहन घर से एक किलोमीटर दूर खड़ा करना पड़ता है। साथ ही टोला में किसी व्यक्ति को गंभीर बीमारी होने पर डोली खटोली से इलाज के लिए ले जाते है। सबसे ज्यादा परेशानी गर्भवती महिला को प्रसव के लिए सेंटर पर ले जाने में होती है। अगर सड़क का निर्माण नहीं कराया गया तो बाध्य होकर हम सभी ग्रामीण धरना प्रदर्शन करेंगे।

मैनेजर सड़क निर्माण फोटो सिंह ने इस संबंध में बताया कि सुंडी से बहेरवा टोला तक सड़क में स्थानीय लोगों का रैयती जमीन है। जो भू स्वामी जमीन देना नहीं चाहते हैं। इसकी वजह से सड़क नही बनवाया जा रहा है। अगर स्थानीय भू स्वामी सड़क के लिये जमीन दे तो सड़क बनवाया जायेगा।

### सिर्फ सरकारी तराजू से खाद्यान्न वितरण कराने की मांग

**डंडई।** जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों की हड़ताल समाप्त होते ही खाद्यान्न वितरण व्यवस्था में आवश्यक सुधार को लेकर प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष कयामुद्दीन अंसारी एवं डंडई पंचायत के मुखिया पति महेश्वर राम ने बुधवार देर शाम प्रभारी एमओ चुनाराम हेंब्रम से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। प्रखंड व पंचायत में खाद्यान्न वितरण व्यवस्था की उन्हें विशेष जानकारी दी। अंसारी ने बताया कि सरकारी तराजू के अलावा निजी तराजू से लाभुकों के बीच खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने एमओ से सिर्फ सरकारी तराजू के माध्यम लाभुकों के बीच खाद्यान्न वितरण कराने की मांग की। वहीं राम ने एमओ को बताया कि रारो पंचायत की तर्ज पर ही उसकी पंचायत में भी सिर्फ सरकारी तराजू के माध्यम से लाभुकों के बीच खाद्यान्न का वितरण कराया जाए। एमओ ने लाभुकों के बीच नियमों के अनुसार खाद्यान्न वितरण कराने का आश्वासन दिया।

# मेराल और खरौंधी में सीटी बजाओ स्कूल बुलाओ अभियान का आगाज

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल/खरौंधी**

प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों में गुरुवार को सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ अभियान कार्यक्रम कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अभियान को लेकर स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं ने गांव मुहल्ले में घूम-घूम कर सीटी बजाकर जागरूकता अभियान चलाया गया। वहीं मध्य विद्यालय हासनदाग में भी सिटी बजाओ स्कूल बुलाओ कार्यक्रम किया गया। मध्य विद्यालय हासनदाग के प्रधानाध्यापक पंकज द्विवेदी ने बताया कि इस कार्यक्रम की पहल स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग झारखंड सरकार द्वारा की गई है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को शत प्रतिशत उपस्थिति विद्यालय में सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि विद्यालय के पोषक क्षेत्र के बच्चों को समूह में बांटा गया है। प्रत्येक समूह में एक मॉनिटर नियुक्त किया गया है, जो सीटी बजाते हुए अपने गांव- मुहल्ला के बच्चों को स्कूल चलने के लिए प्रेरित करेंगे। वहीं इस अभियान से बच्चों के अभिभावक भी जागरूक होंगे। पहले बच्चों द्वारा गलत जानकारी या स्कूल बंद होने की जानकारी देकर स्कूल नहीं जाने का बहाना बनाया करते थे। अब सीटी बजते ही बच्चों के माता पिता यह समझ जाएंगे कि स्कूल खुला है और उन्हें अपने बच्चों को



समय पर तैयार कर स्कूल भेजना है। मौके पर मुखिया फुलमंती देवी, प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी, शिक्षक उपेंद्र समुद्वार, अजय सिंह, मुंद्रिका बैगा, सत्य प्रकाश चौबे, अजीत चौबे, शिवकुमार चौधरी, अखलेश चौबे, संयोजिका मंजू देवी, रजनीश चौबे शामिल थे।

**वहीं खरौंधी** प्रखंड के सभी विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ कार्यक्रम की शुरुआत गुरुवार को सभी विद्यालयों में की गई। प्रखंड के सभी 58 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सोशल मीडिया पर फोटो/वीडिओ अपलोड किया गया। बीपीएम नवीन प्रकाश ने बताया कि बच्चों ने ने गांव मुहल्ले में घूम- घूम कर सीटी बजाकर जागरूकता अभियान चलाया।

### उपमहानिरीक्षक ने किया सीआरपीएफ कैंपों का निरीक्षण

**गढ़वा।** सीआरपीएफ के उपमहानिरीक्षक एसडी पांडे ने भंडारिया के बूढ़ा पहाड़ स्थित विभिन्न सीआरपीएफ कैंपों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कैंपों की सुरक्षा, सीआरपीएफ का स्थानीय लोगों से तालमेल, सीआरपीएफ की ओर से स्थानीय लोगों को दी जाने वाली विभिन्न तरह की सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने बूढ़ा पहाड़ पर स्थानीय लोगों के पढ़ रहे बच्चों की जानकारी भी ली। स्थानीय बच्चों को गर्म कपड़ा भी मुहैया कराया। निरीक्षण के दौरान उपमहानिरीक्षक ने बूढ़ा पहाड़ पर सीआरपीएफ के पदाधिकारी एवं जवानों को 24 घंटे चौकन्ने रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आप सभी ने एक बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है, लेकिन अभी भी सीआरपीएफ की चुनौती खत्म नहीं हुई है। हमें नक्सलियों की हर गतिविधि पर नजर रखनी है। मौके पर सीआरपीएफ कमांडेड एनके सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी अमरेंद्र कुमार सिंह, कुलदीप कुमार नीरज कुमार आदि उपस्थित थे।

# दीपक चोर हूं, पकड़ कर दिखाओ

## दुकान में चोरी कर संचालक को लिखकर दे गए चुनौती

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

थाना क्षेत्र में एक अजीबोंगरीब चोरी की वारदात सामने आई है। डोल गांव निवासी दिनेश गुप्ता की मोबाइल दुकान खपरैल घर में डोल बाजार में स्थित है, जहां बुधवार रात अज्ञात चोर द्वारा दुकान के ऊपर खपरैल व बांसबली को हटाकर रस्सी के सहारे अंदर दुकान में घुसकर दुकान में रखें तीन जिओ कंपनी के मोबाइल फोन, 4 4जी मोबाइल मेमोरी कार्ड, टॉर्च, हेडफोन, ब्लूटूथ व दुकान में रखे ढाई हजार रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है।

खास बात यह रही की अज्ञात चोर जाते-जाते बैठने वाले टूल पर यह लिखकर गया कि मैं दीपक चिनियां का चोर हूं। मुझे पकड़ कर दिखाओ। भागते समय वह दुकान के पीछे अपने चप्पल को भी छोड़कर गया। इसकी सूचना आसपास के लोगों को मिली तो देखते ही देखते उक्त स्थल पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहीं भीड़ का फायदा उठाकर किसी ने चप्पल भी गायब कर दिया। लोगों ने यह अंदाजा लगाया कि चप्पल कोई और नहीं बल्कि वह अज्ञात चोर ही गायब किया है। वहीं चोरी की यह वारदात क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही चिनिया थाना प्रभारी राजवल्लभ कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर ांच में जुट गई है।





**खेलकूद** गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता (बालिका व सीनियर वर्ग)

# शांति निवास फाइनल व बीपीडीएवी सेमीफाइनल में

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में शांति निवास हाई स्कूल ने बालिका उच्च विद्यालय को रोमांचक मुकाबले में सात रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं सीनियर वर्ग में बीपीडीएवी ने आरके पब्लिक स्कूल को रोमांचक मुकाबले में छह रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बालिका वर्ग के पहले सेमीफाइनल में शांति निवास ने पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रुति और रिमझिम के 27 रन की बदौलत छह विकेट खोकर 86 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी बालिका उच्च विद्यालय की टीम की शांभवी के 33 रन की बदौलत 79 रन ही जुटा पाई। शांति निवास की ओर से श्रुति ने दो विकेट प्राप्त किये। सीनियर वर्ग



में बीपीडीएवी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रियांशु के 43 रन और तरुण के 23 रन की पारियों की मदद से निर्धारित ओवर में आठ विकेट खोकर 114 रन बनाए। आरके पब्लिक स्कूल की ओर से तन्मय ने दो विकेट हासिल किये। जवाबी पारी खेलने उतरी आरके पब्लिक स्कूल की टीम निर्धारित ओवर में छह विकेट खोकर 108 रन ही बना सकी। आरके पब्लिक स्कूल को अंतिम छह गेंद में 14 रन की जरूरत थी लेकिन आरके पब्लिक स्कूल के बल्लेबाज छह रन ही बना सके। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शांति निवास के श्रुति और बीपीडीएवी के प्रियांशु को गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह, प्रतियोगिता के सचिव आनंद सिन्हा, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, सियाराम शरण वर्मा, कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे ने प्रदान किया। मौके पर अभिषेक द्विवेदी अभय कुमार, नवनीत कुमार, दिव्य रंजन चौबे, मनीष उपाध्याय, रणजीत तिवारी मनीष, रोहन तिवारी, नैतिक, अनिल कुमार, धीरज, प्रिंस दुबे शामिल थे।

# झामुमो कार्यकर्ताओं ने शिबू सोरेन का जन्मदिन मनाया

**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़**

प्रखंड मुख्यालय स्थित बस पड़ाव के पास झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन 80वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर केक काटा गया और प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों के 35 गरीब एवं असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन मिंज, वरिष्ठ नेता फिलिप कुजूर, सुनील मींज, झामुमो प्रखंड कमेटी के सचिव अमानत अंसारी, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता, परसवार पंचायत के मुखिया जंगलपती लकड़ा, संदीप गुप्ता, सोमा टोप्पो, रिशु सोनी, संतोष यादव, सोपान कच्छप, नुरूल हक, अरूण प्रसाद, किनु किस्पोट्टा आदि उपस्थित थे।

### धूमधाम से दिशोम गुरु का जन्मदिन मनाया

**भवनाथपुर।** झामुमो कार्यकर्ताओं ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जन्मदिन गुरुवार को धूमधाम से मनाया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, दीपक वर्मा, शैलेंद्र यादव, मुन्ना यादव, शमशेर अंसारी, अजमुद्दीन अंसारी, विजय राउत, परमवीर पासवान, शशि यादव, विशंभर राम, अरुण पाठक मौजूद थे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का मनाया गया जन्मदिन

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र स्थित जंगीपुर ग्राम में देवी मंदिर के निकट कपूरी चौपाल में झारखंड प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का 66वां जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर पूर्वमंत्री रामचंद्र केशरी, कन्हैया चौबे, उमेंद्र यादव व विजय कुमार केशरी मुख्य रूप से मौजूद रहे। 200 गरीब, असहायों तथा दिव्यांगजनों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर सलीम अंसारी, नईम खलीफा, अनिल गुप्ता, राजेन्द्र सिंह, संतोष चौबे, उमेंद्र यादव, उमा शंकर कुमार, अश्विनी कुमार, सूरज गुप्ता, विश्वनाथ राम, सुनील कुमार, नंद किशोर प्रसाद, राम खेलावन राम, फुलेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### शिबू सोरेन का जन्मदिन मना

**पत्थलगडा/गिद्धौर।** पत्थलगड़ा व गिद्धौर प्रखंड में गुरुवार को जेएमएम कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 80 वां जन्मदिन मनाया। गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित मंजिल कोचिंग परिसर में शिबू सोरेन का केक काट कर व मिठाई बांटी गई। मौके पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष मनोज वर्मा, प्रखंड सचिव देवदीप कुमार, पंचायत अध्यक्ष अजय सोनी, संतन सोनी, देवनारायण दांगी, जयप्रकाश दागी, कांग्रेस अध्यक्ष महावीर दांगी, राजद प्रखंड अध्यक्ष रामदेव यादव, प्रसादी राणा, कार्तिक राणा, बंटू गुप्ता आदि उपस्थित थे। वहीं पत्थलगडा प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड अध्यक्ष सुधीर कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल दांगी, संतन कुमार दांगी, जानकी दांगी समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जितेंद्र जीतू बने अध्यक्ष

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को सार्वजनिक जन नायक कपूर्री संघ की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता भगवान ठाकुर तथा संचालन जितेंद्र कुमार जीतू ने किया। बैठक में आगामी 24 जनवरी को प्रखंड मुख्यालय में कपूर्री ठाकुर की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। कपूर्री नाई संघ का पुनर्गठन करते हुए जितेंद्र कुमार जीतू को अध्यक्ष, ननकू ठाकुर कोषाध्यक्ष, संजय ठाकुर व रामकुमार ठाकुर को उपाध्यक्ष, रामेश्वर ठाकुर को सचिव, प्रदीप ठाकुर सह कोषध्यक्ष, दीपक ठाकुर को सह सचिव बनाया गया।

### इको क्लब का गठन

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय तुरिसोत में इको क्लब का गठन किया गया। इस मौके पर चंदवा के प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्र, विद्यालय के प्रभारी विजय कुमार पासवान, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संजय गंझू आदि उपस्थित थे।

### वन भोज का आयोजन

**महुआडांड़।** सरना आदिवासी विकास एकता मंच के तत्वावधान में महुआडांड़ रेंज ऑफिस के समीप वन भोज का आयोजन किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य स्तेला नगेसिया, विनोद उरांव, सरना आदिवासी एकता विकास मंच के अध्यक्ष मंगल देव नगेसिया, सचिव मूले बैइगा, कुंवर मुंडा, प्रदीप उरांव, अनूप मुंडा, विनोद उरांव, विजय नगेसिया उपस्थित रहे।

### संघर्ष समिति की बैठक

**गिद्धौर।** सूर्य मंदिर परिसर में गुरुवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक हुई, जिसमें प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। मौके पर केंद्रीय पर्यवेक्षक सह प्रभारी उदय मेहता, बिहारी महतो व आजाद हुसैन, मुखिया निर्मला देवी, प्रसादी राणा, सोनू यादव, सत्येंद्र, पंकज दास, प्रेम राणा, अभिमन्यु, राजेश दंगी, सुनील यादव उपस्थित थे।

### कॉपी-किताब का वितरण

**मयूरहंड।** प्रखंड क्षेत्र के करमा बिरहोर टोला में गुरुवार को पिरामल फाउंडेशन के बैनर तले जिप सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी व मुखिया रामनाथ यादव ने लगभग दो दर्जन बिरहोर बच्चों के बीच कॉपी, कलम किताब व थाली का वितरण किया। मौके पर फाउंडेशन के ऋषभ, राखी, पुनम, पूजा, यशोदा, आशीष आदि मौजूद थे।

### कार्यक्रम का आयोजन

**मयूरहंड।** मयूरहंड व मंझगावा में गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें जिप सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, मुखिया मृदुला देवी, बीडीओ साकेत सिन्हा व विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह, पंसस एवं मंझगावा में श्याम सिंह, पंचायत सचिव सतीश मिश्रा, चंदन कुमार, दिलिप पाण्डेय आदि मौजूद थे।

पोप के राजदूत आर्च बिशप लियोपोल्डो व फेलिक्स ने रांची के महाधमाध्यक्ष के नियुक्ति पत्र को पढ़कर सुनाया

# डाल्टनगंज धर्मप्रांत के चौथे बिशप मस्कारेन्हास ने ग्रहण किया पदभार

### समारोह में एक कार्डिनल, चार आर्च बिशप व 25 बिशप उपस्थित रहे




**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
डाल्टनगंज धर्मप्रांत के महुआडांड़ माता पल्ली के संत जोसेफ गिरजाघर के मैदान में गुरुवार को नये बिशप की नियुक्त को लेकर समारोह का आयोजन किया गया। फादर दिलिप एक्का द्वारा सभी का स्वागत किया गया। नये बिशप की नियुक्त से पूर्व आर्च बिशप लियोपोल्डो जिरेली व आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो रांची के महा धमाध्यक्ष पोप द्वारा भेजे गए नियुक्त पत्र को पढ़कर सुनाया गया। इसके तुरंत बाद नये बिशप थियोडोर मस्कारेन्हास की ताजपोशी की गई। पदभार ग्रहण करते ही नये बिशप द्वारा मिस्सा पूजा संपन्न कराई गई।

मंच का संचालन कर रहे फादर अमित खाखा ने बताया कि नये बिशप थियोडोर मस्कारेन्हास को अंग्रेजी, इटालियन, जर्मन, फ्रेंच, हिंदी, पंजाबी और कोकणी भाषाएं आती हैं। वे बाइबिल के हिब्रू ग्रीक, सीरियाक, लैटिन और अरामी भाषाओं के ज्ञाता हैं। 24 अप्रैल 1988 को इनका फादर पुरोहिताभिषेके हुआ था। 8 दिसंबर 2022 को इन्हें डाल्टनगंज धर्मप्रांत के अपोस्टोलिक प्रेरितिक प्रशासक नियुक्त किया गया था। 7 जुलाई 2016 से डाल्टनगंज धर्मप्रांत में बिशप का पद खाली था। इस पद की स्थापना 5 जून 1971 में की गई थी। पोप के राजदूत आर्च बिशप लियोपोल्डो जिरेली अपने संदेश में कहा कि प्यार, अनुशासन, प्रेम, एकता ही समाज को आगे बढ़ाने में मदद करता है। नये बिशप थियोडोर मस्कारेन्हास की अगुवाई में सामाजिक विकास एवं आध्यात्मिकता की नई ऊंचाईयों को डाल्टनगंज धर्मप्रांत प्राप्त करेगा। नये बिशप ने उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद कहा। धन्यवाद ज्ञापन दक्षिणी भिखारिएट के डीन फादर मोरिस टोप्पो किया गया। इस कार्यक्रम में गोवा के कार्डिनल फिलिप मेरी सहित अन्य आर्चबिशप, बिशप, फादर, सिस्टरगण सहित मांडर विधायक नेहा तिर्की, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, पुलिस इंसपेक्टर धर्मदेव पासवान, बीडीओ अमरेन डांग के अलावे डाल्टनगंज धर्मप्रांत के 23 पारिष के महिला पुरूष संघ, कैथोलिक सभा सदस्य युवा युवती संघ एंव विभिन्न गांवों, शहर से भारी संख्या ईसाई समुदाय के भाई-बहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने महुआडांड़ पारिष कैथोलिक महिला-पुरुष, युवा युवती संघ के साथ-साथ एक्स आमी का सहयोग रहा। इस समारोह में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गये। इधर पोप के राजदूत आर्च बिशप लियोपोल्डो जिरेली व नये बिशप थियोडोर मस्कारेन्हास के हाथ को चुमकर कई विश्वासियों आशीर्वाद लिया। इस दौरान थाना प्रभारी आशुतोष यादव द्वारा सुरक्षा के इंतजाम किए हुए थे।

# विधायक ने 12 करोड़ की योजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**
सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में करीब 12 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया। इसमें कालीकरण सड़क मरम्मती, डीएमएफटी एवं विधायक मद की योजना शामिल है। बताया गया कि गिद्धौर मुख्य चौक से ब्रह्मपुर मोड़ तक कालीकरण सड़क, गांगपुर से मारंगी तक सड़क, पिंडारकोण से इचाक तक सड़क, भुइंया टोला से जरहा तक सड़क, लुबधिया से पिंडारकोण तक सड़क की मरम्मती, डीएमएफटी से बागेश्वरी मंदिर परिसर का सुंदरीकरण, चहारदीवारी एवं स्वच्छ पानी की व्यवस्था का निर्माण कार्य शामिल है। पांच सड़क की मरम्मती कार्य 9.77 करोड़ की लागत से कराई जा रही है, जबकि 72 लाख की लागत से बलबल परिसर की सुंदरीकरण कराया गया है। मौके पर मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुशवाहा, उपप्रमुख प्रीतम यादव, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष बबलू साव, किसान मोर्चा के सुनील राणा, ओबीसी मोर्चा के विकास कुमार, विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी, लखन दांगी, महामंत्री अशोक कुमार गुप्ता, राकेश गुप्ता हजारीबाग के ओबीसी मोर्चा प्रभारी बिंदेश्वरी यादव, प्रेमचंद यादव उपस्थित थे।

### मुरपा पंचायत अध्यक्ष राजू को बनाया गया

**बालूमाथ।** मुरपा पंचायत के चन्दली ग्राम में गुरुवार को अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति की बैठक प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र भुइयां की अध्यक्षता में हुई। इसमें सर्वसम्मति से समाज का मुरपा पंचायत अध्यक्ष राजू भुइया को बनाया गया। मौके पर तुलसी राम, रूपलाल भुइयां, प्रदीप भुइयां, जीतू भुइयां, कीनू भुइयां, प्रकाश भुइयां, जमुना भुइयां, राजेंद्र भुइयां, खेललाल भुइयां, धनेश्वर भुइयां, राज कुमार आदि मौजूद रहे।

# आवासीय विद्यालय में हुई वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
जिला मुख्यालय स्थित प्रोफेसर कालोनी स्थित इन्दिरा गांधी आवासीय विद्यालय में गुरुवार को वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। जलेबी रेस में प्रथम हिमांशु, द्वितीय आशीष व तृतीय अरनव पांडेय रहे। 100 मीटर दौड़ में प्रथम आदर्श, द्वितीय सोनाली व तृतीय अंजली, फ्रॉग रेस में प्रथम कुशाग्र, द्वितीय शौर्य पाठक व तृतीय आकाश, 200 मीटर बालिका ग्रुप में प्रथम समीक्षा, द्वितीय सुगंता व तृतीय दिव्या, शूज रेस में प्रथम सिखा, द्वितीय काजल व तृतीय शिवम, कब्बड़ी में इशिका ग्रुप प्रथम, अंगिरा ग्रुप द्वितीय व काजल ग्रुप को तृतीय स्थान के लिए चुना गया। इससे पहले प्रतियागिता का शुभारंभ प्रधानाध्यापक आनंद सिंह ने किया। मौके पर शाहनवाज आलम, पूनम सिंह, प्रज्ञा पाठक आदि मौजूद थे।

# परिवहन अधिकारियों को दिया चिन्हित स्थानों पर सड़क दुर्घटना रोकने का निर्देश

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। उपायुक्त लातेहार ने जिला परिवहन पदाधिकारी से ब्लैक स्पॉट (जहां विगत 3 वर्ष में 5 सड़क दुर्घटना हुई हो या 10 व्यक्तियों की मृत्यु हुई हो) तथा वलनरेबल प्लेस (जहां लगातार दुर्घटना हो रही हो) के बारे में जानकारी ली।

जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों में 2 ब्लैक स्पॉट एवं 13 वलनरेबल प्लेस चिन्हित किये गये हैं। उपायुक्त लातेहार ने उन स्थानों पर सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए साइनेज, रम्बल स्ट्रिप एवं कॉनवेक्स लेंस लगाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी से मोटर व्हीकल एक्ट के अनुपालन हेतु विगत माह चलाये गये वाहन जांच अभियान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि सड़क दुर्घटना रोकने के लिए ब्लैक स्पॉट एवं वलनरेबल प्लेस के आसपास वाहन जांच अभियान चलाया जाये। मोटर व्हीकल एक्ट के नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों, खतरनाक ढंग से तेज वाहन चलाने व्यक्तियों, शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कारवाई करें।

उपायुक्त लातेहार ने विगत जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिये गये निदेर्शों के अनुपालन के संबंध में जानकारी ली। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि नेतरहाट -बनारी पथ पर बॉक्साइट की ढुलाई करने वाले ट्रकों द्वारा तेज गति से वाहन परिचालन किया जाता है। उपायुक्त ने नेतरहाट -बनारी पथ पर वाहन जांच अभियान चलाकर मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने वाले ट्रक चालकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त लातेहार ने नगर पंचायत लातेहार क्षेत्र की सड़क में सब्जी बेचने वाले व्यक्तियों के लिए मंगल बाजार में स्थान की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उपायुक्त लातेहार ने इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटा बेस में सभी सड़क दुर्घटनाओं के सम्बन्ध में जानकारी, फोटोग्राफ इत्यादि ससमय इंट्री करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता अलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार मो. परवेज, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लातेहार संतोष कुमार मिश्रा एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### शिबू सोरेन के जन्मदिन पर मरीजों के बीच बांटे फल



**चंदवा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक सह प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के 80वें जन्मदिन पर गुरुवार को झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष नौशाद अंसारी के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों व कर्मियों के बीच नास्ता तथा फल, मिठाई का वितरण किया गया। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर नीलिमा कुमारी, डॉक्टर मनोज कुमार, डॉक्टर कंचन बाड़ा, बीपीएम मीरा केसरी, शामू अंसारी, महमूद अंसारी, रियाजुल अंसारी, मन्नवर अंसारी, सुदामा कुमार, अख्तर अंसारी, इम्तियाज अंसारी, स्वास्थ्य कर्मी रमेश राम, प्रवीण कुमार, अंजू सिन्हा, जयंती कुमारी, जोशीला लकड़ा आदि उपस्थित थे।

### ग्रामीणों के बीच किया गया उपयोगी वस्तुओं का वितरण

**लातेहार।** 11 वीं वाहिनी सीआरपीएफ गुरुवार को झारखंड राज्य के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र लातेहार जिले के गारु थाना के अंतर्गत सिविक एक्शन प्रोग्राम एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी, उप कमांडेंट आनंद झा एवं जीरा देवी जिला परिषद गारु द्वारा किया गया। ग्रामीणों को मच्छरदानी, दवाइयों, स्कूल बैग, ज्योमेट्री बॉक्स, नोट बुक, स्टेशनरी वस्तुओं का वितरण किया गया।

### कंबल का वितरण

**बारियातु।** आरजेडी प्रखंड अध्यक्ष लवकुश यादव ने गुरुवार को प्रखंड के सदर पंचायत बारियातू, साल्वे, इटके व अमरवाडीह पंचायत के विभिन्न गावों में 50 जरूरतमद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर सचिव संतोष यादव, पंचायत अध्यक्ष पवन यादव, रंजय राम आदि मौजूद रहे।

# अयोध्या से आए पूजित अक्षत और निमंत्रण पत्र का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
अयोध्या से आये हुए पूजित अक्षत और निमंत्रण पत्र को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, अखिल विद्यार्थी परिषद के तत्वाधान में वितरित किया गया। मौके पर सह खंड कार्यवाह रूपेंद्र जायसवाल, राम जानकी मंदिर के पुजारी भरत पांडे, सुलेखा जायसवाल, प्रियंका जायसवाल, अंदिता जायसवाल पुष्पा देवी, मंजू देवी, रिंकी देवी, अनिता देवी, भाजयुमो उपाध्यक्ष जितेश यादव, बृक्ष साहू, बजरंगी प्रसाद, गुड्डु साहू आदि मौजूद थे।

### पूजित अक्षत का वितरण

**बारियातु।** प्रखंड के गोनिया पंचायत अंतर्गत गड़गोमा ग्राम में विश्व हिंदू परिषद महामंत्री चंदन कुमार के नेतृत्व में घर-घर अक्षत, चित्र निमंत्रण पत्र का वितरण किया गया। इस दौरान अरविन्द प्रसाद गुड्डुल, जीतेन्द्र सिंह जीवन, अरुण साव, चन्दन कुमार साव, संतोष कुमार, रंजन प्रसाद, धीरज राणा, द्वारिका यादव, राजू विश्वकर्मा, विनय कुमार, विजय साव मुखिया रानो देवी, उप मुखिया अशोक ठाकुर, सामजीत गंझू आदि उपस्थित थे।

### चमातु ग्राम में कलश यात्रा निकालने का लिया गया निर्णय

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत चामातु ग्राम में आगामी 22 जनवरी को श्री राम मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकालने का निर्णय बैठक कर लिया गया। जिसकी जानकारी बालूमाथ उप प्रमुख कामेश्वर राम ने देते हुए बतलाया कि 22 जनवरी को गाजा बाजा के साथ भक्त गिरुवा वस्त्र धारण कर इस कार्यक्रम में शामिल होंगे जिसकी तैयारी पुरी की जा चुकी है। बैठक में तिरवेनी प्रसाद, खुसियाल साव, दामोदर साव, सुरेंद्र साव, विजय साव ,सिबनारायं यादव, बद्री प्रसाद, संतोष कुमार, विजय राम, जमुना राम, पूर्व उप मुखिया हिरामन प्रसाद आदि मौजूद थे।

### दिशोम गुरु के जन्मदिन पर कार्यक्रम का आयोजन

**बरवाडीह।** प्रखंड के छिपादोहर जमतिया विद्यालय में गुरुवार को दिशोम गुरु सह राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन जन्मदिन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। झामुमो वरिष्ठ नेता सह 20 सूत्री सदस्य शशि भूषण तिवारी के नेतृत्व में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी हरसू उरांव, झामुमो नेता देवनाथ सिंह खरवार, प्रखंड उपाध्यक्ष महबूब आलम, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश श्रीवास्तव, छिपादोहर पंचायत समिति सदस्य दिलीप सिंह खरवार, सदस्य भेंडर उरांव, कलयुग अंसारी, संगीता सिंह, पलीना कुजूर, हेलोरसिया कुजूर, फूलमनिया देवी आदि उपस्थित थे।

## समाहरणालय, गढ़वा
## (जिला भू-अर्जन शाखा)

–:आम सूचना:–

NH-75 (SEC-V) खजुरी से विढ़मगंज पथ चौड़ीकरण/फोरलेन निर्माण योजना में गढ़वा जिला अंतर्गत अंचल क्रमशः गढ़वा, मेराल, रमना एवं नगर उँटारी के कुल 37 ग्रामों में भूमि अधिग्रहण का कार्य प्रगति पर है। उक्त सभी संबंधित ग्रामों में मुआवजा भुगतान संबंधित कार्य किया जा रहा है। इस आम सूचना के माध्यम से उन सभी हितबद्ध रैयतों को सूचित किया जाता है कि वैसे रैयत जो अभी तक भूमि, भवन/संरचना के मुआवजा का भुगतान प्राप्त नहीं किये हैं वैसे सभी हितबद्ध रैयतों को निदेश दिया जाता है कि अविलंब अधिग्रहित भूमि पर से संरचना/मकान मुआवजा से संबंधित राजस्व कागजात राशि दिनांक 18.01.2024 तक अचूक रूप से जिला भू–अर्जन कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे, जिससे कि संबंधित रैयतों को मुआवजा का भुगतान ससमय किया जा सके। उपरोक्त समयाअवधि तक राजस्व कागजात यदि आपके द्वारा जिला भू–अर्जन कार्यालय में जमा नहीं होता है तो आपके मुआवजा की राशि को माननीय न्यायालय (L.A Court) में जमा करते हुए अधिग्रहित भूमि एवं संरचना को प्रशासन द्वारा किसी भी समय अतिक्रमण मुक्त कर दी जायेगी।

अतः सभी हितबद्ध रैयतों को निदेश दिया जाता है कि कि सूचना प्रकाशन की तिथि से अधिकतम एक सप्ताह के अंदर अपना संरचना स्वयं हटा लें। इसे सख्त ताकीद जानें। यह सूचना आज दिनांक 11.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मुहर से निर्गत किया गया।

समाहर्त्ता,
गढ़वा

PR 315785 Land Reforms(23-24).D

## कार्यालय नगर पंचायत, हरिहरगंज (पलामू)
E-mail:- np.hariharganj@gmail.com

|| आम सूचना || (2nd Call) (दर आमंत्रण सूचना)

नगरीय प्रशासन निदेशालय के पत्रांक– 1631 दिनांक– 16.10.2023 के निदेशानुसार भारत सरकार शहरी एवं आवासन कार्यामंत्रालय के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में लक्ष्य आवंटित किया गया है। जिसमें DAY-NULM के SMID घटक के तहत कुल 28 ऋण प्राप्त लाभुको को 06 छः दिवसीय गैर आवासीय EDP प्रशिक्षण दिया जाना है। इच्छुक ऐजेन्सी/एन0जी0ओ0/प्रशिक्षणप्रदाता संस्था इत्यादि दिनांक– 19.01.2024 को समय 01:00 अपराह्न तक नगर पंचायत हरिहरगंज नगरकार्यालय में अपना दर EDP प्रशिक्षण प्रति लाभुक एवं संबंधित दस्तावेजो बंद लिफाफे में पूर्ण पता एवं मोबाईल नम्बर के साथ जमा करना सुनिश्चित करेंगे। इच्छुक ऐजेन्सी/एन0जी0ओ0/प्रशिक्षण प्रदाता संस्था इत्यादि को बंद लिफाफे में निम्न दस्तावेज जमा करना होगा।

01. ऐजेन्सी/एन0जी0ओ0/प्रशिक्षण प्रदाता संस्था का पंजीकरण/Affiliation
02. Entrepreneurship Development/Traning Etc. का प्रशिक्षण देने का प्रयाप्त अनुभव हो।
03. अनुभव प्रमाण पत्र/ट्रेनिंग सर्टिफिकेट देय होगा।
04. ऐजेन्सी/एन0जी0ओ0/प्रशिक्षण प्रदाता संस्था के अधिनस्त कार्यरत ट्रेनर को EDP प्रशिक्षण का अनुभव एवं उसका प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
05. ऐजेन्सी/एन0जी0ओ0/प्रशिक्षण प्रदाता संस्था को नगर पंचायत हरिहरगंज क्षेत्रान्तर्गत प्रशिक्षण के लिए क्लास रूम (हावादार एवं रौशनी युक्त रूम, पीने का पानी एवं शौचालय) की व्यवस्था अपने स्तर से करना होगा।
06. ऐजेन्सी/एन0जी0ओ0/प्रशिक्षण प्रदाता संस्था को प्रत्येक प्रशिक्षनार्थी को प्रत्येक बैच में प्रत्येक दिन दो बार चाय, भोजन एवं शुद्ध पीने का पानी की व्यवस्था करनी होगी।
07. ऐजेन्सी/एन0जी0ओ0/प्रशिक्षण प्रदाता संस्था को स्टेशनरी किट (पेन, पेंसील, रबर, कटर, चार्टपेपर, स्केचपेन, डायरी/कॉपी इत्यादि) की व्यवस्था करनी होगी।
08. ऐजेन्सी/एन0जी0ओ0/प्रशिक्षण प्रदाता संस्था को प्रत्येक बैच में अधिकतम 19–20 प्रशिक्षनार्थीयों को प्रशिक्षण देना होगा।
09. ऐजेन्सी/एन0जी0ओ0/प्रशिक्षण प्रदाता संस्था को कार्य आवंटित करने, रद्द करने अथवा प्रशिक्षण प्रक्रिया इत्यादि में किसी भी प्रकार की परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
10. ऐजेन्सी/एन0जी0ओ0/प्रशिक्षण प्रदाता संस्था का PPT Presentation दिनांक 19.01.2024 को 03:00 बजे अपराह्न में किया जायेगा एवं उसके उपरांत चयन की प्रक्रिया की जायेगी।

अधिक जानकारी हेतु नगर पंचायत हरिहरगंज से सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, हरिहरगंज

PR 315791 District (23-24)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114 • Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

### द्वितीय शुद्धि-पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित अतिअल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**DWSD/GAR-20/2023-24, (1st Call)** दिनांक–25.11.2023, Construction of 1.35m. x 1.35 m. (02 Nos. Men and 02 Nos Women) Toilet with 02 Nos each (Men and Women) Urinal, Const. of 200 x150 mm dia & 200 mtr. depth HYDT, Soakpit etc. work **at** Brahmsthan Lagma, Garhwa जो PR No. 314418 Drinking Water and Sanitation (23-24)#D द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से, राशि, तिथि एवं समय में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| क्र0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित | संशोधित |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 14,69,905.00 | 14,68,837.00 |
| 2 | अग्रधन की राशि (रू0 में) | 30,000.00 | –वही– |
| 3 | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | 2500.00 | –वही– |
| 4 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 30.12.2023 को 12.30 बजे अपराह्न से | 11.01.2024 को 12.30 बजे अपराह्न से |
| 5 | निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 05.01.2024 को 05.00 बजे अपराह्न तक | 18.01.2024 को 05.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 05.01.2024 को 05.00 बजे अपराह्न तक | 18.01.2024 को 05.00 बजे अपराह्न तक |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 06.01.2024 को 05.00 बजे अपराह्न तक | 19.01.2024 को 05.00 बजे अपराह्न तक |

नोट – (i) शेष सभी शर्तें यथावत रहेगा।
(ii) यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा।
(iii) विशेष जानकारी हेतु कार्यालय के सूचना पट्ट से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
गढ़वा।

PR 315781 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

एचएमसी की बैठक | छाया रहा विकलांगता प्रमाणपत्र बनाने के नाम पर घूस का मामला

# जिप अध्यक्ष ने सिविल सर्जन को लगाई फटकार



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
सदर अस्पताल चतरा में अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक गुरुवार को संपन्न हुई। इसमें विकलांगता प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर घूस लेने का मामला छाया रहा। इस दौरान समिति ने सिविल सर्जन को रिश्वत लेने के आरोपी क्लर्क को 24 घंटे के अंदर कार्यमुक्त करने का निर्देश दिया।

इसके अलावा सदर अस्पताल में चलने वाले 108 एंबुलेंस द्वारा मरीजों के साथ स्वास्थ्य विभाग से भी पैसा लेने के मामले की जांच कराने का निर्णय लिया गया। वहीं अस्पताल की सफाई व्यवस्था को और दुरुस्त करने, अस्पताल परिसर में पौधा रोपण करने, पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए पीएचडी से कनेक्शन लेने, फोटो कॉपी आदि के बकाए का भुगतान करने सहित अन्य निर्णय लिए गए। बैठक में उपस्थित जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी ब उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने संयुक्त रूप से सिविल सर्जन को जमकर फटकार लगाते हुए व्यवस्था में सुधार लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी चिकित्सक पोस्टमार्टम ड्यूटी से आना कानी करता है तो उनके विरुद्ध कारवाई करें।

इसके साथ ही गत बैठक की कारवाई को सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। बैठक में एसडीओ सुरेंद्र उरांव, सिविल सर्जन डॉ. जगदीश प्रसाद, डीएस डॉ. मनीष लाल, वरीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.क्टर विजय अग्रवाल, रेड क्रॉस के सचिव धर्मेंद्र पाठक, मंत्री प्रतिनिधि हारून रशीद, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, अस्पताल मैनेजर कुश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर

**कुडू।** टाटी कैरो मुख्य पथ टाटी नर्सरी के समीप गुरुवार की दोपहर एक बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। हादसे में बाइक में सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आनन-फानन में स्थानीय लोगों द्वारा घायलों को कुडू अस्पताल पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों द्वारा दोनों को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।घायल युवकों की पहचान कुडू थाना क्षेत्र के सिंजो नावाटोली निवासी जितेंद्र उरांव और रमेश भगत के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार दोनो कुडू साप्ताहिक बाजार आरहे थे तभी टाटी नर्सरी के समीप उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गयी।

### जूतों का वितरण

**लोहरदगा।** वैदिक विश्व मंगल ट्रस्ट के तत्वाधान में ग्रामीण स्कूली बच्चों के बीच जूतों का वितरण किया गया। लोहरदगा के पेशरार प्रखंड में पहाड़ो में स्थित मुगो स्कूल के बच्चों के बीच जूते बांटे गए हैं। यह सब वितरण कार्य शीला गर्ग,कीर्ति गर्ग, विकास कुमार गर्ग राधिका और पुत्र-केशव गर्ग एवं गर्ग परिवार के सभी सदस्यों के सहयोग से किया गया है। इस पुण्य कार्य के प्रेरणा स्रोत आचार्य अशोक रहे है। जूता वितरण के मौके पर ट्रस्ट सदस्य रोहित साहू और आर्य समाज से निरज कुमार उपस्थित रहे।

### कांग्रेस पर जुबानी हमला

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह ने मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के भव्य मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी द्वारा नियत्रंण ठुकराये जाने की निंदा की है। भाजपा नेता ने कहा है कि कांग्रेस ने नैतिकता की सारी हदों को तिलांजलि दे दी है। इस निर्णय का भाजपा नेता राजमोहन राम, अजय पंकज, संजय बर्मन, दीपक सर्राफ, मिथुन तमेड़ा, शशिभुषण सिंह, मनीष शिखर, विश्वजीत शाहदेव, निधीकांत प्रसाद, अतुल कुमार ने भी भर्त्सना की है।

### 26 हजार जुर्माना वसूला

**सेन्हा।** थाना अनंतर्गत जोगना मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में हो रही वृद्धि को रोकने के उद्देश्य से सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिला सड़क परिवहन पदाधिकारी अमृतेश्वर गिरी ने जानकारी देते हुए बताया कि दर्जनों बाइक से लगभग 26 हजार जुर्माना वसूला गया। साथ ही मोटरसाइकिल चालकों को हेलमेट पहन कर वाहन चलाने का निर्देश दिया गया। चार पहिया वाहन के मालिकों को वाहन का कागज साथ में लेकर चलने के लिये सख्त हिदायत दी गई। मौके पर यातायात प्रभारी संतोष कुमार, गणेश कुमार यादव दल बल के साथ मौजूद थे।

### चित्रकला प्रतियोगिता

**लोहरदगा।** डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल के प्रांगण में स्वामी विवेकानंद जयंती चित्रकला का प्रतियोगिता हुई। इसमें लगभग 60 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। इसमें साना फिरदेश, सुशीला कुजुर और सानिया परवीन ने स्वामी विवेकानंद जी पर भाषण दी। निदेशक वी. के. बालाजिनप्पा ने विवेकानंद जी को भारत के इतिहास के पन्नो में ध्रुव तारा, देश प्रेम के वीर संयासी सनातन धर्म के धर्म गुरु बताते हुए उनका महत्वपूर्ण कार्य सिद्धान्तों और आज के पीढ़ियों का मार्ग दर्शन आदि विस्तार से बताया।

# झामुमो ने मरीजों के बीच फल व कंबल का वितरण कर मनाया दिशोम गुरु का जन्मदिन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष झारखंड अलग राज्य के नायक पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन का लोहरदगा झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के नेतृत्व में 80वां जन्मदिन काफी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने दिशोम गुरू शिबू सोरेन के जन्मदिन पर केक काटकर एवं सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाजरत मरीजों के बीच फल और कंबल वितरण कर लंबी उम्र की कामना किया गया।

मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के जननायक पार्टी सुप्रीमो दिशोम गुरू शिबू सोरेन के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर लोहरदगा जिला में झारखंड मुक्ति मोर्चा को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाई जाएगी। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरू शिबू सोरेन ने अलग राज्य के लिए लंबे समय तक आंदोलन जारी रखा तब जाकर झारखंड अलग राज्य का निर्माण हुआ। झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन ने झारखंड राज्य को अलग राज्य बनाए जाने और झारखंड वासियों को अपनी पहचान दिलाने को लेकर काफी संघर्ष किया। जिससे आज झारखंड अलग राज्य का निर्माण हुआ। उन्होंने कहा कि झारखंड



प्रदेश के निमार्ता दिशोम गुरू ने झारखंड वासियों को अपनी पहचान और हक अधिकार दिलाने में अहम भूमिका निभाने का कार्य कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि लोहरदगा जिला में पार्टी को मजबूती प्रदान करने में सभी कार्यकताओं की भूमिका सुनिश्चित हो ताकि लोहरदगा जिला के अंतिम व्यक्ति तक पार्टी की पहुंच और पार्टी के नीति सिद्धांतों से यहां के जनता जुड़कर राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का शत-प्रतिशत ससमय लाभ उठा सकें। जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि लोहरदगा जिला में झामुमो के अधीन किसान मोर्चा, क्रीड़ा विंग व अन्य मोर्चा का गठन बहुत जल्द कर लिया जाएगा एवं आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा लोहरदगा में पूरे दम-खम के साथ चुनावी मैदान में उतरकर पार्टी प्रत्याशी को विजयी दिलाने का कार्य कर दिखाएगी। उन्होंने कहा कि इसे लेकर आगामी फरवरी माह के पहले सप्ताह में लोहरदगा जिला में झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की जुटान होगी। झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने इसे लेकर पार्टी कार्यकताओं को अभी से ही तैयारी में जुट जाने की बात कही।

मौके पर केंद्रीय सदस्य समीद अंसारी, जिला सचिव अनिल उरांव, युवा जिलाध्यक्ष अजय उरांव, महिला जिलाध्यक्ष सरिता भगत, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष सतीम टोप्पो, अल्पसंख्यक जिला सचिव मंसूर अंसारी, भंडरा प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी, कुडू प्रखंड अध्यक्ष शंकर उरांव, सदर प्रखंड अध्यक्ष बुद्धिमान उरांव, सेन्हा प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर राम, अफरोज अंसारी, साकिर हुसैन अंसारी, इसरार अहमद, बालमुकुंद लोहरा, खुर्शीद अंसारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सोशल मीडिया पर सीटी बजाते हुए स्कूल आ रहे बच्चों का फोटो और वीडियो किया गया पोस्ट

# सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ व उपस्थिति बढ़ाओ अभियान शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य में शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित अनूठी पहल 'सीटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ' के व्यापक एवं सकारात्मक महाअभियान का आयोजन जिला अंतर्गत सभी विद्यालयों में आज दिनांक 11 जनवरी, 2024 को प्रातः 08.30 बजे से 09.30 बजे तक किया गया। सभी विद्यालयों में स्कूल आते हुए बच्चों का सीटी बजाता हुआ फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया।

इस सोशल मीडिया महाअभियान में जिले जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह- जिला शिक्षा अधीक्षक, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायकार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी, संकुल साधन सेवी, शिक्षक, छात्र छात्राये, अभिभावक आदि द्वारा भाग लिया गया। इस



महाअभियान में समाज के प्रबुद्धजन, मुखिया, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, नागरिको एवं जनप्रतिनिधियों आदि के द्वारा भी कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी गई। इनके अलावा सरस्वती वाहिनी के सदस्य एवं माता समिति के सदस्य भी इसमें शामिल हुए। सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ महाअभियान के संदर्भ में जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह- जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा अपरूपा पॉल चौधरी के निदेर्शानुसार आज जिले के विभिन्न विद्यालयों सोशल मीडिया महाअभियान का संचालन किया गया। सीटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ अभियान को सिमडेगा जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया था। उक्त जिले में इसके सकारात्मक परिणाम को देखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने पूरे राज्य में इस अभियान को 'सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ' अभियान के रूप में शुरू करने का निर्णय लिया।

इसी संदर्भ में लोहरदगा जिले में यह अभियान शुरू हो हुआ। जिसके परिणामस्वरूप स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति में आवश्यक रुप से बढ़ी है, साथ ही उनके अंदर नेतृत्व कौशल का भी विकास हो रहा है।

सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ अभियान के सीटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ अभियान के तर्ज पर ही निदेशानुसार पूरे जिले के विद्यालयों में शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत प्रतिदिन प्रातः स्कूल में हाउस के कैप्टन और क्लास मॉनिटर सीटी बजाते हुए अपने गांव, कस्बो, टोलो के बच्चो को स्कूल चलने के लिए प्रेरित करते है। सीटी बजते ही बच्चे स्कूल जाने के लिए तैयार हो जाते है और अपने सहपाठी के साथ स्कूल जाते हैं। इस अभियान से बच्चों के अभिभावक भी जागरूक हो रहे हैं। पहले बच्चों द्वारा गलत जानकारी या स्कूल बंद होने की जानकारी देकर स्कूल नहीं जाने का बहाना बनाया जाता था। अब सीटी बजते ही माता पिता यह समझ जाते हैं कि स्कूल खुला है और उन्हें अपने बच्चों को समय पर तैयार करके स्कूल भेजना है। इसका सकारात्मक प्रभाव छात्रोपस्थिति पर पड़ रहा है।

# अयोध्या से आए अक्षत का हुआ वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में जोरी पंचायत के नीचे टोली कुटमू में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता घर-घर जाकर अयोध्या से आए अक्षत और पत्रक देकर 22 तारीख को अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठाक कार्यक्रम को भव्य बनाने का आह्वान कर रहे हैं।

### पूजित अक्षत मिलना सौभाग्य की बात

जैसे-जैसे प्राण प्रतिष्ठा का दिन नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे हर एक गांव में राम भक्त घूम-घूम कर लोगों को बता रहे हैं कि 22 तारीख को प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में श्री राम मंदिर



का हो रहा है। शहरी क्षेत्र के बरवाटोली, मोटिया मोहल्ला, मधुबन टोली में अक्षत और श्री राम पत्रक लेकर आमंत्रण दिया गया।जिसमें योगी सेना के भोला साहू, पिंटू साहू, अनूप टेमेरा,पीयूष तेमेरा, रोहित यादव, संभव तमेरा, शशि कुमार, सुमित कुमार, अंगद कुमार, मिथुन तेमेरा, प्रवीण ठाकुर इत्यादि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इधर विश्व हिंदू परिषद के रामपुर पंचायत के अध्यक्ष विनीत कुमार साहू ने कहा पूरे भारत में सभी मंदिरों को उस दिन राम मंदिर के रूप में देखेंगे और सभी राम भक्त अपने-अपने क्षेत्र के मंदिरों को सफाई करके प्राण प्रतिष्ठा के दिन माहा आरती, भजन कीर्तन, पूजा पाठ करके मंदिरों में उत्साह बनाएंगे।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू।**
**समाहरणालय भवन ब्लाक सी0 कमरा सं0–9**
**ईमेल–jepcpalamau1@gmail.com**

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् रांची के पत्रांक QU/40/189/2022/3537 दिनांक 13.09.2023 के निदेशानुसार पलामू जिले के 03 CM SoE विद्यालय, 11 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, 04 ULB विद्यालय एवं 01 झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय तथा 18 आदर्श विद्यालय में अधिष्ठापित पुस्तकालय हेतु पुस्तकों का क्रय किया जाना है। इस निमित दिनांक 23–24 जनवरी 2024 को (दो दिवसीय पुस्तक मेला) जिला स्कूल मेदिनीनगर, पलामू के मैदान में पूर्वाह्न 10.30 बजे से पुस्तक मेला का आयोजन किया गया है। पुस्तक मेला हेतु महत्वपूर्ण पुस्तकों की सूची जिले के बेवसाईट www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

पुस्तक मेला में भाग लेने हेतु इच्छुक प्रकाशक अपनी सहमति पत्र एवं पुस्तकों की सूची झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, पलामू समाहरणालय भवन के ब्लॉक–सी0 के कमरा नं0 09 एवं कार्यालय E-mail jepcpalamau1@gmail.com पर दिनांक 18.01.2024 तक उपलब्ध करायेंगे तथा निर्धारित तिथि को आयोजित पुस्तक मेला में पुस्तकों के साथ भाग ले सकते है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू।

PR 315792 (District) 23-24 (D)


## मादा पशुओं में भी बांझपन होता है : सुशील प्रसाद

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के चितरी डाँडू पंचायत अन्तर्गत डाँडू ग्राम में आजादी के अमृत महोत्सव पर भारत सरकार के पशुपालन व डेयरी विभाग द्वारा राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के तत्वधान में पशुधन जागृति अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया.आयोजित शिविर में पशु चिकित्सा महाविद्यालय रांची के प्रचार्य अधिष्ठाता डॉ. सुशील प्रसाद,डॉ. बसंत कुमार, डॉ.थानेश उराव, डॉ. बच्चन कुमार, डॉ.उमेश कुमार उपस्थित थे। शिविर में पशुओं का बांझपन व गोबर जांच कर गोपालक किसानों के बीच मुफ्त में दवा वितरण किया गया। प्रचार्य डॉ. सुशील प्रसाद ने कहा कि जिस तरह आदमी में बांझपन की शिकायतें होती है। उसी तरह से गाय, भैस सहित अन्य मादा पशुओं में भी बांझपन की शिकायतें होती है। वही डॉ. बसंत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना भारत सरकार की है. इस योजना के अन्तर्गत देश के सभी आकांक्षी जिला में शिविर आयोजित कर कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिस निमित सभही जिला में दो दो बार कायोजन किया जाता है। मौके पर जिला पशुपालन पदाधिकारी श्रीकांत बरगूदे आदि उपस्थित थे।

## जन समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरेगी आजसू

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

आजसू पार्टी के जिले, प्रखंड एवं नगर के पदाधिकारी एवं युवाओं के साथ एक बैठक हुई। इस बैठक में सभी प्रखंडों एवं नगर के पदाधिकारी एवं युवा गण उपस्थित हुए. इस बैठक में मुख्य रूप से संगठन का विस्तार करने एवं जिले में व्याप्त जन समस्याओं पर विशेष चर्चा की गई। पदाधिकारियो एवं कार्यकताओं ने कहा कि शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है लेकिन इन समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। बैठक को केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत ने कहा की लगातार संगठन का विस्तार हम लोगों के द्वारा किया जा रहा है। आने वाले समय में पंचायत स्तर पर एवं ग्राम स्तर पर संगठन का और विस्तार किया जाएगा। जन समस्याओं को लेकर आजसू पार्टी अब सड़क पर उतरकर आंदोलन करने का कार्य करेगी। बैठक को केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव, पूर्व केंद्रीय सचिव कवलजीत सिंह केंद्रीय सदस्य परमेश्वर भगत जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष शाहिद अंसारी सहित अन्य लोगों ने कार्यकताओं को संबोधित किया। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता नगर अध्यक्ष अशोक साहू नगर कार्यकारी अध्यक्ष राजन मेहता, मीर आरिफ छोटू, गुड्डू प्रसाद गुप्ता प्रधान सचिव कुमार अभिषेक, आजसू के वरिष्ठ नेता इकरामुल अंसारी, कुडू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, साजिद कलाल, विजय उरांव, रमेश बैठा, भंडरा प्रखंड अध्यक्ष आकाश यादव, कैरो प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर उरांव, लोहरदगा प्रखंड अध्यक्ष रूपेश उरांव, किस्को प्रखंड अध्यक्ष शनिचरवा उरांव, पेसरार प्रखंड सचिव नागेंद्र उरांव, कृष्ण यादव सुधीर नगेसिया, जिला उपाध्यक्ष मुन्ना अग्रवाल, विजय कुमार, आयुष कुमार मेहता, आदित्य संजय कुजूर, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राजू उरांव, जिला प्रधान सचिव विलियम कुजूर, मुस्तफा अंसारी विजय साहू, जीतू सिंह, कबीर अंसारी, राहुल राजबाला, सागर वर्मा मनोज गुप्ता मना, प्रदीप नायक अभिषेक साहू, अजीत साहू, सनी अग्रवाल, हर्षित अग्रवाल, बिल्लू नायक, संतोष उरांव, सुनील अग्रवाल, संतोष कुमार, संजय सिंह, आनंद राम, संतोष राम जतरू मुंडा, मोहित शर्मा, आलोक मेहता, सनी साहू सोनू साहू, आयुष महतो, आकाश मेहता, उत्तम मेहता, तबारक अंसारी, साबिर अंसारी, राजकुमार साहू, कन्हाई यादव एवं महिला मोर्चा से सुनीता साहू हेमंती देवी सायरा बानो आदि मौजूद थे।

## अबुआ आवास योजना को लेकर की गई बैठक

**भंडरा।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुवा आवास योजना में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य गुरुवार को गडरपो पंचायत के धनामुंजी गांव में ग्राम प्रधान घरिया उरांव की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में मौजूद द्वारा ग्रामीण जनता को संयुक्त रूप से बताया कि सरकार के द्वारा वैसे लोगों को अबुआ आवास देने की योजना बनाई गई है। जिनका मिट्टी का मकान हो और गरीबी रेखा से नीचे अपना जीवन बसर कर रहा हो। बैठक में ग्रामीणों को संबोधित करते हुऐ ग्राम प्रधान ने कहा कि अबुवा आवास में ग्रामीण किसी भी दलाल के झांसे में ना आए । बैठक में ग्रामीणों में बिचौलियों द्वारा आवास योजना में पैसा लेने की बात कही गई। साथ ही योजना का लाभ जरूरत मंद को देने के उद्देश्य से गांव के योग लाभुको की सूची बनाकर बीडीओ को देने पर सहमति बनी। इस मौके पर ग्राम प्रधान घरिया उरांव, पहान बंधनू उरांव, पुजार सुरेंद्र उरांव, रामविलास उरांव, चुमनू, प्रभाकर, रमेश, मंकेश्वर, रोपो, गहुरा, जुराज, सुखों, शनिया, संदीप मौजूद थे।


**जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, पलामू**
**(जिला नजारत शाखा)**

**वाहन निलामी सूचना**

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि व्यवहार न्यायालय, पलामू के सरकारी वाहनों को रद्दीकृत किये गये वाहनों को निलामी दिनांक 01.02.2024 के पूर्वा0 11.00 बजे से अपर समाहर्त्ता कार्यालय परिसर पलामू में निर्धारित की गयी है। वाहनों की विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्रमांक | वाहन निबंधित संख्या | वाहन का मॉडल/ प्रकार | खरीदी का वर्ष | वाहन अवस्थित स्थल | तय की गई दूरी | निर्धारित मूल्य | रद्दीकरण के लिए अनुशंसा के कारण | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | BRO-5114 | Ambassador | 1987 | व्यवहार न्यायालय पलामू के आवासीय परिसर | 158806 | 25000 | मरम्मती अलाभकारी रद्दीकरण हेतु निर्धारित मापदण्डों को पुरा करती है। | रद्दीकरण के लिए अनुशंसित |
| 2 | BR15-5131 | Ambassador | 1995 | व्यवहार न्यायालय पलामू के आवासीय परिसर | 196888 | 25000 | मरम्मती अलाभकारी रद्दीकरण हेतु निर्धारित मापदण्डों को पुरा करती है। | रद्दीकरण के लिए अनुशंसित |
| 3 | BR15-5132 | Ambassador | 1995 | व्यवहार न्यायालय पलामू के आवासीय परिसर | 186325 | 25000 | मरम्मती अलाभकारी रद्दीकरण हेतु निर्धारित मापदण्डों को पुरा करती है। | रद्दीकरण के लिए अनुशंसित |
| 4 | BR15-5337 | Ambassador | 1996 | व्यवहार न्यायालय पलामू के आवासीय परिसर | 167396 | 25000 | मरम्मती अलाभकारी रद्दीकरण हेतु निर्धारित मापदण्डों को पुरा करती है। | रद्दीकरण के लिए अनुशंसित |
| 5 | BR15-5543 | Ambassador | 1996 | व्यवहार न्यायालय पलामू के आवासीय परिसर | 197126 | 25000 | मरम्मती अलाभकारी रद्दीकरण हेतु निर्धारित मापदण्डों को पुरा करती है। | रद्दीकरण के लिए अनुशंसित |
| 6 | BR15-4805 | Ambassador | 1996 | व्यवहार न्यायालय पलामू के आवासीय परिसर | 191248 | 25000 | मरम्मती अलाभकारी रद्दीकरण हेतु निर्धारित मापदण्डों को पुरा करती है। | रद्दीकरण के लिए अनुशंसित |
| 7 | JH03A-1956 | Ambassador | 2002 | व्यवहार न्यायालय पलामू के आवासीय परिसर | 153307 | 30000 | मरम्मती अलाभकारी रद्दीकरण हेतु निर्धारित मापदण्डों को पुरा करती है। | रद्दीकरण के लिए अनुशंसित |
| 8 | JH03A-1957 | Ambassador | 2002 | व्यवहार न्यायालय पलामू के आवासीय परिसर | 136514 | 30000 | मरम्मती अलाभकारी रद्दीकरण हेतु निर्धारित मापदण्डों को पुरा करती है। | रद्दीकरण के लिए अनुशंसित |
| 9 | JH03A-1958 | Ambassador | 2002 | व्यवहार न्यायालय पलामू के आवासीय परिसर | 134203 | 30000 | मरम्मती अलाभकारी रद्दीकरण हेतु निर्धारित मापदण्डों को पुरा करती है। | रद्दीकरण के लिए अनुशंसित |
| 10 | JH03E-7012 | Ambassador | 2012 | व्यवहार न्यायालय पलामू के आवासीय परिसर | 20338 | 30000 | मरम्मती अलाभकारी रद्दीकरण हेतु निर्धारित मापदण्डों को पुरा करती है। | रद्दीकरण के लिए अनुशंसित |

उपरोक्त सरकारी वाहन जेल आवासीय परिसर, जज कॉलोनी परिसर में उपलब्ध है। कोई भी इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस में आकर भौतिक रूप से देख सकते है। यह निलामी दिनांक 01.02.2024 को अपर समाहर्त्ता, पलामू के परिसर में 11.00 बजे निर्धारित कि गयी है।

1. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए नियम एवं शर्ते :–
   (क) सभी गाड़ियां जिस अवस्था में खड़ी है उसी अवस्था में गाड़ियों की निलामी की जाएगी।
   (ख) जिस गाड़ी का रोड टैक्स जमा नहीं है, क्रेता द्वारा आगे का टैक्स भरना है।
   (ग) प्रत्येक वाहनों पर बोली लगाने वाले व्यक्तियों को 5,000/– (पॉच हजार) रूपया की दर से बैंकड्राफ्ट उपायुक्त, पलामू के पदनाम से जिला नजारत शाखा, पलामू में जमा करना होगा।
2. दिनांक 31.01.2024 के अपराहन् 03.00 बजे तक अर्नेस्ट मनी जमा करने वाले व्यक्ति ही निलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।
3. उच्चतम बोली बोलने वाले को एक सप्ताह के अन्दर पुरी राशि जमा कर गाड़ी उठा ले जाना होगा अन्यथा उसका अर्नेस्ट मनी जप्त किया जायेगा।
4. उच्चतम बोली बोलने वाले व्यक्तियों के अतिरिक्त अन्य व्यक्तियों का जमा अर्नेस्ट मनी उसी दिन निलामी प्रक्रिया के बाद वापस कर दिया जायेगा।
5. निलामी की तिथि को रदद करने, स्थगित करने या इसकी प्रक्रिया में किसी प्रकार का फेरबदल करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
6. वाहन का पुनः निबंधन नहीं किया जाएगा।
7. निलामी का आधार वाहन जो जहॉ है, जैसा है होगा। भौतिक रूप से उपलब्ध वाहन की स्थिति या वाहन का कागजात जिस स्थिति में होगा उसी में देय होगा। इसके विरूद्व किसी प्रकार का दावा नहीं किया जा सकेगा।
8. गाड़ी बिकने पर खरीदार को स्वयं उठाने की व्यवस्थ करनी होगी।

अपर समाहर्त्ता,
पलामू।

PR 315776 (District) 23-24 (D)


## खेलकूद

### एसपी हैरिस बिन जमां ने कराटे खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया

# लगन, मेहनत व समर्पण से जरूर मिलती है सफलता

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

प्रखंड के रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी के पांच खिलाड़ी शुक्रवार को महाराष्ट्र के औरंगाबाद में इंडिया मॉर्शल आर्ट शोतोकान कराटे डू फेडरेशन के सौजन्य से आयोजित कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए रवाना होंगे। विद्यालय के कराटे खिलाड़ियों का दल प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी के नेतृत्व में लोहरदगा जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक हैरिस बिन जमां से मिलकर आशीर्वाद लिया।


पुलिस अधीक्षक हैरिस बिन जमां ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर



उनकी हौसला अफजाई की। निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा देते हुए उन्होंने कहा कि जीत-हार खेल के दो पहलू हैं। अपनी ओर से पूरी लगन, मेहनत और समर्पण हो तो एक दिन सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि आप बेहतर प्रदर्शन करें, हम सम्मानित कर आपका हौसला बढ़ायेंगे। अपने कार्यालय कक्ष में बच्चों से मिलकर जिला शिक्षा पदाधिकारी काफी प्रसन्न हुईं और उनके कुशलतापूर्वक यात्रा के साथ चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि लोहरदगा जिले के सरकारी विद्यालयों के बच्चों में प्रतिभा कूट-कूट कर भरी हुई है। हम सदैव बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत हैं। खेल हो या शिक्षा किसी भी क्षेत्र में बच्चों को आगे बढ़ाकर उनके उज्जवल भविष्य निर्माण के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

इस मौके पर प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अम्बूज्या पांडे, एपीएम दीपक झा, अभियंता रघुनंदन उरांव, कराटे कोच देवंती कुमारी, विनय कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# रील्स का 'खूनी नशा', अवैध संबंध और पति का मर्डर



गला दबाकर की गई महेश्वर की हत्या

**एजेंसी। समस्तीपुर/बेगूसराय** बेगुसराय की रानी भारत उन लाखों नौजवानों में से एक है, जिन्हें रील्स बनाना और बनवाना पसंद था। रील्स की बदौलत ही सोशल मीडिया में उसके फॉलोअर्स की तादाद भी लगातार बढ़ती जा रही थी। इस क्रम में वह अन्य लड़कों के संपर्क में आई। कहा जाता है कि शहजाद नामक लड़के से उसका प्रेम संबंध चल रहा था। रानी के पति महेश्वर राय ने उसे लड़कों से दोस्ती रखने व रील्स बनाने से रोकने की कोशिश की, तो रानी ने अपने प्रेमी शहजाद और घरवालों के साथ साजिश रचकर रविवार को 25 वर्षीय महेश्वर की चुन्नी से गला घोंटकर हत्या कर दी। महेश्वर से 7 साल पहले उसकी लव मैरिज हुई थी। महेश्वर रविवार की रात करीब 9 बजे अपने ससुराल गया था। करीब डेढ़ घंटे बाद रात करीब साढ़े दस बजे उसके भाई रुदल ने उसे कोलकाता से फोन किया, लेकिन जब महेश्वर का फोन नहीं उठा, तो उसने अपने पिता को इसकी सूचना दी। जिसके बाद रात को ही उसके पिता बेटे के ससुराल पहुंचे तो उन्हें बेटे की लाश संदिग्ध हालत में पड़ी हुई मिली। लाश को देखने से शक हो रहा था कि उसकी गला दबा कर हत्या की है। बेटे की लाश मिलने पर महेश्वर के पिता ने पुलिस को खबर दी। पुलिस मौके पर पहुंची और उसने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

## अयोध्या-अहमदाबाद के बीच विमान सेवा शुरू

**नई दिल्ली/लखनऊ।** अयोध्या-अहमदाबाद के बीच गुरुवार को विमान सेवा का शुभारंभ किया गया। अहमदाबाद से इंडिगो की पहली फ्लाइट को केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नई दिल्ली से वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ स्थित सरकारी आवास से वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे। दोनों शहरों के बीच यह विमान सेवा सप्ताह में तीन दिन मिलेगी। इस अवसर पर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंत्रालय में पत्रकारों से कहा कि आगामी 22 जनवरी को रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की न केवल 140 करोड़ भारतीयों बल्कि विदेशों में भी बड़ी प्रतीक्षा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भव्य एवं नव्य अयोध्या बनाई है। उनके सहयोग से ही महज 20 महीने में यह एयरपोर्ट बन सका। इतनी कम अवधि में हवाईअड्डा बनना एक रिकॉर्ड है। अहमदाबाद और अयोध्या के बीच इंडिगों की फ्लाइट सेवा के शुभारंभ पर सभी को बधाई देते हुए सिंधिया ने कहा कि इस फ्लाइट के जरिए वाइब्रेंट गुजरात और आध्यात्मिक अयोध्या का संगम हो रहा है।

## गया में 40 लाख की हेरोइन बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार, एक पुलिस को चकमा देकर फरार

**गया।** पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बोधगया थाना क्षेत्र से पुलिस ने हेरोइन के दो तस्करों की गिरफ्तारी की है। इन दो तस्करों के पास से हेरोईन की बड़ी खेप बरामद की गई है। टेक्निकल सेल और बोधगया थाना की पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दोनों तस्करों को गिरफ्तार करते हुए हेरोइन की बरामदगी की गई। पुलिस के अनुसार गया पुलिस पूर्ण नशाबंदी को लेकर कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में सूचना मिली थी, कि बोधगया थाना अंतर्गत प्रोजेक्ट कन्या हाई स्कूल के समीप हेरोइन की खरीद-बिक्री के लिए कुछ तस्कर इकट्ठा हो रहे हैं। सूचना मिलने के बाद टेक्निकल सेल और बोधगया पुलिस को मिलाकर विशेष टीम का गठन किया गया। इसके बाद चिन्हित स्थान पर छापेमारी की गई। पुलिस की टीम जब छापेमारी करने को पहुंची, तो हेरोइन के जुटे तीन तस्कर मौके से भागने लगे। पुलिस ने खदेड़कर दो की गिरफ्तारी कर ली। वहीं, एक भाग निकलने में कामयाब रहा। मौके से गिरफ्तार दो तस्करों की तलाशी ली गई, तो उनके पास से 530 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया। वहीं सेंपल का एक पुड़िया हेरोइन का बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार तस्करों से पूछताछ की गई। इस क्रम में सामने आया है, कि बरामद हेरोइन का अनुमानित मूल्य बाजारों में 30 से 40 लाख रुपए के करीब है।

## केंद्रीय मंत्री प्रमाणिक की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री और भाजपा सांसद निसिथ प्रमाणिक द्वारा 2018 के हत्या के प्रयास के एक मामले में अग्रिम जमानत की मांग करने वाली याचिका पर पश्चिम बंगाल सरकार से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने मामले में नोटिस जारी किया और याचिका पर सुनवाई की तारीख 12 जनवरी तय की।इससे पहले प्रमाणिक की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता पी.एस. पटवालिया ने कहा कि गिरफ्तारी की आशंका है क्योंकि मामले में 5 मार्च 2023 को वारंट जारी किया गया है। प्रमाणिक द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका में कहा गया है कि उन्हें लापरवाही से एक आरोपी के रूप में नामित किया गया है, उनके खिलाफ एक भी आरोप नहीं है। वकील सिद्धेश शिरीष कोटवाल के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि जांच के दौरान भी, याचिकाकर्ता को कथित अपराध से जोड़ने के लिए कोई सबूत नहीं मिला है।

## परीक्षक के विवादित उत्तर के मामले में छात्र को पूरे अंक पाने का अधिकार : दिल्ली हाई कोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि यदि परीक्षक टिक मार्क लगाने के बाद भी सही उत्तर इंगित करने में असफल रहता है तो छात्र को पूरे अंक दिए जाने चाहिए। न्यायमूर्ति सी. हरि शंकर ने कहा कि परीक्षक की गलती की सजा छात्र को नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्र संदेह का लाभ पाने का हकदार है। अदालत ने स्पष्ट किया कि परीक्षक द्वारा की गई किसी भी त्रुटि के बावजूद, जब तक उत्तर पुस्तिका स्पष्ट रूप से उत्तर को गलत नहीं बताती, तब तक छात्र को प्रश्न के लिए आवंटित अंक प्राप्त होने चाहिए। यह सुनिश्चित करने के महत्व की ओर इशारा करते हुए कि छात्र को किसी परीक्षक की गलती के लिए दंडित नहीं किया जाए, न्यायमूर्ति शंकर ने कहा, छात्र को परिणाम भुगतने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। अदालत ने 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के भूगोल के पेपर में एक छात्रा को पूरे अंक दिए।

## चुनाव आयोग ने बंगाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर दैनिक रिपोर्ट मंगवाई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय को अब राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर भारतीय निर्वाचन आयोग को दैनिक रिपोर्ट भेजनी होगी। सीईओ कार्यालय के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि आयोग के शीर्ष अधिकारी राज्य के हर कोने में कानून-व्यवस्था की सामान्य स्थिति में उल्लंघन के हर मामले की जानकारी चाहते हैं, जिसका संकलन इस वर्ष निर्धारित आगामी लोकसभा चुनावों के दौरान सुरक्षा-व्यवस्था तैयार करने में काम आएगा। दैनिक रिपोर्ट में, अन्य बातों के अलावा, कानून-व्यवस्था के उल्लंघन पर मीडिया रिपोर्ट भी संलग्न करनी होगी। इसके अलावा राज्य सीईओ कार्यालय को कुछ अन्य विषयों पर भी आयोग को नियमित रिपोर्ट भेजनी होगी। इनमें संशोधित मतदाता सूची, फर्जी और मृत मतदाताओं की पहचान, डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्र, इस संबंध में विभिन्न राजनीतिक दलों का अवलोकन, राज्य में उपलब्ध इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों और वीवीपीएटीएस की स्थिति आदि का विवरण शामिल है। सीईओ कार्यालय के एक अंदरूनी सूत्र ने कहा कि हालांकि किसी भी चुनाव से पहले लगातार रिपोर्ट मांगना एक आम बात है, लेकिन इस बार यह प्रक्रिया चुनाव से काफी पहले शुरू हो गई है।

## बिहार में स्कॉर्पियो ने दुकान में मारी टक्कर, चार घायल, लोगों ने गाड़ी में लगाई आग

हाजीपुर। बिहार के वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने एक गुमटीनुमा दुकान में टक्कर मार दी, जिससे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से आक्रोशित लोगों ने स्कॉर्पियो को आग के हवाले कर दिया। पुलिस के मुताबिक, हाजीपुर-महनार मुख्य सड़क मार्ग पर चेचर चौक के पास अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने एक गुमटीनुमा दुकान में टक्कर मार दी। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए बिदुपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने स्कॉर्पियो को आग के हवाले कर दिया।

---

### झारखण्ड सरकार
### कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला।

SP आवास के पास, करमटोली रोड, गुमला–7209721521

Email Id- fisheriesgumla2018@gmail.com

**रद्द–पत्र सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 12.01.2024 को वित्तीय वर्ष 2023–24 में मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजनान्तर्गत नए रंगीन मछली पालन योजना हेतु महिला मत्स्य कृषकों को सामग्री (KIT) आपूर्ति हेतु विज्ञापन संख्या PR.NO.315109 Fish(23-24):D द्वारा स्थानीय समाचार पत्र में अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण की गई थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से रद्द की जाती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला

PR 315732 Fish(23-24)D

---

### OFFICE ZILA PARISHAD, PALAMU
Email :- zilaparishad.palamu@gmail.com

**Short Notice Inviting Tender Expression of Interest (EOI)**

**No- 11/ CEOZP / 2023-24**

Tenders are invited frominterested AWBI / recognized NGOs / Animal Welfare Organizations for conducting Animal Birth Control and Anti Rabies Vaccination of stray dogs in various 6 blocks (Panki, NIlamber-Pitamberpur, Chhatarpur, Patan, Bishrampur and Satbarwa) in ZilaParishad area Palamu.

| Sl. No. | Name of Work | Cost of Tender Fee (Non refundable) | EMD in form of DD | Tender submission Date | Bid Opening Date | Date of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender for the award of contract for conductingAnimal Birth Control and Anti Rabies Vaccination of stray dogs in various blocks in zilaparishad area Palamu for 03 Year. | 10,000/- | 1,00,000/- | from 13.01.2024 to 01.02.2024 03:00P.M. | 02.02.2024 | 3 Years |

A) **Following are the work to be carried out by the selected Agency / NGOs / Company**
1. Scanned copy of Affidavit **Annexure-I**
2. Scanned copy of proof of recognition with Animal Welfare Board of India.
3. Scanned copy of Audited Balance Sheet for last 3 financialyears.
4. Scanned copy of firm's PAN
5. The bidder must have at least two permission for running dog birth control programme in Jhakrhand State (work order copy to be attached.)

B) **The Agency NGO Company should have enough organisational set up and work force to carry out the above services.**

C) **interested agency / NGO / should fully understand the importance and depth of the work assigned before applying.**

Note :-
1. Cost of tenders and EMD should be in form DD in favour of Secretary Zila Parishad, Palamu and payable at Medininagar.
2. Work will be awarded after Technical, Financial and final presentation (PPT)
3. Affidavit (ANNEXURE-I), Detaild Terms and condition (ANNEXURE-II) and further detail can be seen on Notice board of ZilaParishad Office and Palamunic website:- www.palamu.nic.in

Sd/-
DDC -Cum - CEO
Zila Parishad, Palamu

PR 315805 District (23-24)_D

---

### कार्यालय नगर परिषद्, गुमला

पत्रांक– ................... दिनांक– .......................

**अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर परिषद्, गुमला अन्तर्गत DAY-NULM के SHG/SEP घटक के तहत ऋण प्राप्त लाभुकों को 06 दिवसीय EDP (Entrepreneurship Development Programme) के प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति Entrepreneurship Development/Training Management Educational/ Institutions Engaged in EDP Training से निबंधित एजेंसी भाग ले सकते है।
1. विज्ञापन दाता का नामः–प्रशासक, नगर परिषद्, गुमला।
2. आवेदन प्राप्ति की तिथि समय एवं स्थानः–दिनांक 20.01.2024, समय 2:00 बजे तक नगर परिषद्, गुमला।
3. आवेदन खोलने का तिथि समय एवं स्थानः– दिनांक 20.01.2024, समय 3:00 बजे तक नगर परिषद्, गुमला।

| घटक | कुल लाभुकों की संख्या | प्रशिक्षण सामग्री | प्रशिक्षण दर (प्रति लाभुक) विभाग द्वारा अनुमोदित | प्रशिक्षण पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| SEP & SHG Credit Linkage | 121 | Folder, Pen, Note-Pad, Brochure, Lunch, Tea, Certificate etc. | 385/Per Day | 18 दिन |

**नियम एवं शर्तेंः–**
1. आवेदन मुहरबंद लिफाफे में देना होगा, जो एक ही लिफाफे में होगा।
2. EDP प्रशिक्षण देने वाली संस्थानों का चयन प्रक्रिया में उनके अनुभव के आधार पर प्राथमिकता दी जाएगी।
3. प्रशिक्षण के दौरान अग्रिम राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा।
4. प्रशिक्षण हेतु फोल्डर, नोट पैड, नास्ता, चाय, पानी, खाना एवं अन्य प्रशिक्षण से संबंधित सामग्री उपस्थिति पंजी आदि की उपलब्धता संस्थाओं द्वारा अपने खर्च से की जाएगी।
5. EDP प्रशिक्षण देने का अनुभव प्रमाण पत्र, EDP के प्रशिक्षण हेतु सरकार द्वारा अधिकृत/निबंधित संबंधित प्रमाण पत्र, GST निबंधन, IT Return देना अनिवार्य है तथा "किसी सरकारी संस्थान से Black Listed / Debarred नहीं है" का शपथ पत्र संलग्न करना होगा।
6. इच्छा की अभिव्यक्ति के साथ सभी प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. किसी भी समय इच्छा की अभिव्यक्ति को रद्द करने का अधिकार प्रशासक, नगर परिषद्, गुमला। को सुरक्षित रहेगा।

प्रशासक,
नगर परिषद्, गुमला

PR 315729 District(23-24).D

---

### कार्यालयः- नगर पंचायत मझिआँव
E-mail :- nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तिय वर्ष 2023–24 तक में कुल–25 होल्डिंग धारकों द्वारा टैक्स का भुगतान नही करने पर नगर पंचायत मझिआँव द्वारा द्वितीय नोटिस के माध्यम से सूचित करने के बावजूद भी बकाया होल्डिंग टैक्स जमा नही किया गया है। साथ ही इसे तृतीय नोटिस के रूप में प्रकाशित की जा रही है। वैसे होल्डिंगधारक 07 (सात) दिनों के अंदर कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव के जन सुविधा केन्द्र में आकर अपना होल्डिंग टैक्स भुगतान करना सुनिश्चित करें, अन्यथा झारखण्ड नगर पालिका अधिनियम के धारा 184 के क्रम संख्या–16.1 के तहत आपके बैंक खाता को फ्रिज करने की कार्रवाई की जायेगी। बकायादार होल्डिंग धारकों की विवरणी निम्न प्रकार हैः–

| Sr No. | Demand No | Ward No | Holding No | Owner Name | Property Address | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NOTICE179973 | 4 | 0040000019000A1 | UPENDRA MEHTA | GAHERI | 18768.00 |
| 2 | NOTICE179969 | 7 | 0070000242000X1 | Narayan prasad rajak | MAIN ROAD | 20127.00 |
| 3 | NOTICE179970 | 5 | 0050000147000X4 | MINA DEVI | Main road | 9027.00 |
| 4 | NOTICE179972 | 7 | 0070000450000X1 | SRIJAN SELF SUPPORTING SO | MANJHION KALA | 18583.00 |
| 5 | NOTICE179980 | 7 | 0060000404000M0 | Basmati Devi | Raisuaa | 13787.00 |
| 6 | NOTICE179979 | 7 | 0070000143000X3 | USHMAN AHAMAD SIDDIQI | MANJHION KALA | 5611.00 |
| 7 | NOTICE179990 | 7 | 0070000311000A1 | INDRADEO RAM | MANJHION KALA | 11577.00 |
| 8 | NOTICE179991 | 7 | 0070000331000A1 | SHIV NATH PRASAD | MANJHION KALA | 10888.00 |
| 9 | NOTICE179985 | 3 | 0030000024000X1 | NAGENDRA PRASAD SINGH | CHANDRI | 10807.00 |
| 10 | NOTICE180026 | 6 | 0060000361000A4 | RAMESH CHAUHAN | MANJHIAON | 7538.00 |
| 11 | NOTICE180005 | 7 | 0070000205000X3 | SADRUDDIN AHAMAD | MANJHION KALA | 6442.00 |
| 12 | NOTICE180001 | 7 | 0070000043000D1 | GULSHAN ARA | MAJHIAON KALA | 9885.00 |
| 13 | NOTICE179992 | 3 | 0030000401000M0 | GITA DEVI | PIRITHBICHAK | 11223.00 |
| 14 | NOTICE180003 | 9 | 0090000304000A8 | KAMLA DEVI, | AAMAR | 9689.00 |
| 15 | NOTICE179983 | 7 | 0070000200000X1 | SATENDRA PRASAD JAISWAL | MANJHIAON | 10679.00 |
| 16 | NOTICE179997 | 7 | 0070000104000M0 | MOKHATAR KUWAR | RAISUA | 9313.00 |
| 17 | NOTICE180013 | 5 | 0050000026000A1 | SAYAM LAL RAM | PIRTIVI CHAK | 8936.00 |
| 18 | NOTICE180015 | 5 | 0050000169000A4 | NAGENDAR RAM | MANJHIAON | 8909.00 |
| 19 | NOTICE179987 | 7 | 0070000041000A1 | MEENA DEVI | MAJHIAON, | 10484.00 |
| 20 | NOTICE180006 | 8 | 0080000228000M0 | ASPATI KUNWAR, Ramchand | Bakoiya | 8542.00 |
| 21 | NOTICE180022 | 12 | 0120000316000M0 | SUNDARKALI KUNWAR | KHAJURI | 7793.00 |
| 22 | NOTICE180009 | 10 | 0100000081000A1 | AJAD ANSARI | Bhusua | 9010.00 |
| 23 | NOTICE180011 | 5 | 0050000298700M0 | HIRMATI DEVI | PIRITHBICHAK | 8211.00 |
| 24 | NOTICE180016 | 1 | 0010000224000A3 | RAMCHANDRA THAKUR | AKHOURI TALHE | 8496.00 |
| 25 | NOTICE179989 | 7 | 0070000075000X2 | JANESHWAR SHARMA | MANJHION KALA | 9671.00 |

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिआँव

PR 315721 Urban Development(23-24).D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 27 / 2023–24**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 20.01.2024 के 1.00 बजे अपराहृण तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 22.01.2024 के 3.00 बजे अपराहृण तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 22.01.2024 के 3.30 बजे अपराहृण तक।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 राँची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Construction of DMFT Store Cum Record Room at Latehar | 10,0 3,300 /- | 20 500/ - | 2500 /- | 02 (Two )Month s |
| 2 | Renovation of Deputy Commissioner Residence-Cum-Office Building Latehar | 24,98,300/ - | 50000/ - | 5000/ - | 02 (Two) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR 315807 Building(23-24).D

---

### कार्यालय : जिला पशुपालन पदाधिकारी, लातेहार

**मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 2023–24 अन्तर्गत अंतिम रूप से चयनित लाभुकों से लाभुक अंशदान की राशि जमा करने हेतु अपील**

सरकार के सचिव कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के राज्यादेश संख्या– 10 रा० (वि०) दिनांक– 14.06.2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023–24 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत पशुपालन प्रक्षेत्र की विभिन्न योजनाओं के लिए लातेहार जिला के योग्य लाभुकों का चयन जिला स्तरीय समिति से किया गया है।

जैसा की आप सभी लाभुक अवगत है कि योजनान्तर्गत चयनित प्रत्येक लाभुकों का Escrow/ Dedicated Bank Account खोला जायेगा एवं अनुदान की राशि Escrow/ Dedicated Bank Account में ही हस्तांतरित की जाएगी। अंतिम रूप से चयनित लाभुक भी अपना अंशदान उक्त Escrow/ Dedicated Bank Account में 01 (एक) माह के अन्दर अनिवार्य रूप से जमा करेंगे। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरांत ही अनुदान की राशि लाभुक के बैंक खाता में हस्तांतरित किया जायेगा।

अंतिम रूप से चयनित लाभुकों को एस्क्रों खाता खुलवाकर लाभुक अंशदान की राशि जमा करने हेतु विभिन्न माध्यमों से बार–बार सूचित किया जा रहा है बावजुद दो माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अधिकांशतः लाभुकों के द्वारा **Escrow/ Dedicated Bank Account** नहीं खुलवाया गया है एवं लाभुक अंशदान की राशि जमा नहीं की गई है।

अतः वैसे लाभुकों को अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि दिनांक– 15.01.2024 तक Escrow/ Dedicated Bank Account खुलवाकर लाभुक अंशदान की राशि जमा करना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि तक लाभुक अंशदान की राशि जमा नहीं होने पर आपकी आहर्त्ता समाप्त समझी जाएगी एवं आपके स्थान पर प्रतीक्षारत लाभुक को लाभांवित किया जायेगा। 90/75% आहर्त्ता वाले लाभुकों द्वारा योजनावार जमा की जाने वाली लाभुक अंशदान से संबंधित विवरण निम्नवत है :–

| क्र. सं. | योजना का नाम | ईकाई लागत | सरकारी अनुदान की राशि | | लाभुक द्वारा जमा की जाने वाली लाभुक अंशदान की राशि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 90% | 75% | 10% | 25% |
| 1 | बतख चूजा वितरण योजना (15 चूजा) | 1700 | 1530 | 1275 | **170** | **425** |
| 2 | बकरा विकास योजना (4+1) | 24800 | 22320 | 18600 | **2480** | **6200** |
| 3 | सूकर विकास योजना (4+1) | 57800 | 52020 | 43350 | **5780** | **14450** |
| 4 | 400 बैकयार्ड लेयर कुक्कुट योजना (लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन) | 118200 | 106380 | 88650 | **11820** | **29550** |
| 5 | ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना (500 चूजा) | 67500 | 60750 | 50625 | **6750** | **16875** |

नोट :– अधिक जानकारी जिला पशुपालन कार्यालय / प्रखंड पशुपालन कार्यालय / प्रथम वर्गीय पशुचिकित्सालय से प्राप्त किया जा सकता है।

निवेदक :–
जिला पशुपालन पदाधिकारी, लातेहार

PR 315797 Animal Husbandry (23-24)_D

---

### झारखण्ड सरकार
### खान एवं भूतत्व विभाग
### जिला खनन कार्यालय, लातेहार।
e-mail- dmo-latehar@jharkhandmail.gov.in

**-:: आम सूचना ::-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार जिला के लातेहार वन प्रमण्डल के बालूमाथ/रिचुघुटा/मनिका/लातेहार एवं चन्दवा वन क्षेत्र अंतर्गत में निम्नांकित मात्रा में जप्त भण्डारित लघु खनिज यथा पत्थर (पत्थर चिप्स)/मेटल एवं बालू खनिज का झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली 2017, 2019 के नियम–54 A के तहत् निम्नांकित वन क्षेत्र अंतर्गत स्थल पर भण्डारित पत्थर एवं बालू खनिज का आम नीलामी उपायुक्त, लातेहार के आदेश, दिनांक–19.12.2023 के आलोक में अपर समाहर्त्ता, लातेहार की अध्यक्षता में दिनांक–20.01.2024 को समय–11:00 बजे पूर्वाहन् में जिला समाहरणालय स्थित सभागार कक्ष में सम्पन्न की जायेगी।

भण्डारण स्थल का विवरण निम्नवत् है–

| क्र0 सं0 | वन क्षेत्र का नाम | जप्त भण्डारित खनिज के भण्डारण स्थल की विवरणी | खनिज का नाम | खनिज की मात्रा | सुरक्षित जमा राशि | सुरक्षित जमा राशि का 10 % प्रतिभूति राशि (रूपया में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बालूमाथ | बालूमाथ वन क्षेत्र | पत्थर | लगभग =100 CFT | पत्थर खनिज का बाजार बिक्री मूल्य प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 12.86 की दर से = 100 × 12.86 = **1286.00** रूपया (एक हजार दो सौ छेयासी रूपया) | **129.00** |
| | | बालूमाथ वन क्षेत्र | बालू | लगभग =80 CFT | बालू खनिज का बाजार बिक्री मूल्य प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से = 80 × 7.50 = **600.00** रूपया (छः सौ रूपया) | **60.00** |
| 2. | रिचुघुटा | रिचुघुटा वन क्षेत्र | पत्थर | लगभग –20 CFT | पत्थर खनिज का बाजार बिक्री मूल्य प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 12.86 की दर से = 20 × 12.86 = **257.00** रूपया (दो सौ सनतवान रूपया) | **26.00** |
| 3. | मनिका | मनिका वन क्षेत्र | पत्थर | लगभग –5000 CFT | पत्थर खनिज का बाजार बिक्री मूल्य प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 12.86 की दर से = 5000 × 12.86 = **64300.00** रूपया (चौंसठ हजार तीन सौ रूपया) | **6430.00** |
| | | मनिका वन क्षेत्र | मेटल | लगभग –200 CFT | पत्थर खनिज का बाजार बिक्री मूल्य प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 12.86 की दर से = 200 × 12.86 = **2572.00** रूपया (दो हजार पाँच सौ बहतर रूपया) | **257.00** |
| 4. | लातेहार | लातेहार वन क्षेत्र | पत्थर | लगभग –600 CFT | पत्थर खनिज का बाजार बिक्री मूल्य प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 12.86 की दर से = 600 × 12.86 = **7716.00** रूपया (सात हजार सात सौ सोलह रूपया) | **772.00** |
| 5. | चन्दवा | चन्दवा वन क्षेत्र | पत्थर (बोल्डर) | लगभग –200 CFT | पत्थर खनिज का बाजार बिक्री मूल्य प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 12.86 की दर से = 200 × 12.86 = **2572.00** रूपया (दो हजार पाँच सौ बहतर रूपया) | **257.00** |
| | चन्दवा | चन्दवा वन क्षेत्र | पत्थर (बोल्डर) | लगभग –200 CFT | पत्थर खनिज का बाजार बिक्री मूल्य प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 12.86 की दर से = 200 × 12.86 = **2572.00** रूपया (दो हजार पाँच सौ बहतर रूपया) | **257.00** |
| | चन्दवा | चन्दवा वन क्षेत्र | बालू | लगभग =300 CFT | बालू खनिज का बाजार बिक्री मूल्य प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से = 300× 7.50 = **2250.00** रूपया (दो हजार दो सौ पचास रूपया) | **225.00** |

उपरोक्त स्थल पर भण्डारित लघु खनिज पत्थर एवं बालू के लोक नीलामी की प्रक्रियां एवं शर्त्तों आदि के जानकारी के लिए लातेहार जिला के Website: latehar.nic.in पर दिनांक–12.01.2024 से दिनांक–19.01.2024 तक देखा जा सकता है अथवा जिला खनन कार्यालय, लातेहार में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 315825 (Mines and Geology) 23-24 (D)

**जिन्दगी आपको वो कभी नहीं देगी जो आपको चाहिए, जिंदगी हमेशा आपको वही देगी जिसके आप काबिल होंगे : अज्ञात**



# शेख हसीना का पांचवीं बार प्रधानमंत्री बनना

मुक्तिवाहिनी के माध्यम से भारत के सक्रिय सहयोग से बांग्लादेश बनाने वाले शेख मुजीबुर्रहमान की पुत्री शेख हसीना ने पांचवीं बार प्रधानमंत्री की कुर्सी सँभाल ली है । सत्तारूढ़ दल ने संसद में दो तिहाई बहुमत हासिल किया था । मुख्य विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी), जिसने चुनाव का बहिष्कार किया था, अपना विरोध जारी रखने की योजना बना रही है। हालांकि, हसीना विपक्ष की योजनाओं से परेशान नहीं हैं और कहती हैं कि उनकी जिम्मेदारी बांग्लादेश के लोगों के प्रति है, न कि विपक्षी पार्टी बीएनपी के प्रति, जो उनके अनुसार, गुंडों की पार्टी है। उन्होंने बांग्लादेश का करीबी साझेदार होने के लिए भारत की सराहना भी की है। विश्लेषकों का मानना है कि शेख हसीना की सत्ता में वापसी भारत के लिए अच्छा संकेत है, क्योंकि उनका रुख हमेशा से भारत समर्थक रहा है, जबकि बीएनपी के शासन के दौरान भारत के अलगाववादियों को वहां सुरक्षित पनाह मिलती रही है और बीएनपी का रुख भारत विरोधी रहा है। बांग्लादेश का राजनीतिक परिदृश्य शेख हसीना और खालिदा जिया के बीच तीव्र प्रतिद्वंद्विता के लिए जाना जाता है। शेख हसीना बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान की बेटी हैं, जबकि खालिदा जिया बांग्लादेश के पूर्व तानाशाह शासक जिया उर रहमान की विधवा हैं।

**मुख्य विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी), जिसने चुनाव का बहिष्कार किया था, अपना विरोध जारी रखने की योजना बना रही है। हालांकि, हसीना विपक्ष की योजनाओं से परेशान नहीं हैं और कहती हैं कि उनकी जिम्मेदारी बांग्लादेश के लोगों के प्रति है, न कि विपक्षी पार्टी बीएनपी के प्रति, जो उनके अनुसार, गुंडों की पार्टी है। विश्लेषकों का मानना है कि शेख हसीना की सत्ता में वापसी भारत के लिए अच्छा संकेत है, क्योंकि उनका रुख हमेशा से भारत समर्थक रहा है, जबकि बीएनपी के शासन के दौरान भारत के अलगाववादियों को वहां सुरक्षित पनाह मिलती रही है और बीएनपी का रुख भारत विरोधी रहा है।**

मुहम्मद यूनुस बांग्लादेश में ग्रामीण बैंक के माध्यम से अपने सूक्ष्म-ऋणों के लिए जाने जाते हैं। इस कार्यक्रम को बड़ी संख्या में बांग्लादेशी महिलाओं के उत्थान का श्रेय दिया जाता है, जिन्होंने लघु व्यवसाय शुरू किया। कुछ लोगों का मानना है कि यूनुस का कार्यक्रम उस देश के लिए चमत्कार की तरह है, जो पहले अत्यंत गरीबी के लिए जाना जाता था। मगर उनके विरोधियों का मानना है कि वह उधारकर्ताओं से भारी ब्याज वसूलते हैं, वे इसे सीधे कानूनी मामले के रूप में देखते हैं।

कुछ लोगों को यह भी संदेह है कि पद्मा नदी पर पुल बनाने की परियोजना के लिए विश्व बैंक के वित्त पोषण को रद्द करवाने के पीछे मुहम्मद यूनुस का हाथ था। हालांकि यह आरोप कभी साबित नहीं हो सका, लेकिन उन्हें अवामी लीग सरकार की दुश्मनी झेलनी पड़ी। पद्मा नदी पुल परियोजना को शेख हसीना सरकार की मुख्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में से एक माना जाता है और इसने बांग्लादेश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 1.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है।

मुहम्मद यूनुस की सजा पर बहस हो सकती है, पर एक बात निश्चित है कि उन्हें पश्चिम में बहुत लोग पसंद करते हैं। कुछ लोगों को डर है कि उनकी सजा से बांग्लादेश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह प्रभावित हो सकता है।

इन दिनों

# युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद





प्रो. मनीषा शर्मा

**युग** प्रवर्तक, भारत के गौरव पुरुष, वेदांत दर्शन के मर्मज्ञ, कर्मयोगी, भारत माता के सच्चे सपूत, युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी,1863 में कोलकाता में हुआ था। इनका मूल नाम नरेंद्रनाथ दत्त था। इनके पिता विश्वनाथ दत्त उच्च न्यायालय कोलकाता में वकील थे। मां भुवनेश्वरी देवी ग्रहणी थी। 12 जनवरी को संपूर्ण भारत में विवेकानंद जी का जन्मदिन युवा दिवस के रूप मे मनाया जाता है। सर्वप्रथम 1984 में भारत सरकार ने स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को युवा दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी तब से प्रत्येक साल संपूर्ण देश में इसे युवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। युवा किसी भी देश का भविष्य होते हैं इन्हीं के दृढ़ कंधों पर एक राष्ट्र का भविष्य निर्भर होता है। यह युवा वर्ग जितना प्रतिभाशाली होगा उतनी ही तेजी से देश विकास के पथ पर अग्रसर होगा और वैश्विक फलक पर नवीन कीर्तिमान स्थापित करेगा। युवा किसी भी राष्ट्र के भूत एवं भविष्य के बीच एक सेतु का कार्य करते हैं । यह शक्ति ही किसी भी राष्ट्र को जीवन मूल्य एवं सांस्कृतिक आधार प्रदान करती है। यदि युवा अपने मस्तिष्क को ऊंचे विचारों और उच्चतम आदर्शों से भर ले तो वे जो भी कार्य करेंगे वह महान ही होगा। इस दिन को युवा दिवस के रूप में मनाने का ध्येय आने वाली पीढ़ी में स्वामी जी के पवित्र आदर्शों को उत्पन्न करना है। स्वामी जी के आदर्श और जीवन दर्शन देश के करोड़ों युवाओं को प्रेरित करते हैं। उन्होंने देश के कोने -कोने में भारतीय धर्म और संस्कृति के प्रचार हेतु कार्य किया। राजस्थान स्थित खेतड़ी के महाराजा अजीतसिंह ने उन्हें विवेकानंद नाम प्रदान किया और उन्हें शिकागो में आयोजित होने वाली विश्व धर्म परिषद में हिंदू धर्म और संस्कृति का परचम लहराने हेतु भेजा। धर्म संसद में उन्हें बोलने हेतु पर्याप्त समय नहीं दिया गया। बाद में एक प्रोफेसर की मदद से शून्य में बोलने के लिए थोड़ा समय मिला। वहाँ अपने भाषण की शुरूआत उन्होंने अमेरिकी भाइयों और बहनों से की तो संपूर्ण सभा मंडल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। विवेकानंद ने युवा शक्ति के लिए कहा था- समस्त शक्तियां तुम्हारे पास है। तुम कुछ भी कर सकते हो और सब कुछ कर सकते हो। यह विश्वास करो। मत विश्वास करो कि तुम दुर्बल हो। तत्पर हो जाओ। जीर्ण - शीर्ण होकर थोड़ा-थोड़ा करके मरने की बजाय वीर की तरह, दूसरों के कल्याण के लिए नष्ट होकर उसी समय मर जाना क्या अच्छा नहीं है। उनका मानना था कि एक युवा का जीवन सफल होने के साथ-साथ सार्थक भी होना चाहिए। उनका कहना था कि युवा सफल होना चाहते है पर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए शारीरिक रूप से तैयार नहीं होते। इसलिए उन्होंने कहा कि युवाओं को निर्भर बनने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शक्ति ही जीवन है कमजोरी मृत्यु है और कोई भौतिक जीवन का सुख नहीं ले सकता अगर ताकतवर नहीं है। मत सोचो कि तुम कमजोर हो। उठो जागो और तब तक ना रुको जब तक तुम्हें लक्ष्य प्राप्त ना हो जाय। उन्होंने शिक्षा के विषय में कहा कि शिक्षा कोई जानकारियों का बंडल नहीं है जो दिमाग में रख दिया जाय और जिंदगी भर परेशान करते रहे। हमें ऐसे विचारों को संजोना है जो समाज निर्माण, व्यक्ति निर्माण एवं चरित्र निर्माण करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो जीवन के संकटों से निपटने में मददगार हो। चरित्र निर्माण से परोपकार का भाग जगायें और सिंह का साहस दें। स्वामी जी के शब्दों में - 'व्यक्ति का चरित्र और कुछ नहीं उसकी आदतों और वृत्तियों का सार भर है। हमारी आदतें और वृत्ति ही चरित्र का स्वरूप निर्धारित करती हैं। वृत्तियों की श्रेष्ठता और निष्क्रियता के अनुरूप ही चरित्र की सबलता और निर्बलता सुनिश्चित होती हैं। श्रेष्ठ चिंतन और आचरण के सतत अभ्यास द्वारा वृत्तियों का शोधन होता है और चरित्र गठन का कार्य मनोवांछित दिशा में आगे बढ़ता है। उन्होंने सदैव युवाओं को आध्यात्मिक रहने के लिए प्रेरित किया। उनका मानना था कि भारत की आध्यात्मिकता का कोई सानी नहीं है। वह सदैव आध्यात्मिक चेतना के रूप में सामाजिक चेतना को भी जागृत कर समाज हित, देश हित हेतु निरंतर कार्य करते रहें । आज के दौर में युवा कई समस्याओं से ग्रसित है। वह अपने भविष्य के निर्माण हेतु कई तरह की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। अतः आज स्वामी जी के विचार उनके लिए और भी प्रासंगिक हो जाते हैं। वे अपने विचारों, आदर्शों लक्ष्यों के वजह से आज भी प्रासंगिक है। किसी शायर ने क्या खूब कहा है-

**'युवाओं के कंधों पर युग की कहानी चलती है।**
**इतिहास उधर मुड़ जाता है जिस ओर जवानी चलती है।।'**

युवा देश की ताकत हैं, उर्जा हैं। युवाओं की सामर्थ्य शक्ति किसी भी राष्ट्र को आसमान की बुलंदियों तक पहुंचाने की ताकत रखती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि भारत की युवा शक्ति स्वामी जी के दिखाए आदर्शो पर चलें और उनके मार्ग का अनुसरण कर अप्पो दीपो भव की अवधारणा पर कार्य करें। यदि युवा पीढ़ी अपनी उर्जा का संतुलित एवं सकारात्मक उपयोग राष्ट्र निर्माण में करेगी तो भारत अगले 100 साल में विश्व गुरु के रूप में पुनः स्थापित होगा और वैश्विक फलक पर अपना आलोक बिखेर कर ज्ञान, विज्ञान, अनुसंधान, तकनीक के प्रत्येक क्षेत्र में अपना परचम फहराएगा।

**विवेकानंद ने युवा शक्ति के लिए कहा था- समस्त शक्तियां तुम्हारे पास है। तुम कुछ भी कर सकते हो और सब कुछ कर सकते हो। यह विश्वास करो। मत विश्वास करो कि तुम दुर्बल हो। तत्पर हो जाओ। जीर्ण -शीर्ण होकर थोड़ा-थोड़ा करके मरने की बजाय वीर की तरह, दूसरों के कल्याण के लिए नष्ट होकर उसी समय मर जाना क्या अच्छा नहीं है। उनका मानना था कि एक युवा का जीवन सफल होने के साथ-साथ सार्थक भी होना चाहिए। उनका कहना था कि युवा सफल होना चाहते है पर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए शारीरिक रूप से तैयार नहीं होते।**

## आपकी बात

### बदबू से हरमूवासी परेशान



प्राण रंजन प्रसाद

कुछ वर्ष पूर्व राँची शहर के सड़कों के बगल में गहरे नाले का निर्माण इस उद्देश्य से कराया गया था ताकि सड़कों पर पानी का जमाव नहीं हो सके, परंतु जमीन के ऊँचे-नीचे होने के कारण नाले का पानी जगह-जगह उल्टी दिशा में जमा रहता है और वहाँ से दुर्गंध आती है। इससे निजाद पाने और बहाव को यथोचित दिशा में प्रवाहित करने का उपाय है कि चिन्हित जगहों पर बूस्टर पंप स्थापित करके प्रवाह को नियंत्रित किया जा सकता है. यह तत्कालिक जरूरी कदम संबंधित विभाग को उठाना चाहिए।

**कैप्टन(अव प्राप्त),हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची**

### बिजली की कटौती से परेशानी

गढ़वा जिले में करीब एक सप्ताह से शहरी व ग्रामीण इलाका में पर्याप्त मात्रा में बिजली की आपूर्ति नहीं हो रही है। उक्त कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ बढ़ती ठंड से लोग हलकान हैं तो दूसरी तरफ बिजली कटौती के कारण भी लोगों को परेशानी हो रही है। शाम समय बिजली आपूर्ति नहीं होने से रूम हीटर के अलावा ठंड से राहत देने के लिए मौजूद अन्य उपकरण का लोग उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। बिजली कटौती से बिजली आधारित अन्य काम पर भी उसका असर पड़ रहा है। इधर विभागीय आकड़ों के अनुसार जिले को करीब 70 मेगावाट की जरूरत होती है। उसके अनुरूप जिले को बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार सुबह से लेकर शाम (पिक आवर) छोड़कर हर समय पर्याप्त मात्रा में जिले को निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति हो रही है। सिर्फ पिक आवर के दौरान करीब दो से तीन घंटा लोड शेडिंग की समस्या आ रही है। जिलांतर्गत रंका सामुदायिक अस्पताल में तैनात डॉक्टरों का कहना है कि बिजली बीच-बीच में कटती है। उस दौरान जेनरेटर का उपयोग होता है। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक ने बताया कि अस्पताल की बिजली जब भी कटती है तो उसके लिए जेनरेटर की व्यवस्था है। इसके अलावा सोलर ऊर्जा की भी व्यवस्था है। बिजली कटने पर जेनरेटर और सोलर ऊर्जा का इस्तेमाल होता है। बिजली कटौती का असर बिजली आधारित कारोबार पर भी पड़ता है। इन दिनों क्षेत्र में दो-तीन घंटे बिजली कटौती के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**- हरि प्रसाद, गढ़वा**

आध्यात्म

# देश भक्ति और वेदान्त के संगम थे स्वामी विवेकानंद



देवेश कुमार घोष

***1836*** ई की बारह जनवरी, पौष संक्रांति, सूर्योदय से छः मिनट पूर्व छः बज कर तैंतीस मिनट तैंतीस सेकेंड पर भुवनेश्वरी देवी और विश्वनाथ दत्त के विश्वविजयी पुत्र का कलकत्ता नगरी के सिमुलिया मोहल्ले में जन्म हुआ। युवक नरेंद्र ने, सन्यासी विवेकानंद बन अमित तेज, से अपनी किरणें फैलाता हुआ अक्लांत चेष्टा एवं निर्भीक आत्मोसर्ग से भारत के एक गौरवमय भविष्य का सूत्रपात किया। नरेंद्र के प्रतिभाशाली वकील पिता उन्हें भी वकील बनाना चाहते थे परंतु नरेंद्र को ईश्वर साक्षात्कार की धुन लगी थी । युवक नरेंद्र जहां भी उचित समझते , पूछते थे 'क्या आपने ईश्वर को देखा है ?' विलक्षण मेधावी छात्र नरेंद्र की जिज्ञासा से अवगत, अङ्ग्रेजी के प्रोफेसर हैस्टी ने उसे दक्षिणेश्वर जाकर मंदिर के पुजारी रामकृष्ण से मिलने की सलाह दी थी। विलियम वड्र्सवर्थ की कविता पढ़ाने के संदर्भ में 'सुपर कनससनेस' (समाधि) की चर्चा हुई तो नरेंद्र ने सवाल दागा था कि क्या किसी मनुष्य में यह अवस्था संभव थी ? विद्वान प्रोफेसर ने रामकृष्ण का उदाहरण दिया था। दक्षिणेश्वर काली मंदिर कलकत्ता के मुख्य पुजारी रामकृष्ण परमहंस और नरेंद्र की मुलाकात ने भारत वर्ष का गौरवशाली भविष्य तय कर दिया। आध्यात्म जिज्ञासु युवकों की टोली समाधिमग्न काली भक्त पुजारी के संपर्क में आते रहे और सन्यासियों का एक दल खड़ा हो गया। श्री रामकृष्ण के महाप्रयाण के बाद नरेंद्र, जो तब तक स्वामी विवेकानंद बन गए थे, अपनी ओजस्विता के कारण सबके नेता साबित हुए। प्रचंड देश भक्ति और वेदान्त विचारों से ओत प्रोत युवा सन्यासियों को संगठित रखने हेतु और आध्यात्म यात्रा को बल देने के लिए 1897 ई में विवेकानन्द ने भागीरथी के तट पर कलकत्ता के बेलुर नामक स्थान पर रामकृष्ण संघ की स्थापना की जो 'बेलुर मठ' के नाम से प्रसिद्ध है । सम्पूर्ण विश्व में फैले हुए श्री रामकृष्ण मिशन की गतिविधियों का मुख्यालय बेलुर मठ आश्रम में ही है। स्वामी विवेकानन्द ने परिव्राजक बन कर भारत की कई बार यात्रा की थी।

**विलियम वड्र्सवर्थ की कविता पढ़ाने के संदर्भ में 'सुपर कनससनेस' (समाधि) की चर्चा हुई तो नरेंद्र ने सवाल दागा था कि क्या किसी मनुष्य में यह अवस्था संभव थी ?**

## फेसबुक वॉल से

Supriyo Bhattacharya
3 h ·
Many Many Happy Returns of the day! Happy Birthday Gurujee!! Your love and Ble... See m



## X - से

AajTak @aajtak

#कांग्रेस के इस फैसले पर आप क्या सोचते हैं, कॉमेंट में बताएं

*कांग्रेस ने 10 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा में जाने से इनकार कर दिया। सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अधीर रंजन समेत सभी कांग्रेस नेता इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। कांग्रेस ने कहा है कि ये भाजपा और RSS का प्रोग्राम है।

*अब तक I.N.D.I. A की 5 पार्टियां #कांग्रेस, #सपा, #TMC, #CPI(M) और शिवसेना (उद्धव गुट) प्राण प्रतिष्ठा में जाने से मना कर चुकी हैं।

#Ayodhya #RamMandir #PranPratishtha #Congress

Translate post



Post your reply

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# भारत में श्रीराम बिराजें- 05

## ।।।। अस्तित्व संग अनूठा अनुराग ।।।।



डॉ. मयंक मुरारी
चिंतक और आध्यात्मिक लेखक

***जीवन*** की विपन्नता हमारे दुख स्वभाव के कारण नहीं है। जीवन को सुख और दुख की परिधि में बांटने के कारण है। वन में प्रभु आगे-आगे चल रहे है। उनके पीछे माता और लक्ष्मण है। वन में कंटक मार्ग से श्रीराम का पग विदीर्ण हो जाता है। कई जगहों पर पैर से खून रिसने लगता है। माता के नेत्र सजल हो जाते हैं। लक्ष्मण भी कांप जाते हैं। वन के कठोर भूमि और कंटक मार्ग पर चलतना असंभव लगता है। माता से लक्ष्मण निवेदन करते है कि प्रभु को विश्राम के लिए कहिए। इन बातों को सुन प्रभु रूक जाते हैं। सिया और राम एक चट्टान पर बैठ जाते है। माता, प्रभु के चरण को पोंछती है। वह कहती है कि आपके चरण में बहुत कांटें लगे हैं। सीताजी को भयग्रस्त जानकर प्रभु संयमित हुए और मधुर वाणी से कहा हे सीते ! त्वं पराभक्तिः। सीता तुम तो पराभक्ति हो। और भक्ति का तो ये दायित्व है कि वो संसार को मेरे चरणों तक की यात्रा सम्पन्न कराये। तब तुमने कब से ये दायित्व छोड़कर नया दायित्व ले लिया कि जिन्होंने मेरे चरणों का आश्रय लिया है उन्हें तुम मेरे चरणों से दूर करो। सीते ! इन कण्टकों ने भी तो मेरे चरणों का आश्रय लिया है तो भला मैं इन्हें कैसे अपने चरणों से दूर कर सकता हूँ। सुनते ही सीता जोर-जोर से विलाप करने लगी, वनों के वृक्ष आह्लादित होकर मधुर वायु का संचार करने लगे, वन्य जीव भगवान के चरणों में आ-आकर बैठने लगे और अस्तित्व अनुराग से भर गया। सभी प्रभु का गुणगान गाने लगे.... नेति-नेति-नेति न इति न इति। भगवान की करूणा का कोई अन्त नहीं है। सीताजी के सजल नेत्रों का जल प्रभु के चरणों का प्रक्षालन करने लगा। श्रीमद्भागवत में इसका वर्ण है कि जो दण्डक वन में कांटों से बिंध गये थे, उन चरणों को प्रभु श्रीराम अपने निरन्तर स्मरण करने वाले भक्तों के अन्तःकरण में स्थापित करके, अपने स्वयं प्रकाशमान परम ज्योतिर्मय धाम में चले गये। दण्डक वन के उन कांटों को 13 हजार वर्ष पश्चात भी प्रभु श्रीराम ने अपने पैरों से दूर नहीं किया था जिन्होंने उस समय प्रभु के चरणों का आश्रय लिया था। इस अस्तित्व यानी सृष्टि में सब कुछ स्वाभाविक क्रियाशील है। हम अस्तित्व को नहीं मिटा सकते हैं। उसकी क्रिया में बदलाव ला सकते है। पदार्थ को तोड़ सकते हैं, कुछ भी निर्माण नहीं कर सकते हैं।

**वन के कठोर भूमि और कंटक मार्ग पर चलतना असंभव लगता है। माता से लक्ष्मण निवेदन करते है कि प्रभु को विश्राम के लिए कहिए। इन बातों को सुन प्रभु रूक जाते हैं। सिया और राम एक चट्टान पर बैठ जाते है।**



बोधि वृक्ष

# श्री खाटू श्याम जी की कथा

***महाभारत*** काल में लगभग साढ़े पांच हजार वर्ष पहले एक महान आत्मा का अवतरण हुआ जिसे हम भीम पौत्र बर्बरीक के नाम से जानते हैं महीसागर संगम स्थित गुप्त क्षेत्र में नवदुगाओं की सात्विक और निष्काम तपस्या कर बर्बरीक ने दिव्य बल और तीन तीर व धनुष प्राप्त किए। कुछ वर्ष उपरांत कुरुक्षेत्र में उपलब्ध नामक स्थान पर युद्ध के लिए कौरव और पांडवों की सेनाएं एकत्रित हुई। युद्ध का शंखनाद होने ही वाला था कि यह वृतांत बर्बरीक को ज्ञात हुआ और उन्होंने माता का आशीर्वाद ले युद्धभूमि की तरफ प्रस्थान किया। उनका इरादा था कि युद्ध में जो भी हारेगा उसकी सहायता करूंगा। भगवान श्री कृष्ण को जब यह वृतांत ज्ञात हुआ तो उन्होंने सोचा कि ऐसी स्थिति में युद्ध कभी समाप्त नहीं होने वाला। अतः उन्होंने ब्राह्मण का वेश धारण कर बर्बरीक का मार्ग रोककर उनसे पूछा कि आप कहां प्रस्थान कर रहे हैं। बर्बरीक ने अपना ध्येय बताया कि वह कुरुक्षेत्र जाकर अपना कर्तव्य निर्वाह करेंगे और इस पर ब्राह्मण रूप में श्री कृष्ण ने उन्हें अपना कौशल दिखाने को कहा। बर्बरीक ने एक ही तीर से पेड़ के सभी पत्तों को भेद दिया सिवाय एक पत्ते के जो श्री कृष्ण ने अपने पैरों के नीचे दबा दिया था। बर्बरीक ने ब्राह्मण रूपी श्री कृष्ण से प्रार्थना की कि वह अपना पैर पत्ते के ऊपर से हटाए वरना आपका पैर घायल हो सकता है। श्री कृष्ण ने अपना पैर हटा लिया व बर्बरीक से एक वरदान मांगा। बर्बरीक ने कहा हे यजमान आप जो चाहे मांग सकते हैं मैं वचन का पूर्ण पालन करूंगा। ब्राह्मण रूपी श्री कृष्ण ने शीश दान मांगा। यह सुनकर बर्बरीक तनिक भी विचलित नहीं हुए परंतु उन्होंने श्रीकृष्ण को अपने वास्तविक रूप में दर्शन देने की बात की क्योंकि कोई भी साधारण व्यक्ति यह दान नहीं मांग सकता। **(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# 10 उपयोगी टेक्नोलॉजी ट्रिक्स

**फिर, 'भेजें पूर्ववत करें' विकल्प देखें।**

एंड्रॉइड उपयोगकर्ता वाई-फाई नेटवर्क के लिए एक क्यूआर कोड बना सकते हैं, जिससे अन्य उपयोगकर्ता वाई-फाई पासवर्ड को मैन्युअल रूप से एक्सचेंज करने के बजाय नेटवर्क से जुड़ सकते हैं। बस सेटिंग्स > वाई-फाई नेटवर्क पर जाएं, कनेक्टेड वाई-फाई नेटवर्क के नाम के आगे सेटिंग आइकन पर टैप करें और फिर नीचे 'क्यूआर कोड' बटन चुनें। कोड को स्कैन करने और नेटवर्क से कनेक्ट करने के लिए, वाई-फाई सेटिंग मेनू पर जाएं और स्क्रीन के ऊपरी दाएं कोने में स्कैनर बटन दबाएं। ऐप्पल डिवाइस एक फंक्शन भी प्रदान करते हैं जो पहले से ही नेटवर्क से जुड़े किसी व्यक्ति को किसी अन्य व्यक्ति को पासवर्ड देने में सक्षम बनाता है जो शामिल होना चाहता है।



**10. एक एक्सपर्ट की तरह स्क्रीनशॉट लें**


स्क्रीनशॉट लेने का सबसे आम तरीका विंडोज कंप्यूटर पर PrtSc कुंजी 1ff macOS डिवाइस पर 'Cmd + Shift + 3' कुंजी दबाना है। हालाँकि, दोनों ऑपरेटिंग सिस्टम स्क्रीनशॉट लेने के अधिक प्रभावी तरीके प्रदान करते हैं, जिससे उपयोगकर्ता केवल अपनी स्क्रीन के आवश्यक हिस्से का चयन कर सकते हैं। विंडोज उपयोगकर्ता 'स्टार्ट + शिफ्ट + एस' दबाकर स्निपिंग टूल लॉन्च करके, फिर माउस या ट्रैकपैड के साथ स्क्रीन के एक हिस्से का चयन करके इसे पूरा कर सकते हैं। दूसरी ओर, macOS के उपयोगकताओं को स्क्रीन कैप्चर विंडो खोलने के लिए "Cmd + Shift + 5" कुंजियाँ एक साथ दबानी चाहिए, जो उपयोगकताओं को स्क्रीन के विशेष भागों को कैप्चर करने में सक्षम बनाती है।

**(समाप्त)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सर्दियों में क्यों बढ़ जाता है जोड़ों में दर्द

जाड़े के दिनों में जॉइंट पेन आम है। कुछ खाद्य पदार्थ खाने से हड्डी मजबूत होती है। इसमें मौजूद पोषक तत्व सूजन संबंधी प्रतिक्रियाओं को बंद करने में मदद करते हैं। और जोड़ों के दर्द से बचाव करते हैं। बचपन और किशोरावस्था में हड्डियों का विकास अच्छी तरह हो जाता है। इस दौरान बॉन डेंसिटी में वृद्धि होती है। इसके लिए सबसे जरूरी है एक्सरसाइज और संतुलित भोजन और पोषण। पोषण की कमी से जॉइंट पेन होते हैं। कुछ खाद्य पदार्थ हड्डियों को मजबूती देकर जाड़े में जोड़ों के दर्द से बचाव करते हैं।




**क्यों जरूरी हैं कुछ खाद्य पदार्थों का चुनाव :** जाड़े के दिनों में सबसे अधिक



जोड़ों में दर्द की समस्या होती है। इन दिनों जॉइंट पेन, आर्थराइटिस, ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या बढ़ जाती है। जॉइंट पेन से बचाव सही आहार विकल्प चुनने से होता है। ऐसे खाद्य पदार्थ का हमें चुनाव करना चाहिए, जो हड्डियों के घनत्व को बढ़ाते हैं। संयोजी ऊतकों को मजबूत करते हैं और सूजन को कम करते हैं। यह चोटों को रोकने में मदद करता है। हड्डियों को मजबूत बनाने और जोड़ों के दर्द से बचाव के लिए अपने आहार में कुछ खाद्य पदार्थ शामिल करना जरूरी है।

**कैल्शियम युक्त डेयरी :** कैल्शियम हड्डियों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए एक जरूरी मिनरल है। यह हड्डियों और दांतों को आधार प्रदान करता है। दूध, दही और पनीर जैसे डेयरी उत्पाद कैल्शियम के उत्कृष्ट स्त्रोतहैं। इनमें विटामिन बी12 भी होता है, जो हड्डियों के निर्माण के लिए जरूरी है।यदि आप लैक्टोज इंटोलीरेन्स या शाकाहारी हैं, तो बादाम, सोया या ओट्स जैसे फोर्टिफाइड प्लांट बेस्ड दूध के विकल्प ले सकती हैं। आपको पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व मिलते रहेंगे। टोफू, बादाम और पत्तेदार सब्जियां जैसे कैल्शियम युक्त खाद्य पदार्थ इस आवश्यक पोषक तत्व के अच्छे स्त्रोत हैं। इन खाद्य पदार्थों को अपने आहार में शामिल करने से यह सुनिश्चित होता है कि आपको नियमित डेयरी के बिना आपकी हड्डियों को आवश्यक कैल्शियम मिलता है।


**हरी और पत्तेदार सब्जियां :** जाड़े के दिनों में जॉइंट पेन से बचाव के लिए



केल, पालक, कोलार्ड साग और शलजम साग जैसी गहरे रंग की पत्तेदार सब्जियां खाएं। ये कैल्शियम, विटामिन के और मैग्नीशियम के उत्कृष्ट स्त्रोत हैं।ये सभी हड्डियों की मिनरल डेंसिटी को बढ़ाते हैं। ब्रोकोली, फूलगोभी और ब्रसेल्स स्प्राउट्स सहित कई अन्य लोकप्रिय और स्वादिष्ट सब्जियां भी ले सकतीहैं। हरी और पत्तेदार सब्जियां उस एंजाइम को रोक सकती हैं, जो जोड़ों में सूजन का कारण बनता है। साथ ही, वे समग्र स्वास्थ्य के लिए फाइबर, विटामिन और पोषक तत्वों से भरपूर हैं।

**फैटी फिश और फिश आयल :** सैल्मन, मैकेरल और सार्डिन जैसी फैटी फिश विटामिन डी और ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर खाद्य पदार्थ हैं। विटामिन डी आंतों में कैल्शियम अवशोषण के लिए महत्वपूर्ण है। यह हड्डियों के घनत्व को बनाए रखने के लिए जरूरी है। मछली के तेल में पाए जाने वाले ओमेगा-3 फैटी एसिड में सूजन-रोधी गुण होते हैं। यह हड्डियों के नुकसान और फ्रैक्चर के जोखिम को कम करके हड्डियों के स्वास्थ्य को लाभ पहुंचाता है।

**ड्राई फ्रूट्स और सीड्स :** बादाम, चिया



सीड और फ्लेक्स सीड्स कैल्शियम, मैग्नीशियम और फास्फोरस के उत्कृष्ट स्त्रोत हैं। ये सभी हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं। वे स्वस्थ वसा भी प्रदान करते हैं, जो समग्र स्वास्थ्य का समर्थन करते हैं और पोषक तत्वों के अवशोषण में मदद करते हैं। नट्स या बीजों का एक अच्छा विकल्प एक चम्मच आल्मंड बटर भी है।

**फ्रूट्स और बेरी :** विटामिन सी आपकी



प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देता है। यह कोलेजन उत्पादन में भूमिका निभाता है, जो बोन टिश्यू का एक महत्वपूर्ण कारक है। शोध से पता चला है कि विटामिन सी ऑस्टियोपोरोसिसको रोकने में मदद कर सकता है। कई फल विटामिन और मिनरल से भरपूर होते हैं, जिनमें खट्टे फल, खरबूजे, कीवी, अनानास और बेरी शामिल हैं। विशेष रूप से ब्लूबेरी अधिक फायदेमंद है। इसमें एंथोसायनिन की मात्रा अधिक होती है, जो सबसे शक्तिशाली फ्लेवोनोइड में से एक है। ये शरीर में सूजन संबंधी प्रतिक्रियाओं को बंद करने में मदद करते हैं। सेब फाइबर युक्त, सूजनरोधी फल है, जो आंत के स्वास्थ्य के लिए अतिरिक्त लाभ पहुंचाता है।

# डेंगू में रिकवरी के लिए इन फूड्स को डाइट में करें शामिल

**अनन्या मिश्रा**

कई बार डेंगू जानलेवा बीमारी साबित होती है। इस बीमारी के वजन तेजी से घट जाता है। ऐसे में आप अपना वेट मेनटेन रखने के लिए कुछ आसान टिप्स अपना सकते हैं। इन टिप्स को फॉलो कर आप जल्द डेंगू जैसी बीमारी से रिकवर हो जाएंगे। डेंगू बीमारी मच्छर के काटने से होती है। वहीं यह बीमारी कई बार जानलेवा भी साबित हो सकती है। वहीं डेंगू के लक्षणों को पूरी तरह से ठीक होने में काफी समय लगता है। हांलाकि दवाओं के जरिए इस बीमारी को कंट्रोल किया जा सकता है। इस बीमारी से शरीर में कई तरह की गंभीर समस्याएं हो जाती हैं। इनमें से एक समस्या है कि इस बीमारी के बाद वेट कम होने लगता है। क्योंकि डेंगू के दौरान शरीर में पोषक तत्वों की कमी होने लगती है। जिसके कारण तेजी से वजन घटने लगता है।

**ऐसे मेनटेन करें वेट :** इस बीमारी के बाद वजन को मेनटेन करने के लिए डाइट में हेल्दी फैट्स जैसे पीनट बटर और एवोकाडो जैसी चीजें शामिल करें। इसके अलावा प्रोटीन रिच फूड्स को भी अपनी डाइट में शामिल करें। रोजाना वॉक करें, क्योंकि ऐसा करने से आपकी भूख बढ़ेगी। तनाव न लें। इस तरह से भी आप हेल्दी वेट मेनटेन कर पाएंगे। इसके साथ ही एक ही समय में नाश्ता, लंच और डिनर करें। इससे आपका मेटाबॉलिज्म बेहतर होगा।

**कैसे करें रिकवरी :** डेंगू बीमारी से जल्दी रिकवरी के लिए केला, चावल और सूखे मेवे का सेवन करें। काजू, मूंगफली, किशमिश और बादाम को अपनी डाइट में शामिल करें। डाइट में पीनट बटर को शामिल करने से आप वेट मेनटेन कर पाएंगे। इसके अलावा डाइट में केले को शामिल करें। क्योंकि केले में कार्ब्स, कैलोरीज और खनिज पदार्थ शामिल होते हैं। जिससे शरीर को एनर्जी मिलती है। हेल्दी वेट को मेनटेन करने के लिए अंडे को अपनी डाइट में शामिल करें। क्योंकि अंडे में भरपूर मात्रा में प्रोटीन पाई जाती है।

# छाती में जमे कफ को बाहर निकलने में आपकी मदद करेंगे ये टिप्स

## चेस्ट कंजेशन की स्थिति में सांस लेने में तकलीफ सहित अन्य समस्याएं आपको परेशान कर सकती हैं

**अंजलि कुमारी**

ठंड के मौसम में सर्दी खांसी और कफ की समस्या बेहद आम हो जाती है। इस दौरान कफ को ठीक होने में अधिक समय लगता है, और छाती में कफ जमने लगता है। चेस्ट कंजेशन की स्थिति में सांस लेने में तकलीफ सहित अन्य समस्याएं आपको परेशान कर सकती हैं। इस स्थिति में कुछ खास नुस्खो को आजमाकर आप छाती में जमे कफ को बाहर निकाल सकती हैं।



### छाती में कफ के जमाव को कम करने में मदद करेंगे ये टिप्स

**गुनगुने पानी से गरारा करें :** नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन द्वारा प्रकाशित अध्ययन की माने तो गुनगुने पानी में नमक डालकर गरारा करने से खांसी से राहत मिलती है। इसके साथ ही यह छाती में कफ के जमाव को कम कर देता है। गरारे करने से छाती में जमे म्यूकस पतले हो जाते हैं, जिससे इन्हें आसानी से बाहर निकाला जा सकता है। इसके अलावा यह गले के इंफेक्शन को भी कम कर देता है। उचित परिणाम के लिए दिन में कम से कम 3 से 4 बार गरारा करें और गरारे के पानी को हमेशा बाहर फेंके इन्हें भूल कर भी न घोटें।

**हर्बल टी रहेंगे असरदार :** सर्दी खांसी और गले में जमे कफ की स्थिति में अदरक, पेपरमिंट, रोजमेरी, तुलसी आदि से बनी हर्बल टी बेहद कारगर साबित हो सकती है। इनमें चीनी की जगह शहद का इस्तेमाल करें, जो इनकी गुणवत्ता को और ज्यादा बढ़ा देगा। अदरक से लेकर तुलसी में एंटी इन्फ्लेमेटरी, एंटीबैक्टीरियल तथा एंटीफंगल प्रॉपर्टीज पाई जाती है, जो इन्हें संक्रमण फैलने वाले कीटाणुओं से लड़ने के लिए खास बना देती हैं। इन ड्रिंक के सेवन से म्यूकस पतला हो जाता है और यह आसानी से बाहर निकल आता है। साथ ही साथ यह म्यूकस पैदा करने वाले कीटाणुओं के प्रभाव को रोक देते हैं।



**स्टीम लें :** स्टीम लेने से छाती में जमे कफ को निकालना आसान हो जाता है। बेहतर और प्रभावी परिणाम के लिए आप स्टीम वॉटर में रोजमेरी तथा पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल मिला सकती हैं। इससे आपको बंद नाक से फौरन राहत प्राप्त होती है, साथ ही साथ यह छाती में जमें कफ को भी प्रभावी रूप से साफ कर देता है। एसेंशियल ऑयल की एंटीबैक्टीरियल प्रॉपर्टीज स्टीम के प्रभाव को और ज्यादा बढ़ा देती हैं।

**हल्दी से मिलेगी मदद :** हल्दी में कई एंटी इन्फ्लेमेटरी, एंटीबैक्टीरियल, एंटीफंगल सहित तमाम अन्य महत्वपूर्ण प्रॉपर्टीज पाई जाती हैं। इसके साथ ही हल्दी में करक्यूमिन नामक एक एक्टिव कंपाउंड पाया जाता है, जो म्यूजिक को डिसोल्व कर देते हैं। जिससे कि चेस्ट कंजेशन से राहत प्राप्त होती है। साथ ही इसकी हीलिंग प्रॉपर्टीज बैक्टीरियल ग्रोथ को रोक देती है, और सर्दी खांसी की स्थिति में बेहद कारगर होती हैं।

**शहद और नींबू का रस है बेहद फायदेमंद :** नींबू के रस और शहद दोनों में एंटीबैक्टीरियल और एंटी इन्फ्लेमेटरी प्रॉपर्टी पाई जाती है। यह गले को आराम पहुंचाते हुए चेस्ट में जामे म्यूकस को पतला कर देते हैं और भविष्य में होने वाले संक्रमण से भी बचाव में मदद करते हैं। नींबू में भरपूर मात्रा में विटामिन सी पाई जाती है, जो इम्यूनिटी को मजबूत बनाते हैं, जिससे कि संक्रमण का प्रभाव शरीर पर कम हो जाता है। एक गिलास गुनगुने पानी में एक चम्मच शहद और एक चम्मच नींबू का रस डालें और इसे अच्छी तरह मिलाकर दिन में कम से कम 2 से 3 बार पिएं। केवल दो दिनों में आपको स्थिति में सुधार देखने को मिलेगा।

# विटामिन डी ही नहीं, ये भी हैं मेंटल हेल्थ के लिए जरूरी

**- अंजलि कुमारी**

इस समय मानसिक स्वास्थ्य एक बड़ा चिंता का विषय बन चुका है, क्योंकि इस दौरान डिप्रेशन, एंजायटी, सहित कई अन्य मानसिक स्थितियों है, जो लोगों को आसानी से अपना शिकार बना रही हैं। इस समय लोग अधिक व्यस्त रहने लगे हैं, जिसकी वजह से वे अपने शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य पर उचित ध्यान नहीं दे पाते। सभी गतिविधियों से अधिक महत्वपूर्ण है, उचित खानपान। आपकी डाइट आपको मानसिक रूप से स्वस्थ रख सकती है, या आपकी मानसिक स्थिति को नकारात्मक रूप में प्रभावित कर सकती है। शरीर में कुछ विटामिन की कमी आपके शरीर को प्रभावित करने के साथ ही आपको मानसिक रूप से बीमार कर सकती हैं।

### मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं ये चार विटामिन

**विटामिन बी1और मेंटल हेल्थ :** मेंटल हेल्थ समस्याएं जैसे की मेमोरी लॉस, एंग्जाइटी, डिप्रेशन, इरिटेशन और इनसोम्निया की स्थिति विटामिन बी1 की कमी से हो सकती है। हमारा ब्रेन इस विटामिन का इस्तेमाल कर ग्लूकोज और ब्लड शुगर को एनर्जी में बदल देता है। ऐसे में शरीर में विटामिन बी1 की कमी हो जाए तो ब्रेन के पास सामान्य रूप से फंक्शन करने के लिए पर्याप्त एनर्जी नहीं होती, और मानसिक समस्याएं आपको परेशान कर सकती हैं। इसके अलावा विटामिन की कमी से थकान, भूख की कमी और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल डिसऑर्डर का सामना करना पड़ता है।

**विटामिन इ12 और मेंटल हेल्थ :** रेड ब्लड सेल्स के फॉर्मेशन में विटामिन बी1 का एक बेहद महत्वपूर्ण रोल होता है। शरीर में इसके डिफिशिएंसी से ब्लड में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन सप्लाई नहीं होता और एनीमिया की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। जिसके कारण मूड स्विंग्स, इरिटेशन, कन्फ्यूजन, डिमेंशिया या हल्लुसीनेशन जैसे मेंटल हेल्थ डिसऑर्डर का सामना करना पड़ता है। जब हम विटामिन बी1 और फोलेट सप्लीमेंट को एक साथ कंबाइन करते हैं, तो यह बॉडी में सेरोटोनिन और डोपामाइन का प्रोडक्शन बढ़ा देते हैं। यह दोनों हॉर्मोन एक बेहतर मेंटल हेल्थ को एस्टेब्लिश करने में मदद करता है। ओल्ड एज में यह अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है।



**विटामिन ऊ और मेंटल हेल्थ :** विटामिन डी एड्रेनालाईन, नॉरएड्रेनालाईन और डोपामाइन के उत्पादन को नियंत्रित करता है, और मस्तिष्क के कार्य के लिए एक महत्वपूर्ण हार्मोन के रूप में जाना जाता है। विटामिन डी की कमी कई तरह से प्रकट होती है, जिसमें थकान, मांसपेशियों में कमजोरी, बालों का झड़ना, पीठ दर्द, त्वचा संबंधी समस्याएं, हड्डियों में दर्द और मूड में बदलाव शामिल हैं। विटामिन डी की कमी से डिप्रेशन और एंग्जाइटी के लक्षण ट्रिगर हो सकते हैं, इसलिए विटामिन डी डिफिशिएंसी को लेकर सचेत रहना चाहिए।

**ओमेगा 3 फैटी एसिड और मेंटल हेल्थ :** ओमेगा 3 फैटी एसिड ब्रेन फंक्शन के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, यह व्यक्ति को मानसिक रूप से अधिक सक्रिय रहने में मदद करते हैं। इतना ही नहीं शरीर में ओमेगा 3 फैटी एसिड की मात्रा पॉजिटिव माइंड सेट एस्टेब्लिश करने में मदद करती है। ओमेगा 3 फैटी एसिड की कमी से मूड स्विंग्स और डिप्रेशन जैसे मानसिक स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा थकान, यादाश्त की कमी, ड्राई स्किन, हृदय संबंधी समस्या और ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित होता है।

## सूडोकु नवताल- 6942

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6941 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

## दैनिक पंचांग

**12 जनवरी 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 06.59 बजे से |
| चंद्र | मकर में | कुंभ | 08.45 बजे से |
| मंगल | धनु में | मीन | 10.18 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 11.48 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृष | 13.28 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मिथुन | 15.27 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कर्क | 17.40 बजे से |
| राहु | मीन में | सिंह | 19.56 बजे से |
| केतु | कन्या में | कन्या | 22.08 बजे से |
| | | तुला | 00.19 बजे से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | वृश्चिक | 02.33 ब.से |
| | | धनु | 04.49 बजे से |

**शुक्रवार** 2024 वर्ष का 12 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** पौष **पक्ष** शुक्ल **तिथि** प्रतिपदा 14.24 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 15.18 बजे को समाप्त। **योग** हर्षण 14.05 बजे को समाप्त। **करण** बव 14.24 बजे तदनन्तर बालव 00.48 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 0.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 21° 46' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871856 **जूलियन दिन** 2460321.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 29 **विशेष** चंद्र दर्शन, स्वामी विवेकानंद जयंती, राष्ट्रीय युवा दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 8004

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | | ■ | 6 | 7 |
| | ■ | ■ | 8 | 9 | | 10 | ■ | |
| 11 | | 12 | ■ | | ■ | 13 | | |
| ■ | ■ | 14 | | ■ | 15 | | ■ | ■ |
| 16 | | | ■ | 17 | ■ | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | | 22 | ■ | ■ | |
| 23 | 24 | ■ | | ■ | | ■ | 25 | |
| ■ | 26 | | | ■ | 27 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. नियंत्रण, घोड़े की रास-3
3. ध्वज, झंडा-3
5. माहिर, होशियार-2
6. बेल, लतिका-2
8. अस्वीकृत करना-4
11. अदृश्य-3
13. फटकार, धिक्कार-3
14. अधर, होठ-2
15. सलाह, सुझाव-2
16. आश्रय-3
18. अनुमान, अंदाज-3
20. आलता, माहुर-4
23. नासिका-2
25. रहस्य-2
26. रेखा, लाइन-3
27. परिमूल्य-3

**ऊपर से नीचे**

1. लाख, सौ हजार-2
2. बारीक, सूक्ष्म-3
3. तीन घंटे का समय-3
4. समय, वक्त-2
5. कोतवाल-3
7. बल, जोर, दम-3
9. श्रवणेंद्रिय-2
10. जो लायक न हो-4
12. कृष्ण के बड़े भाई-4
16. दर्पण, शीशा-3
17. नौका -2
19. आसान, सरल-3
21. उपस्थित-3
22. रस से भरा-3
24. बीता हुआ दिन-2
25. रजनी, निशा-2

### शब्द पहेली -8003 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | आ | र | ति | ■ | अ | ना | मि | का |
| आ | ना | ■ | ल | जी | ज | ■ | ■ | र |
| ले | ■ | श | मि | ■ | र | न | ■ | तु |
| ख | ल | ब | ला | ना | ■ | र | ई | स |
| ■ | ग | ■ | ना | ■ | म | ■ | मा | ■ |
| ख | न | न | ■ | म | नो | र | न | य |
| लि | ■ | ल | क | ■ | रं | ग | ■ | ती |
| हा | ■ | ■ | हा | फि | ज | ■ | का | म |
| न | स | वा | र | ■ | न | ज | ला | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा।

**वृष राशि :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है।

**मिथुन राशि :** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें।

**कर्क राशि :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होगें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**सिंह राशि :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**कन्या राशि :** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**तुला राशि :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं।

**वृश्चिक राशि :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा।

**धनु राशि :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**मकर राशि :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**कुंभ राशि :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ।

**मीन राशि :** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती है। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिए एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगों को आश्चर्य में डाल देंगे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बची महबूबा मुफ्ती



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती गुरुवार को उस समय बाल-बाल बच गईं जब उनका वाहन दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के संगम इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों के मुताबिक संगम इलाके में महबूबा की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। महबूबा मुफ्ती को कोई चोट नहीं आई है।

### देश में कोरोना के 514 नए मामले, 3 की मौत

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 514 नए मामले सामने आए हैं जबकि तीन मरीजों की मौत हुई है। इस अवधि में 732 मरीज स्वस्थ हुए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 3422 हो गई है। कोरोना ने उत्तराखंड में भी दस्तक दी जहां एक नया मामला सामने आया है। इसके साथ कोरोना के दो नए मामले सिक्किम, दो मामले जम्मू-कश्मीर में भी दर्ज किए गए हैं। देश में कोरोना से तीन मौत हुई है। इसमें एक मौत कर्नाटक और दो महाराष्ट्र से दर्ज की गई है।

### दिल्ली एनसीआर में भूकंप के झटके

**नई दिल्ली।** दिल्ली और आसपास के इलाकों में गुरुवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक भूकंप की तीव्रता रियक्टर पैमाने पर 6.1 थी। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में था। भूकंप के झटके दोपहर 2.50 बजे महसूस किए गए। जान-माल के नुकसान की अभी जानकारी नहीं है।

### राजौरी में चार टिफिन आईईडी सहित अन्य गोला-बारूद बरामद

**राजौरी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान के दौरान एक आतंकी साजिश को नाकाम करते हुए चार टिफिन बॉक्स आईईडी सहित अन्य गोला-बारूद बरामद किया है। इसके बाद सुरक्षाबल आसपास के इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चला रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम ने गुरुवार को राजौरी जिले के हयातपुर-मंजाकोट इलाके में तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि तलाशी अभियान के दौरान घटनास्थल से एक वायरलेस सेट, टेप रिकॉर्डर, 23 राउंड एके गोला बारूद और चार टिफिन बॉक्स आईईडी बरामद किए गए हैं।

## रामनगरी पहुंचा सोने-चांदी की परत वाला 500 किलो का नगाड़ा



### राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री ने किया स्वीकार

**एजेंसी। अयोध्या**

श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सृष्टि पुलकित है। हर जीव का रोम रोम रोमांचित है। ऐसे में भला भारतीय सीमाओं में भीतर रहने वाले लोग भला अह्लादित क्यों न हों? अपने आराध्यदेव और जन-जन में बसे श्रीराम के स्वागत की तैयारी कैसे न करें? कोई घी भेजकर श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा का भागी बन रहा है तो कोई अगरबत्ती भेजकर।

अब गुजरात से एक विशेष रथ से 500 किलो का विशाल नगाड़ा रामनगरी अयोध्या पहुंचा है। इसे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने स्वीकार किया है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि इसे उचित स्थान पर स्थापित किया जाएगा। इधर, गुजरात विश्व हिन्दू परिषद के क्षेत्र मंत्री अशोक रावल ने पत्र भेजकर नगाड़ा स्वीकारने की संस्तुति की है।

#### चिराग ने कहा, सोने-चांदी की चढ़ी है परत

नगाड़ा लेकर अयोध्या आए चिराग पटेल ने बताया कि इस पर सोने और चांदी की परत चढ़ाई गई है। ढांचे में लोहे और तांबे की प्लेट का भी इस्तेमाल किया गया है। इसका निर्माण डबगर समाज के लोगों ने किया है। राम मंदिर में स्थापित करने के लिए हिंदू संस्कृति के इस प्रतीक विशाल नगाड़ा का निर्माण कर्णावती महानगर के दरियापुर विस्तार में किया गया है।

## रूसी रॉकेटों ने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव पर किया हमला, 10 घायल

**एजेंसी। कीव**

दो रूसी रॉकेटों ने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव में एक होटल पर हमला किया, इससे होटल को नुकसान पहुंचा है। हमले में 10 लोगों के घायल होने की खबर है।

राज्य आपातकालीन सेवा (एसईएस) ने एक सोशल पोस्ट में कहा कि हमला बुधवार रात करीब 10.30 बजे हुआ। रॉकेटों ने रूसी सीमा से सिर्फ 30 किमी दूर स्थित शहर के मध्य भाग को निशाना बनाया। इसमें यह भी कहा गया कि एसईएस इकाइयों, राष्ट्रीय पुलिस और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। तीन मंजिला होटल की इमारत के साथ-साथ आसपास खड़ी कारों को भी नुकसान हुआ। एसईएस ने पोस्ट में कहा कि आग का क्षेत्र लगभग 20 वर्ग मीटर था। इमारत से आठ लोगों को निकाला गया।



### वायु रक्षा प्रणाली की सख्त जरूरत : जेलेंस्की

**विलनियस।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बुधवार को लिथुआनिया में कहा कि रूसी हमलों को रोकने के लिए देश को और वायु रक्षा प्रणाली की सख्त जरूरत है। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन ने दुनिया को दिखा दिया है कि रूस की सेना को रोका जा सकता है। जेलेंस्की ने रूस से 22 महीने से जारी युद्ध में अपने देश के लिए अधिक मदद हासिल करने के लिए बाल्टिक देशों की यात्रा शुरू की है।

### प्रधानमंत्री मोदी आज महाराष्ट्र का करेंगे दौरा

## 30 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पीएम आज महाराष्ट्र का दौरा करेंगे। पीएम महाराष्ट्र में 30,500 करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, राष्ट्र को समर्पित करेंगे और आधारशिला रखेंगे। पीएमओ ने गुरुवार को बताया कि पीएम 12 जनवरी को दोपहर करीब 12:15 बजे नासिक पहुंचेंगे, जहां वे 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। महोत्सव की थीम - विकसित भारत@2047 : 'युवा के लिए, युवा के द्वारा' है। राष्ट्रीय युवा महोत्सव प्रत्येक वर्ष 12 से 16 जनवरी तक आयोजित किया जाता है। 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द की जयंती है। इस वर्ष इस महोत्सव की मेजबानी महाराष्ट्र कर रहा है। दोपहर करीब 3:30 बजे पीएम ईज ऑफ मोबिलिटी बढ़ाने के एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में मुंबई में अटल बिहारी वाजपेयी सेवारी-न्हावा शेवा अटल सेतु का उद्घाटन करेंगे। लगभग 17,840 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह पुल लगभग 21.8 किमी लंबा और 6-लेन वाला है जो 16.5 किमी लंबा समुद्र के ऊपर और लगभग 5.5 किमी जमीन पर बना है। यह भारत का सबसे लंबा पुल है, जो देश का सबसे लंबा समुद्री पुल भी है। इस पुल का शिलान्यास भी दिसंबर 2016 में पीएम ने किया था। पीएम लगभग 4:15 बजे, नवी मुंबई में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होंगे, जहां वे 12,700 करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, राष्ट्र को समर्पित करेंगे और आधारशिला रखेंगे। पीएम ईस्टर्न फ्रीवे के ऑरेंज गेट को मरीन ड्राइव से जोड़ने वाली भूमिगत सड़क सुरंग की आधारशिला भी रखेंगे। पीएम सूर्या क्षेत्रीय थोक पेयजल परियोजना का पहला चरण राष्ट्र को समर्पित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान पीएम करीब 2000 करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे।



#### पीएम ने अजमेर उर्स में चढ़ाने के लिए दी चादर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी और अन्य को एक 'चादर' सौंपी। इस चादर को राजस्थान की धार्मिक नगरी अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के उर्स पर अजमेर शरीफ दरगाह पर चढ़ाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। हमारी बातचीत के दौरान, मैंने पवित्र चादर पेश की, जिसे ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के उर्स के दौरान प्रतिष्ठित अजमेर शरीफ दरगाह पर चढ़ाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री हर साल अजमेर दरगाह शरीफ के लिए चादर भिजवाते हैं।

### राम मंदिर का उद्घाटन भारतीयों के लिए 'त्योहार' है : एचडी कुमारस्वामी



**बेंगलुरु।** पूर्व मुख्यमंत्री और जद (एस) के प्रदेश अध्यक्ष एचडी कुमारस्वामी ने गुरुवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन सभी भारतीयों के लिए एक 'त्योहार' है, क्योंकि देश के लोग लंबे समय से चाहते थे कि इसका निर्माण हो। कांग्रेस नेताओं द्वारा राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होने के फैसले पर कुमारस्वामी ने संवाददाताओं से कहा कि उन्हें (कांग्रेस नेताओं को) बताना चाहिए कि वे इस कार्यक्रम में क्यों शामिल नहीं हो रहे हैं। उन्होंने कहा, "उनके फैसलों और मेरे बीच कोई संबंध नहीं है।" कुमारस्वामी ने कहा कि जद (एस) ने राज्य में भाजपा के साथ गठबंधन किया है, लेकिन उम्मीदवारों और निर्वाचन क्षेत्रों पर निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा, एक बार बातचीत खत्म हो जाए तो उम्मीदवार तय कर लिए जाएंगे और एक बार फैसला हो जाए तो कोई भ्रम नहीं रहेगा और सब कुछ ठीक हो जाएगा।

## अग्निवीर भर्ती के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अग्निवीर भर्ती के खिलाफ कांग्रेस ने युवाओं के साथ मिलकर गुरुवार को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व सैनिक विभाग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त कर्नल रोहित चौधरी ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी के वादे के मुताबिक युवाओं के हक की लड़ाई कांग्रेस पार्टी जारी रखी है। मोदी सरकार ने अग्निवीर की आड़ में सेना में चयनित 1.5 लाख से ज्यादा युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है लेकिन कांग्रेस युवाओं के साथ है। उनके हक की लड़ाई जारी रखेगी। चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी ने इन युवाओं के डेलिगेशन से 26 दिसंबर को मुलाकात की थी व इनके न्याय के लिए सड़क से संसद तक का साथ देने का वादा किया था। उसी कड़ी में आज ये युवा और कांग्रेस के पूर्व सैनिक विभाग प्रकोष्ठ ने जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के सम्मेलन में ईसीआई वेबसाइट का नया संस्करण लांच

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आम चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने आज इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट, नई दिल्ली में सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ एक सम्मेलन का आयोजन किया। आयोग के अनुसार इस अवसर पर ईसीआई वेबसाइट का नया संस्करण भी लॉन्च किया गया। ईसीआई वेबसाइट को सभी हितधारकों पर ध्यान केंद्रित करते हुए बेहतर अनुभव और जानकारी तक आसान पहुंच के लिए फिर से डिजाइन किया गया है। वेबसाइट में एक समर्पित अनुभाग है, जहां मतदाता, राजनीतिक दल और उम्मीदवार एक ही स्थान पर सभी प्रासंगिक जानकारी, सेवाओं, आईटी प्लेटफार्मों और उनकी सुविधा के लिए डिजाइन किए गए ऐप्स तक पहुंच सकते हैं।

आयोग के अनुसार 11-12 जनवरी तक दो दिवसीय सम्मेलन 2023 में हाल ही में हुए राज्य विधानसभा चुनावों के अनुभवों और सीखों को साझा करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। साथ ही चुनाव योजना, व्यय निगरानी, मतदाता सूची, आईटी अनुप्रयोगों, डेटा प्रबंधन, ईवीएम/ वीवीपैट, स्वीप रणनीति, मीडिया और संचार पर विषयगत चर्चा भी की जाएगी।

सीईसी राजीव कुमार ने स्वतंत्र, निष्पक्ष, सहभागी, शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त चुनाव सफलतापूर्वक कराने के लिए चुनाव वाले राज्यों के सीईओ की सराहना की।




## 'स्वच्छता अभियान से बढ़ी महिला आत्मनिर्भता'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को नई दिल्ली में आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा आयोजित एक समारोह में स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार प्रदान किए। इंदौर और सूरत को संयुक्त रूप से देश के सबसे स्वच्छ शहर घोषित किये गये। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि व्यापक भागीदारी के साथ किया गया स्वच्छ सर्वेक्षण और पुरस्कार समारोह भी स्वच्छता के स्तर को ऊंचा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने 'स्वच्छता से संपन्नता' की राह पर आगे बढ़ने के लिए सभी की सराहना की। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि स्वच्छता अभियान महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता के अवसर पैदा कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे सफाई मित्र हमारे स्वच्छता अभियान के अग्रिम पंक्ति के सैनिक रहे हैं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि सफाई मित्रों की सुरक्षा, सम्मान और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मशीनीकृत सफाई के माध्यम से मैनहोल को खत्म करके और मशीन-होल के माध्यम से स्वच्छता के लक्ष्य को प्राप्त करके ही हम एक संवेदनशील समाज के रूप में अपनी सही पहचान बना सकेंगे। राष्ट्रपति यह जानकर प्रसन्न हुईं कि स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण में अपशिष्ट प्रबंधन में चक्रीयता पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सर्कुलर इकोनॉमी की अधिक से अधिक वस्तुओं के पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग के तरीके सतत विकास के लिए मददगार साबित हो रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसी प्रणाली अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में भी बहुत उपयोगी साबित होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि यदि हम अपशिष्ट से मूल्य की अवधारणा पर गहराई से विचार करें तो यह स्पष्ट हो जाता है कि सब कुछ मूल्यवान है, कुछ भी अपशिष्ट नहीं है। हरित कचरे से बायोगैस बनाने और कूड़े से प्राप्त ईंधन से बिजली बनाने के पीछे यही समग्र और प्रगतिशील सोच काम करती है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारी लगभग एक-तिहाई आबादी शहरी क्षेत्रों में रहती है। शहरों और कस्बों की स्वच्छता उनके स्वास्थ्य और विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बड़ी मात्रा में शहरी भूमि कूड़े के पहाड़ों के नीचे दबी हुई है। राष्ट्रपति ने कहा कि कूड़े के ऐसे पहाड़ बहुत बड़ी शहरी आबादी के स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक हैं।



#### हिमाचल के राज्यपाल ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने गुरुवार को अपनी पत्नी के साथ राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

## एनआईए की 4 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में छापेमारी, हथियार-नकदी बरामद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकी-गैंगस्टर मामलों में गुरुवार को चार राज्यों तथा दो केंद्र शासित प्रदेशों में 32 ठिकानों पर छापेमारी की। इनमें दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़, हरियाणा और पंजाब शामिल हैं। इस दौरान एनआईए ने हरियाणा के सोनीपत जिले के सेरसा गांव और गढ़ी सिसाना में भी छापे मारे। यहां पर एनआईए ने सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मुख्य आरोपित और लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शार्प शूटर अंकित सेरसा और प्रियव्रत फौजी के परिजनों से पूछताछ की। इस दौरान उनके मकानों की भी तलाशी ली। तलाशी के दौरान एनआईए ने दो पिस्तौल, दो मैगजीन और चार लाख 60 हजार रुपये नकद जब्त किए। एनआईए ने स्वतः संज्ञान लेते हुए पिछले वर्ष 10 जुलाई को आतंकी-गैंगस्टर का मामला दर्ज किया था। एनआईए जांच से पता चला है कि हरविंदर सिंह उर्फ रिंडा और लखबीर सिंह उर्फ लाडा पंजाब में अग्नेयास्त्र की आपूर्ति आतंकी गतिविधियों के लिए कर रहे थे। ये आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए विभिन्न माध्यमों से फंड भी भेजा करते थे। एजेंसी ने गुरुवार को जिन सात ठिकानों पर छापेमारी की, उनका इस्तेमाल लारेंस विश्नोई के सहयोगी गोल्डी बरार के सहयोग से आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए किया जा रहा था। जांच में यह भी बात सामने आई है कि यहां से माफिया स्टाइल में काम किया जा रहा था। एजेंसी ने नौ अन्य ठिकानों पर भी छापेमारी की।




### राजनाथ लंदन में ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक से मिले

## रक्षा संबंध मजबूत करने पर जोर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ब्रिटिश यात्रा पर गए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लंदन में इंग्लैंड के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मुलाकात की। गर्मजोशी और सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई बैठक में उन्होंने कहा कि हम इंग्लैंड-भारत संबंधों के रक्षा और सुरक्षा स्तंभ को मजबूत बनाने के इच्छुक हैं। इंग्लैंड और समान विचारधारा वाले अन्य देशों को शांतिपूर्ण और स्थायी वैश्विक नियम-आधारित व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करना चाहिए, ताकि मैत्रीपूर्ण सहयोग से अधिक मजबूत, सुदृढ़ करने के साथ-साथ गति प्रदान की जा सके। राजनाथ सिंह ने बैठक के दौरान इंग्लैंड के प्रधानमंत्री को राम दरबार की मूर्ति उपहार में दी। लंदन के 10 डाउनिंग स्ट्रीट में हुई इस मुलाकात के दौरान रक्षा मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि दोनों देशों के नेताओं के नेतृत्व में दोनों ही देशों ने ऐतिहासिक संबंधों को आधुनिक, बहुआयामी और परस्पर लाभकारी साझेदारी में ढालने और उन्हें फिर से तैयार करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। राजनाथ सिंह ने संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण, बढ़ी हुई अंतरसंचालनीयता, विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में परस्पर सैन्य संबंधों सहित द्विपक्षीय रक्षा संबंधों में हाल में हुई वृद्धि का स्मरण किया। उन्होंने प्रौद्योगिकी क्षेत्र सहित रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने में हो रहे मौजूदा प्रयासों पर जोर दिया। रक्षा मंत्री ने ऋषि सुनक को इंग्लैंड के रक्षा उद्योग के साथ हुई अपनी सकारात्मक बातचीत और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों में नई सकारात्मक ऊर्जा के बारे में भी जानकारी दी। राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21वीं सदी के मध्य तक एक विकसित देश बनने के राष्ट्रीय उद्देश्य की दिशा में 1.4 बिलियन भारतीयों के लक्ष्य का नेतृत्व कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से उल्लेखनीय परिणाम मिल रहे हैं, विकास में लगातार वृद्धि हो रही है, गरीबी में लगातार काफी कमी आई है और व्यापार अनुकूल ढांचा स्थापित किया गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत सरकार इंग्लैंड जैसे दोस्तों को नियम आधारित विश्व व्यवस्था मजबूत बनाने के लिए साझेदारी करने के लिए तैयार है। बैठक में इंग्लैंड के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सर टिम बैरो भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री सुनक ने व्यापार, रक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में इंग्लैंड और भारत के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता पर रक्षा मंत्री से सहमति जताई।



### फिल्म जगत

## जिंदगी में मुश्किलें आती हैं उम्मीद मत खोना : शाहरुख



**बॉलीवुड** सुपरस्टार शाहरुख खान इन दिनों फिल्म 'डंकी' को लेकर चर्चा में हैं। डंकी से पहले उनकी फिल्म 'जवान' और 'पठान' ने भी खूब कमाई के साथ प्रशंसा भी लूटी थी। साल 2023 का किंग खान के नाम रहा। अब फैंस उनकी आने वाली फिल्मों का इंतजार कर रहे हैं। 'पठान' की रिलीज से पहले शाहरुख अपने बेटे आर्यन खान की वजह से सुर्खियों में थे। अब उन्होंने बताया कि ड्रग मामले में बेटे आर्यन की गिरफ्तारी के बाद वे चुप क्यों रहे। वर्ष 2018 के बाद शाहरुख खान अपनी फिल्मों से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में रहे। शाहरुख के बेटे आर्यन को वर्ष 2021 में ड्रग केस के चलते जेल जाना पड़ा था। मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में शाहरुख ने अपनी जिंदगी में आई मुश्किलों पर बात की। शाहरुख खान ने कहा कि पिछले चार-पांच साल मेरे और मेरे परिवार के लिए रोलर-कोस्टर राइड की तरह थे। कोरोना काल में मुझे काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। उस वक्त मेरी कई फिल्में फ्लॉप रहीं। इसके बाद कि, खबरें चलने लगीं कि मेरा करियर खत्म हो गया। शाहरुख ने कि मुझे अपनी निजी जिंदगी में भी कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा, लेकिन इस सफर में मैंने कई चीजें सीखीं। मेरा मानना है कि किसी भी समस्या से उबरते समय शांत रहना चाहिए।

# पिछले दस साल की कहानी अन्याय से शुरू अन्याय पर खत्म : गुलाम अहमद मीर

## दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों और गरीबों के साथ भेदभाव व अत्याचार रुक नहीं रहा

- अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने पर सरकारी एजेंसियों से लोगों को डराया-धमकाया जाता है
- चुनिंदा धनकुबेर सारी लोकतांत्रिक व्यवस्था को अपने फायदे के लिए कठपुतली की तरह नचा रहे हैं



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि अगर मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों की कहानी लिखी जाए तो वह अन्याय से शुरू होकर अन्याय पर खत्म होगी। इस तानाशाह सरकार ने अन्याय और अत्याचार की सारी सीमाएं लांघ कर एक ऐसी क्रूर और निर्मम व्यवस्था को जन्म दिया है, जहां देश का गरीब दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष करने को मजबूर है। दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक और गरीबों के साथ भेदभाव व अत्याचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने पर सरकारी एजेंसियों द्वारा लोगों डराया-धमकाया जाता है, संसद में सवाल पूछने पर निलंबित कर दिया जाता है।

वह गुरुवार को मोरहाबादी स्थित संगम गार्डेन में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मीर ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में न सिर्फ आम इंसान का जीवन मुश्किल कर दिया बल्कि लोकतंत्र का गला घोंटने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। जहां एक तरफ बेतहाशा बेरोजगारी युवाओं के सपनों को चकनाचूर कर रही है, तो वहीं दूसरी तरफ कमरतोड़ महंगाई गरीबों और मध्यम वर्ग का जीवन बेहद मुश्किल बना रही है। आज जहां देश में किसानों को उनकी मेहनत का मोल नहीं मिल रहा, तो वहीं मजदूर अपना खून पसीना जलाकर भी परिवार का पेट नहीं भर पा रहे। उन्होंने कहा कि बेटियां अपने सम्मान और सुरक्षा के लिए सड़कों पर बैठी हैं और तानाशाह सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि कुछ चुनिंदा धनकुबेर सारी लोकतांत्रिक व्यवस्था को अपने फायदे के लिए कठपुतली की तरह नचा रहे हैं। गुलाम अहमद मीर ने कहा कि देश में ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि...मोदी सरकार नहीं चाहती कि देश की जनता उनका सच जाने, उनसे जरूरी मुद्दों पर सवाल पूछे, लेकिन.. अब जनता जाग चुकी है, अपने अधिकारों की बात कर रही है, अन्याय के खिलाफ आवाज उठा रही है, न्याय का हक मांग रही है।

## राज्य में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को ऐतिहासिक बनाने में जुट जाएं कार्यकर्ता : राजेश ठाकुर

**रांची।** राजधानी के संगम गार्डेन में आयोजित प्रदेश कांग्रेस के विस्तारित कार्यसमिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने झारखंड में भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता को लेकर कार्यकताओं को कई दिशा-निर्देश दिये। ठाकुर ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के मद्देनजर झारखंड के प्रत्येक कांग्रेस कार्यकताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दी जाएगी। पंचायत स्तर बूथ स्तर तक के कार्यकताओं को इस यात्रा में भागीदार बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण बैठक का उद्देश्य ही झारखंड में यात्रा को ऐतिहासिक बनाने का है। बैठक के बाद से ही सभी जिला अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष और प्रदेश के पदाधिकारी कार्यकताओं को इस यात्रा की निमित्त तैयारी में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने न्याय यात्रा को देखते हुए प्रत्येक जिला में कंट्रोल रूम की स्थापना करने, सामाजिक संगठनों, आईएनडीआईए गठबंधन दलों के पार्टी नेताओं, कार्यकताओं, अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त पेशेवर खिलाड़ियों, कलाकारों, बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों तथा विशेष कार्य के लिए उच्च स्तरीय सम्मान प्राप्त व्यक्तियों को न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करने का निर्देश दिया। बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि झारखंड तीसरा ऐसा राज्य होगा जहां भारत जोड़ो न्याय यात्रा सबसे ज्यादा दिनों तक रहेगी। हमें मौका मिला है कि हम झारखंड में इस यात्रा को ऐतिहासिक बनाएं और जिन जिलों से यात्रा नहीं गुजरेगी वहां के कांग्रेसजनों को भी बढ़-चढ़कर इस यात्रा में भाग लेना है। झारखंड के कांग्रेस कार्यकताओं को यह प्रण लेना होगा कि हम पूरे देश में इस यात्रा को सफल बनाने में अव्वल दर्जा प्राप्त करें।

## पृष्ठ एक के शेष

**साहिबगंज डीसी और सीएम के प्रेस...**

केंद्रीय एजेंसी ने अवैध खनन मामले में साहिबगंज में तैनात दो डीएसपी प्रमोद मिश्रा और राजेंद्र दुबे को तलब किया था। दूसरी ओर कैबिनेट की बैठक में गत 9 जनवरी को एक प्रस्ताव पास किया गया, जिसमें कोई भी बाहरी जांच एजेंसी के बुलावे पर अब झारखंड के पदाधिकारी को सीधा जांच एजेंसी के समक्ष उपस्थित होने को नहीं कहा गया है। पहले विभागीय अध्यक्ष के मार्फत इसकी जानकारी कैबिनेट को देनी है जो कैबिनेट सचिव के माध्यम से ईडी से पत्राचार कर अंतिम निर्णय करेगी।

**लोस चुनाव में 70 से ज्यादा...**

शाह के लगातार कार्यक्रम हो रहे हैं। मोदी के रोड शो व उद्घाटन कार्यक्रम हो रहे हैं। इसके साथ ही विभिन्न सर्वे व पार्टी तथा संघ की आंतरिक सूचना के आधार पर प्रत्याशियों के नाम चिन्हित करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। खुसुर -फुसुर होने लगी है कि पार्टी जनवरी के अंत तक 160 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर सकती है। इस बार जिनको टिकट दिया जाएगा उसमें जवान युवक -युवतियों या युवा नेताओं को ज्यादा टिकट देने की कोशिश होगी। इनमें से भी अति पिछड़ा व दलित व आदिवासी महिला को प्राथमिकता देने की कोशिश की जा रही है। इनमें भी ऐसे जो गरीब हों उनपर ज्यादा फोकस रहेगा ताकि गरीब व महिला को जाति के तौर पर आगे बढ़ाने का राजनीतिक नैरेटिव और चर्चा में लाया जा सके। जिससे इंडिया गठबंधन का अति पिछड़ा व दलित या 'जिसकी जितनी संख्या भारी ,उसकी उतनी भागीदारी' की काट किया जा सके।

**निशिकांत दुबे की पत्नी...**

दुबे की पत्नी ने झारखंड हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जहां से उन्हें बड़ी राहत मिली है। वर्ष 2016 में विभाग ने एक पत्र जारी कर डीसी को यह अधिकार दिया था कि वे कपटपूर्ण निबंधित दस्तावेजों को जांच के बाद रद्द कर सकते हैं।

**छात्रावास में रहना अनिवार्य नहीं...**

आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं। इस पर अंकुश लगाने के लिए अब पीजी मेडिकल विद्यार्थियों को अवकाश देने का भी प्रावधान किया गया है। पीजी मेडिकल विद्यार्थियों से 24 घंटे सेवा ली जाती है। ऐसी शिकायत मिलने के कारण विद्यार्थियों की ड्यूटी को लेकर नए नियमों में राहत दी गई है।एनएमसी में स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. विजय ओझा ने बताया कि नए नियमों से स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद छात्रों को अपनी डिग्री पंजीकृत करने में आने वाली कई कठिनाइयों का समाधान हो जाएगा। नए नियमों में कहा गया है कि सभी स्नातकोत्तर छात्र पूर्णकालिक रेजीडेंट डॉक्टरों के रूप में और ह्यउचित कार्य घंटोंह्व में काम करेंगे और उन्हें एक दिन में ह्यआराम के लिए उचित समयह्व प्रदान किया जाएगा। उन्हें प्रति वर्ष न्यूनतम 20 दिन की आकस्मिक छुट्टी और प्रति वर्ष पांच दिन की शैक्षणिक छुट्टी की अनुमति होगी। नए नियमों में कहा गया है कि अनिवार्य काम होने पर स्नातकोत्तर छात्रों को एक साप्ताहिक अवकाश की अनुमति दी जाएगी। डॉ. ओझा ने कहा कि इससे पहले लिखित में छुट्टी का प्रावधान नहीं था।चिकित्सा शिक्षा नियामक राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ने पहली बार उसके द्वारा विनियमित चिकित्सा महाविद्यालयों में पोस्ट डाक्टोरल फेलोशिप पाठ्यक्रम की शुरूआत की है। आयोग को उम्मीद है कि इस पहल से अनुसंधान और चिकित्सीय कौशल विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। चिकित्सा संस्थान अब तक चिकित्सकों को प्रशिक्षित करने के लिए अपने स्तर पर ही यह पाठ्यक्रम तैयार कर उसे मंजूरी दे रहे थे। नियामक ने हाल ही में ह्यपोस्ट-ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन रेगुलेशन, 2023 को अधिसूचित किया है। इसके अनुसार एक बार चिकित्सा महाविद्यालय को स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम या सीट शुरू करने की अनुमति मिल जाने के बाद पाठ्यक्रम को मान्यता प्राप्त माना जाएगा।

**नर्सिंग होम में बंध्याकरण के...**

ही बंध्याकरण के नाम पर मुझे सुनकर ऑपरेशन करने लगा। वहीं उपस्थित पीड़िता के पति सिद्धेश्वर मिस्त्री ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑपरेशन के कुछ ही देर बाद चिकित्सक ने मुझे आकर बताया कि महिला के पेट में दूसरी और बीमारी है उसका भी ऑपरेशन करना होगा। मैंने पत्नी को देखने कि इच्छा जताई। डॉक्टरों ने मुझे दूर से पत्नी को दिखाया। कहा कि पांच हजार इस ऑपरेशन का चार्ज लगेगा। पैसे जमा करने के बाद ऑपरेशन करा कर पत्नी को लेकर घर ले आये। इस के बाद पत्नी के पेट में दर्द होने लगा। उसे लेकर बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा, जहां चिकित्सक अमरनाथ प्रसाद से उपचार करवाया और ऑपरेशन के बारे में पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिला का ओवरी निकाल दिया गया है। बंध्याकरण के समय किसी महिला का ओवरी नहीं निकाला जाता है। इसे निकालने से महिला आजीवन अस्वस्थ रह सकती है। तबसे मैं घबराया हूं और मैं एक गरीब किसान मजदूर हूं। उन्होंने ने उपायुक्त से दोषियों पर कारवाई करते हुए पत्नी का समुचित इलाज करवाने की गुहार लगाई है। इस संबंध में जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी ने कहा कि बैठक में पीड़िता का समुचित इलाज कराने और आरोपी डॉक्टर द्वारा निकाले गए अंग का मुआवजा, संलिप्त लोगों पर कड़ी कारवाई एवं ऐसे सभी अवैध नर्सिंग होम को बंद करने की मांग रखूंगी। वहीं प्रमुख उर्मिला देवी ने कहा कि गरीबों के साथ झोलाछाप डॉक्टर खिलवाड़ कर रहे हैं। पीड़िता को उक्त नर्सिंग होम से पांच लाख रुपये मुआवजा दिलवाने की बात कही। साथ ही कहा कि उक्त नर्सिंग होम को विभाग द्वारा पूर्व में सील कर दिया गया था। दोबारा विभाग ने किस आधार पर संचालन करने की अनुमति दी यह जांच का विषय है। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बड़ाइक ने कहा कि सीएस से बात हुई है। पीड़िता से आवेदन मांगा गया है। जांच कर दोषियों पर कारवाई की जायेगी। मुखिया राजिव भगत ने कहा कि बारियातू में अवैध नर्सिंग होम धड़ल्ले से चल रहा है। विभाग कोई संज्ञान नहीं लेता है।

## डालसा ने बुंडू में चलाया विधिक जागरूकता अभियान

**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची की ओर से कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय, बुंडू में लीगल-लिट्रेसी क्लास तथा बुंडू बाजार क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों को संविधान के मूल अधिकार तथा कर्त्तव्यों की जानकारी दी गयी। इसके अलावा अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने बाल श्रम तथा बाल अधिकार के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। लीगल-लिट्रेसी क्लास के दौरान बुंडू बाजार में जागरूकता चलाया गया। कार्यक्रम में एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी सोनामनि देवी, रूकमनी देवी, मुस्कान कुमारी, लता कुमारी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। सभी ने ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों को विचाराधीन बंदियों तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वर्गों के लोगों को मुकदमा में डालसा द्वारा सहयोग करने के बारे में जानकारी दी। डालसा की ओर से बचाव करने के लिए निःशुल्क विधिक सहायता दी जाती है। उन्होंने बाल विवाह और बाल श्रम पर भी प्रकाश डाला एवं उनसे संबंधित कानूनों के बारे में विस्तार से चर्चा भी की। डालसा के पीएलवी सोनामनी देवी, रूक्मनी, मुस्कान कुमारी, लता कुमारी ने प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, असंगठित मजदूरों का निबंधन, आयुष्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड, शौचालय स्वच्छता के बारे में भी जानकारी दी गयी।

## झारखंड हाई कोर्ट में जेजे बोर्ड, सीडब्ल्यूसी में नियुक्ति से संबंधित स्वतः संज्ञान मामला निष्पादित

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजे बोर्ड), चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (सीडब्ल्यूसी) और राज्य बाल संरक्षण आयोग में रिक्त पदों को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार द्वारा नियुक्ति से संबंधित उठाएंगे कदमों को देखते हुए स्वतः संज्ञान मामले को निष्पादित कर दिया। हालांकि, इस दौरान कोर्ट ने बचपन बचाओ आंदोलन की जनहित याचिका में बच्चों के अधिकार एवं पुनर्वास सं संबंधित वृहत विषय को देखते हुए उस पर अगली सुनवाई के लिए 23 फरवरी की तिथि निर्धारित की है।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज
(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in)

### शुद्धि-पत्र

एतद द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक–29.12.2023 को विभिन्न समाचार पत्रो के माध्यम से ई–निविदा पत्रांक सं० – 6/ RCD/ Daltonganj/2023-24/1322 आमंत्रित की गई है, जिसका PR No. 314796Road(23-24)#D है। जिसमें क्रमांक– 3 Bid Security Amount 1,86,390.00 के स्थान पर 3,72,800.00 पढ़ा/समझा जाय।

कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज।

PR.NO.315741 Road(23-24):D

### झारखण्ड सरकार
### कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला।
SP आवास के पास, करमटोली रोड, गुमला–7209721521
Email Id- fisheriesgumla2018@gmail.com

### रद्द–पत्र सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 12.01.2024 को वित्तीय वर्ष 2023–24 में मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजनान्तर्गत नए रंगीन मछली पालन योजना हेतु महिला मत्स्य कृषकों को सामग्री (KIT) आपूर्ति हेतु विज्ञापन संख्या PR.NO.315109 Fish(23-24):D द्वारा स्थानीय समाचार पत्र में अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण की गई थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से रद्द की जाती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
गुमला

PR 315732 Fish(23-24)D

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION
### ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI
NirupanBhawan,3rd Floor,Room No. 401,56-Set,Doranda,Ranchi-834002

**e-Procurement (Very Short Tender Notice)**

Letter of Invitation (LOI) No.-72/2023-24

e-Tender Ref No:–RCD/PID/RANCHI/72/2023-24 Date:-08.01.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for Construction of (i) Tisibar to Saraidih Road via Burhi-Buka-Chetma (Road to connect the two blocks to Patan & Nawadih Bazaar) under Palamu District (Length 30 Km) (ii) Rajdanda (on Mahuatand - Daltonganj Road) to Kapu via Beltoli-Parhatoli-Tuntoli, Paris Road under Latehar District (Length 10 Km) (Total Length 40 Km) including replacement/New Proposal of Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Plan including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Utility Shifting Proposal in details etc. as required by the Department (If any) in the State of Jharkhand.. *Only Empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022 are allowed to bid. |
| 2 | Tentative Length | 40.00 Km |
| 3 | Period of Completion of Work | 90 Days |
| 4 | Cost of Tender documents & Earnest Money Deposit | Cost of tender documents is Rs. 5000/(Non-Refundable) EMD:- The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 40000.00 (Forty thousand only) as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in/) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 17.01.2024,10:30 AM |
| 7 | Online Last Date/Time of Bid Submission | 24.01.2024 12:00 Noon |
| 8 | Date and Time of Bid opening | 25.01.2024 12:30 PM |
| 9 | Bid validity | 120 days |
| 10 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division,RCD, Ranchi, Mob No.-8083039058 |

Note:- Only e-Tender shall be accepted. Further details can be seen on e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in/).

Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi.

PR 315806Road(23-24)#D

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION
### ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI
NirupanBhawan,3rd Floor,Room No. 401,56-Set,Doranda,Ranchi-834002

**e-Procurement (Very Short Tender Notice)**

Letter of Invitation (LOI) No.-73/2023-24

e-Tender Ref No:–RCD/PID/RANCHI/73/2023-24 Date:-10.01.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for Construction of (i) PWD Road Barwadih to Singsingakalan PWD Road via Singsingakhurd – Chafla – Pendli – Peska – Duldulwa (Length-22 Km) (ii) NH-39 to Shankha to Khajuri Road (Length-24 Km) (Total Length-46 Km) including replacement/New Proposal of Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Plan including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Utility Shifting Proposal in details etc. as required by the Department (If any) under Garhwa District in the State of Jharkhand. *Only Empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022 are allowed to bid. |
| 2 | Tentative Length | 46 Km |
| 3 | Period of Completion of Work | 90 Days |
| 4 | Cost of Tender documents & Earnest Money Deposit | Cost of tender documents is Rs. 5000/(Non-Refundable) EMD:- The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 50000.00 (Fifty thousand only) as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in/) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 12.01.2024,10:30 AM |
| 7 | Online Last Date/Time of Bid Submission | 18.01.2024 12:00 Noon |
| 8 | Date and Time of Bid opening | 19.01.2024 12:30 PM |
| 9 | Bid validity | 120 days |
| 10 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division, RCD, Ranchi, Mob No.-8083039058 |

Note:- Only e-Tender shall be accepted. Further details can be seen on e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in/).

Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi.

PR 315804 (Road) 23-24 (D)

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION
### ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI
NirupanBhawan,3rd Floor,Room No. 401,56-Set,Doranda,Ranchi-834002

**e-Procurement (Short Tender Notice)**

Letter of Invitation (LOI) No.-70/2023-24

e-Tender Ref No:–RCD/PID/RANCHI/70/2023-24 Date:-08.01.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for Construction of (i) Durhi to Churadohar via Basabar (Baraihtola) Road (Length-7.00 Km) under Patan Block (ii) Kutiya More, PWD Main Road to Patan Road (Road connecting Chhatarpur to Patan) (Length-25 Km) under Chhatarpur Block (Total Length- 32 Km) including replacement/New Proposal of Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Plan including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Utility Shifting Proposal in details etc. as required by the Department (If any) under Palamu District in the State of Jharkhand. *Only Empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022are allowed to bid. |
| 2 | Tentative Length | 32.00 Km |
| 3 | Period of Completion of Work | 90 Days |
| 4 | Cost of Tender documents& Earnest Money Deposit | Cost of tender documents is Rs. 5000/(Non-Refundable) EMD:- The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 40000.00 (Forty thousand only) as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in/) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 17.01.2024,10:30 AM |
| 7 | Online Last Date/Time of Bid Submission | 30.01.2024 12:00 Noon |
| 8 | Date and Time of Bid opening | 31.01.2024 12:30 PM |
| 9 | Bid validity | 120 days |
| 10 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation DivisionRCD, Ranchi, Mob No.-8083039058 |

Note:- Only e-Tender shall be accepted. Further details can be seen on e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in/).

Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi.

PR 315810Road(23-24)#D

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION
### ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI
NirupanBhawan,3rd Floor,Room No. 401,56-Set,Doranda,Ranchi-834002

**e-Procurement (Short Tender Notice)**

Letter of Invitation (LOI) No.-71/2023-24

e-Tender Ref No:–RCD/PID/RANCHI/71/2023-24 Date:-08.01.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for Construction of (i) Kurkuta More to Baghamara Road via Kauwal (Length-9.00 Km) (ii) Pwd Main road to Loinga Road via Barsaita-Kanke-Pandepur (Length-20 Km) under Patan Block (Total Length- 29 Km) including replacement/New Proposal of Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Plan including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Utility Shifting Proposal in details etc. as required by the Department (If any) under Palamu District in the State of Jharkhand. *Only Empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022are allowed to bid. |
| 2 | Tentative Length | 29.00 Km |
| 3 | Period of Completion of Work | 90 Days |
| 4 | Cost of Tender documents & Earnest Money Deposit | Cost of tender documents is Rs. 5000/(Non-Refundable) EMD:- The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 30000.00 (Thirty thousand only) as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in/) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 17.01.2024,10:30 AM |
| 7 | Online Last Date/Time of Bid Submission | 30.01.2024 12:00 Noon |
| 8 | Date and Time of Bid opening | 31.01.2024 12:30 PM |
| 9 | Bid validity | 120 days |
| 10 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division,RCD, Ranchi, Mob No.-8083039058 |

Note:- Only e-Tender shall be accepted. Further details can be seen on e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in/).

Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi.

PR 315808 (Road) 23-24 (D)

# रन लेते समय 36 साल के इंजीनियर की हार्ट अटैक से मौत



**एजेंसी। नोएडा**

नोएडा में क्रिकेट मैच के दौरान रन लेते समय पिच पर ही बल्लेबाज की मौत हो गई। वह रन लेने के लिए दौड़े तो आधी पिच तक पहुंचते-पहुंचते हांफने लगे। फिर, लड़खड़ाकर बेहोश होकर गिर पड़े। साथी दौड़ते हुए उनके पास पहुंचे। कुछ खिलाड़ियों ने सीपीआर दिया। रिस्पांस नहीं हुआ तो तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन, वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक का नाम विकास नेगी है, जिनकी उम्र महज 36 साल थी। वह दिल्ली की एक कंपनी में बतौर इंजीनियर काम करते थे। रविवार को हुई घटना का मंगलवार शाम वीडियो सामने आया है। नोएडा के सेक्टर-135 स्थित स्टेडियम में रविवार को कारपोरेट लीग में मैवरिक्स इलेवन और ब्लैजिंग बुल्स का मैच चल रहा था। मैवरिक्स टीम की तरफ से उमेश कुमार और विकास बल्लेबाजी कर रहे थे।

# वार्नर बीबीएल के लिए एससीजी पर हेलीकॉप्टर से उतरेंगे




**एजेंसी। नई दिल्ली**

डेविड वार्नर सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) पर उतरेंगे क्योंकि वह शुक्रवार को सिडनी सिक्सर्स के खिलाफ सिडनी थंडर के लिए बिग बैश लीग (बीबीएल) मैच खेलने के लिए अपने भाई की शादी से सीधे हेलीकॉप्टर में उड़ान भरने की योजना बना रहे हैं।

ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, वार्नर के आउटफील्ड पर उस स्थान को छूने की उम्मीद है जहां उनके विदाई टेस्ट के दौरान थैंक्स डेव लोगो चित्रित किया गया था। मौसम की स्थिति के आधार पर उनका आगमन शाम 5 बजे होने की उम्मीद है। वह हमारे लिए आने और खेलने के लिए काफी प्रयास कर रहा है। हमें उसका यहां होना बहुत पसंद है। पिछले साल उसने हमारे लिए शानदार प्रदर्शन किया था, हो सकता है कि उसने उतने रन नहीं बनाए जितने वह चाहता था, लेकिन समूह के आसपास रहा और ज्ञान बांटता रहा।

### ओलंपिक हॉकी क्वालीफायर को लेकर भारतीय कप्तान सविता ने कहा

# हम हर चुनौती के लिए तैयार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कुछ अनुभवी खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में एक 'चुनौतीपूर्ण' टूर्नामेंट के लिए तैयार भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पुनिया को शहर के हॉकी प्रेमियों के मजबूत समर्थन और कड़ी मेहनत की उम्मीद है। उनकी टीम शनिवार से यहां शुरू होने वाले एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर में भाग लेगी और पेरिस 2024 का टिकट हासिल करने का प्रयास करेगी।

आठ-टीम एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर की शुरूआत से दो दिन पहले एक संवाददाता सम्मेलन में सविता ने कहा कि टीम कुछ महीने पहले एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान स्थानीय हॉकी प्रेमियों से मिले समर्थन से उत्साहित है और कहा कि टीम एक बार फिर रांची में खेलने को लेकर उत्सुक है।

भारत ग्रुप बी में न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और इटली के साथ है क्योंकि मैदान में आठ टीमों को चार-चार के दो समूहों में विभाजित किया गया है। पूल ए में वर्ल्ड नंबर 5 जर्मनी, 2018 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता जापान, चिली और चेक गणराज्य शामिल हैं। ये आठ टीमें इस साल के अंत में पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए रांची में उपलब्ध तीन स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं।



**भारतीय कप्तान ने कहा कि वे पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि टीम अपने प्रदर्शन और मैचों पर ध्यान दे रही है और विरोधियों के बारे में ज्यादा नहीं सोच रही है।**

सविता ने कहा, हमने इस आयोजन के लिए बहुत अच्छी तैयारी की है और हमने इस आयोजन की तैयारी के लिए व्यक्तिगत रूप से और एक टीम के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। कोचों ने हमें खेल के उन सभी पहलुओं पर काम करने में मदद की है जिन पर ध्यान देने की जरूरत है।

भारत इस प्रतियोगिता में दीप ग्रेस एक्का, सुशीला चानू, वंदना कटारिया और गुरजीत कौर जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना उतर रहा है।

उन्होंने कहा, हम पेरिस में जगह बनाने और ओलंपिक में भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए जो कुछ भी हमारे हाथ में है, वह कोशिश करेंगे। लेकिन उससे पहले हमें इसके लिए क्वालीफाई करना होगा और इस समय हम उसी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम अपने खेल पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और हम अच्छी तैयारी कर रहे हैं।



**ओलंपिक क्वालीफायर**

## अतीत भूलकर भविष्य के बारे में सोचने की सलाह दी कोच शोपमैन ने

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय महिला हॉकी टीम शनिवार से यहां शुरू होने वाले एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के लिए तैयार है। टूर्नामेंट से पहले मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने खिलाड़ियों और हॉकी प्रशंसकों को अतीत को भूलकर भविष्य के बारे में सोचने की सलाह दी है। संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ भारत के शुरूआती मैच से दो दिन पहले एक संवाददाता सम्मेलन में शोपमैन ने कहा कि टीम हांग्जो एशियाई खेलों में सीधे स्थान हासिल करने से चूक गई।

भारत ग्रुप बी में न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और इटली के साथ है क्योंकि मैदान में आठ टीमों को चार-चार के दो समूहों में विभाजित किया गया है। पूल ए में वर्ल्ड नंबर 5 जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य शामिल हैं। ये आठ टीमें इस साल के अंत में पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए रांची में उपलब्ध तीन स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं।

# नागपुर में होने वाली खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे रामगढ़ के 23 खिलाड़ी



**रामगढ़।** नागपुर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में रामगढ़ के 23 खिलाड़ी शामिल होंगे। गुरुवार को उन सभी खिलाड़ियों को सम्मान के साथ रवाना किया गया। यह रामगढ़ जिला के लिए गर्व का विषय है। सभी चयनित बच्चों को पांच दिनों के लिए रांची आरोग्य भवन ट्रेनिंग प्रैक्टिस के लिए भेजा गया है जहां से आगामी 17 जनवरी को नागपुर महाराष्ट्र के लिए प्रस्थान करेंगे।

**माता-पिता और बच्चों ने की हनुमान मंदिर में पूजा :** रामगढ़ बस स्टैंड हनुमान मंदिर में सभी बच्चों एवं अभिभावकों के द्वारा श्री हनुमान जी के मंदिर में ओंकार, गायत्री मंत्र, हनुमान चालीसा पाठ एवं पूजा आरती किया गया। साथ ही साथ सभी प्रतिभागी बच्चों को तिलक चंदन लगाकर अभिभावकों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। इस अवसर पर एकल अभियान रामगढ़ अंचल समिति संरक्षक डॉक्टर सुधिर आर्या, सचिव मनीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनमोल सिंह, नगर उपाध्यक्ष भाजपा सुशांत कुमार पांडे, , विश्व हिंदू परिषद जिला संघ प्रतिनिधि आलोक अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

# सब जूनियर तीरंदाजी नेशनल प्रतियोगिता में योगेंद्र व समीर ने फाइनल में प्रवेश किया




**रांची।** 40वें सब जूनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता जो दिनांक 06 -14 जनवरी 2024 तक रायपुर (छत्तीसगढ़) में चल रही है। जिसमें झारखंड के इंडियन राउंड के तीरंदाज योगेंद्र हिस्सा एवं समीर बेहरा शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों तीरंदाज फाइनल में प्रवेश कर गए हैं। झारखंड के बालिका वर्ग में जोन्हा रांची की लक्ष्मी कुमारी 30 मीटर की दूरी में रजत पदक एवं लवली कुमारी ने 20 मीटर की दूरी में स्वर्ण पदक झारखंड को दिलाया।

## 1000वां पीकेएल मैच कबड्डी जगत के लिए गर्व की बात : अभिषेक बच्चन



जयपुर पिंक पैंथर्स (जेपीपी) शुक्रवार से शुरू होने वाले अपने घरेलू चरण में अपना शानदार फॉर्म जारी रखना चाहेगी। पैंथर्स की टीम, जो इस समय अंक तालिका में चौथे स्थान पर है, 12 जनवरी 2024 को दिन के पहले मैच में एसएमएस इंडोर स्टेडियम में तेलुगु टाइटंस से भिड़ेगी।

# भारतीय पहलवान अमन ने 57 किग्रा वर्ग में जीता स्वर्ण

**एजेंसी। जाग्रेब**

मौजूदा एशियाई चैंपियन अमन सहरावत ने जाग्रेब ओपन कुश्ती टूर्नामेंट में पुरुषों के 57 किग्रा में चीन के जो वानहाओ को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

पिछले साल कांस्य पदक जीतने वाले सहरावत ने बुधवार रात रैंकिंग सीरीज के 2024 संस्करण में पहला पदक जीतने के लिए वानहाओ को तकनीकी श्रेष्ठता (10-0) से हराया।

अपने स्वर्ण पदक की राह में, सहरावत ने क्वार्टर फाइनल में यूएसए के जेन रिचर्ड्स को समान अंतर से हराने के बाद सेमीफाइनल में जॉर्जिया के रॉबर्टी डिंगशविली को 11-0 से हराया। भारतीय खिलाड़ी ने क्वालिफिकेशन राउंड में तुर्की के मुहम्मत करावुस पर 15-4 की शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की। ओलंपियन दीपक पुनिया (86 किग्रा) और यश (74 किग्रा), पदक जीतने में असफल रहे।

पुनिया को क्वालिफिकेशन राउंड में कजाकिस्तान के अजामत डौलेटबेकोव से 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, डौलेटबेकोव फाइनल में पहुंच गए और रेपेचेज के माध्यम से भारत को कांस्य पदक का मौका दिया।

पुनिया ने दो रेपेचेज राउंड में से एक में यूक्रेन के वैलेन्टिन बाबी को 4-1 से हराया लेकिन जॉर्जिया के एवसेम वेलिद्ज़े से 3-4 की हार ने उनकी पदक की उम्मीद खत्म कर दी।

इस बीच, यश सोमवार को पुरुषों के 74 किग्रा के 16वें राउंड में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर यूएसए के क्विंसी से हार गए। यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ के निलंबन के कारण भारतीय पहलवान इस टूर्नामेंट में तटस्थ एथलीटों के रूप में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

# किशोर कुमार जेना पेरिस ओलंपिक के लिए ऑस्ट्रेलिया में प्रशिक्षण लेंगे



**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के पदक विजेता किशोर कुमार जेना आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए ऑस्ट्रेलिया में प्रशिक्षण लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, क्योंकि युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) ने अपनी नवीनतम बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता जेना 78 दिनों तक ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में ट्रेनिंग करेंगे। खेल मंत्रालय, अपने टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के तहत, जेना, उनके कोच और फिजियोथेरेपिस्ट के हवाई किराए, बोर्डिंग और आवास व्यय के साथ-साथ प्रशिक्षण और मालिश सुविधाओं का लाभ उठाने की लागत, चिकित्सा और स्थानीय यात्रा व्यय और अन्य व्ययों के बीच चिकित्सा बीमा लागत का वित्तपोषण करेगा।

## व्यापार

# इनमोबी ने 125 कर्मियों को हटाने की बनाई योजना




**एजेंसी। नई दिल्ली**

सॉफ्टबैंक समर्थित मोबाइल विज्ञापन दिग्गज इनमोबी नौकरी में कटौती के दूसरे दौर में अपने 2,500 के वैश्विक कार्यबल में से 125 कर्मचारियों को निकालने की योजना बना रही है।

इनमोबी के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, बाजार की जरूरतों और ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए उत्पाद, उन उत्पादों को वितरित करने के लिए कौशल सेट और बाजार में जाने की रणनीतियां पिछले दशक की तुलना में काफी अलग होंगी।संगठन स्तर पर हम जो बदलाव ला रहे हैं, वह उपरोक्त जरूरतों को पूरा करने, प्रतिस्पर्धी बने रहने और इस दशक और उसके बाद विश्व स्तर पर जीत हासिल करने के लिए एक सक्रिय कदम है। पिछले साल जनवरी में कंपनी ने करीब 50 से 70 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था। इस बीच, रिपोर्टों के मुताबिक, फिनटेक लीडर पेटीएम ने अपने परिचालन, बिक्री और इंजीनियरिंग टीम से कई सौ कर्मचारियों को निकाल दिया है।

# संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा, एक फरवरी को अंतरिम बजट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होकर 9 फरवरी तक चलेगा। केंद्रीय वित्त निर्मला सीतारमण एक फरवरी को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट बजट पेश करेंगी। यह मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी केंद्रीय बजट होगा। साथ ही 17वीं लोकसभा का ये आखिरी सत्र भी होगा।

आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होकर 9 फरवरी तक चलेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जनवरी को संसद के दोनों सदनों को संबोधित करेंगी। बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा और अंतरिम बजट एक फरवरी को पेश होगा। जानकारी के मुताबिक वित्त मंत्री बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी। निर्मला सीतारमण एक फरवरी को संसद में वित्त वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट पेश करेंगी।

**वित्त मंत्री सीतारमण वित्त वर्ष 2024 25 के लिए अंतरिम बजट करेंगी पेश**



# एनसीएलटी ने रिलायंस कैपिटल रिजॉल्यूशन प्लॉन की मंजूरी पर आदेश सुरक्षित रखा

**एजेंसी। मुंबई**

एनसीएलटी मुंबई ने रिलायंस कैपिटल के लिए आईआईएचएल की समाधान योजना की मंजूरी पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है। एनसीएलटी ने आदेश सुरक्षित रखते हुए कहा है कि आदेश एक महीने के भीतर दे दिया जाएगा। रिलायंस कैपिटल प्रशासक द्वारा 9,861 करोड़ रुपये की समाधान योजना पिछले साल जुलाई में एनसीएलटी की मंजूरी के लिए प्रस्तुत की गई थी। इससे पहले, हिंदुजा समूह की कंपनी, आईआईएचएल की समाधान योजना को ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) ने जून 2023 में योजना के पक्ष में 99.6 प्रतिशत के भारी मतदान के साथ मंजूरी दे दी थी।

आईआईएचएल की समाधान योजना, जिसका मूल्य 9,861 करोड़ रुपये है, में तीन घटक शामिल हैं। सबसे पहले, बकाया ऋण, परिचालन ऋणदाताओं और अन्य दावों के निपटान के लिए वित्तीय ऋणदाताओं को 9,650 करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी में पूंजी निवेश के लिए आईआईएचएल सीओसी को 200 करोड़ रुपये की प्रतिपूर्ति करेगा। शेष 11 करोड़ रुपये का भुगतान कॉर्पोरेट देनदारों के पिछले निदेशकों द्वारा उचित परिश्रम की कमी के लिए किया जाएगा।

## अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया हुआ मजबूत

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया गुरुवार को 2 पैसे की बढ़त के साथ 83.01 पर बंद हुआ, जिससे भारतीय मुद्रा में लगातार सातवें दिन बढ़त रही। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कम कीमतों और विदेशी फंडों द्वारा शेयर बाजारों में इक्विटी की निरंतर खरीदारी से रुपये को स्थिर रहने में मदद मिली है। एलकेपी सिक्योरिटीज के वीपी रिसर्च एनालिस्ट जतिन त्रिवेदी ने कहा रुपये ने दिन के दौरान 82.92 और 83.07 के बीच उतार-चढ़ाव के साथ एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की।

# ओला ने 2023 तक अपनी मूल कंपनी को 8 हजार से ज्यादा ई-स्कूटर बेचे



**एजेंसी। नई दिल्ली**


भविश अग्रवाल के नेतृत्व वाली ओला इलेक्ट्रिक ने दिसंबर 2023 तक अपनी मूल कंपनी एएनआई टेक्नोलॉजीज को 8,200 से अधिक स्कूटर बेचे, जो कई भारतीय शहरों में अपनी इलेक्ट्रिक बाइक टैक्सी सेवा शुरू और विस्तार करने की योजना बना रही है। मिंट की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि कंपनी ने अपने डीआरएचपी में 7,000 करोड़ रुपये से अधिक के आईपीओ के लिए संबंधित पार्टी लेनदेन का खुलासा नहीं किया, जो पिछले साल दिसंबर में दायर किया गया था। ड्राफ्ट पेपर्स में 30 जून 2023 तक ओला इलेक्ट्रिक के वित्तीय विवरण शामिल थे।

# तनिष्क मना रहा है 'फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स' कई आकर्षक रेंज हैं उपलब्ध



**रांची।** भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा समूह का एक हिस्सा, तनिष्क में मनाया जा रहा है फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स। जीवन के छोटे-छोटे पलों का जश्न मनाने का हार्दिक निमंत्रण तनिष्क ब्रांड ने अपने सभी उपभोक्ताओं को दिया है। फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स में हीरों के आभूषणों की विशाल श्रेणी प्रदर्शित की गयी है। ज्वेलरी इसो बॉक्स के लिए तनिष्क के हीरों के आभूषण सबसे बेहतरीन एडिशन हैं। अपने खुशियों से भरे पलों को यादगार बनाने के लिए उन्हें तनिष्क हीरों के साथ जुड़ने की अपील कर रहा है। यहॉ डायमंड इयररिंग्स, ब्रेसलेट्स, नेकवेयर, फिंगर रिंग्स और कई प्रकार के हीरों के आभूषण प्रस्तुत किए गए हैं। फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स में अनोखी और विशाल श्रेणी में से ग्राहक अपनी पसंद चुन सकते है। खुद के लिए हो, या जन्मदिन, जीवन की छोटी-छोटी उपलब्धियों और अन्य विशेष अवसरों के लिए हो, तनिष्क के हीरों के आभूषण बेहतरीन हैं। तनिष्क के खुशियों से भरे डायमंड ट्रीट्स की शान को अपनाइए सिर्फ 15,000 रुपयों से शुरू होने वाली कीमतों में। आपकी खुशियों को दुगुना करने के लिए तनिष्क ब्रांड की ओर से डायमंड ज्वेलरी वैल्यू पर 20% तक की छूट भी दी जा रही है। दूसरे किसी भी ज्वेलर से खरीदे गए पुराने सोने को एक्सचेंज कर नए हीरों के आभूषणों को अपने कलेक्शन में जोड़ सकती है।

# चीनी वाहनों का उत्पादन और बिक्री पहली बार 3 करोड़ के पार



**नवीन मेल संवाददाता। बीजिंग**

चीनी वाहन उद्योग संघ द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, साल 2023 में चीन का वाहन उत्पादन और बिक्री पहली बार 3 करोड़ को पार कर गई, जो इतिहास में एक रिकॉर्ड ऊंचाई है। इनमें से 49 लाख 10 हजार वाहनों का निर्यात किया गया। चीन के दुनिया का सबसे बड़ा वाहन निर्यातक बनने की उम्मीद है। साल 2023 में, चीन ने 3 करोड़ 1 लाख 61 हजार वाहनों का उत्पादन किया, और 3 करोड़ 94 हजार वाहनों की बिक्री की, जिसमें साल 2022 की तुलना में क्रमशः 11.6% और 12% की वृद्धि हुई है। साल 2022 में चीन दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा वाहन निर्यातक रहा। नई ऊर्जा वाहन चीन के ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण फोकस के रूप में उभरे हैं। उनकी निर्यात - संचालित भूमिका तेजी से स्पष्ट हो रही है।

## रिलायंस इंक का मार्केट कैप 18 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के साथ ही गुरुवार को कंपनी का बाजार पूंजीकरण 18 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया। आरआईएल का शेयर आज 2.5 प्रतिशत उछलकर 2,700 रुपये के पार पहुंच गया जिससे इसका बाजार पूंजीकरण 18.36 लाख करोड़ रुपये हो गया। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि निफ्टी का ग्राफ पूरे सत्र में लगभग सपाट रहा और 21,647 के स्तर पर मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ।

# ग्लोबल मार्केट से मजबूती के संकेत एशिया में भी खरीदारी का माहौल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

ग्लोबल मार्केट से आज मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार के तीनों सूचकांक मजबूती के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज बढ़त के साथ कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर तेजी का माहौल बना हुआ है। महंगाई के मोर्चे पर राहत मिलने की उम्मीद के कारण पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में उत्साह का माहौल बना रहा।

न्यूयॉर्क फेडरल रिजर्व के प्रेसिडेंट जॉन विलियम्स ने बुधवार को अपने बयान में कहा था कि महंगाई के आंकड़े सही दिशा में नजर आ रहे हैं।

इस बयान के बाद डाउ जॉन्स में करीब 170 अंक की उछाल दर्ज की गई। इसी तरह एस एंड पी 500 इंडेक्स ने 0.47 प्रतिशत की मजबूती के साथ 4,778.93 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 0.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 14,944.12 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# एनटीटी का नया डेटा सेंटर कैंपस




**नई दिल्ली।** वैश्विक आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर और सेवा कंपनी एनटीटी ने गुरुवार को भारत में अपना नया डेटा सेंटर कैंपस लॉन्च किया। कंपनी ने कहा, ''यह परिसर दिल्ली-एनसीआर के भीतर नोएडा के डेटा सेंटर कॉरिडोर में है। यह न्यूनतम विलंबता के लिए एनटीटी के अन्य डेटा सेंटर स्थानों के साथ कैरियर न्यूट्रल इंटरकनेक्टेड है और शीर्ष स्तरीय सार्वजनिक क्लाउड प्रदाताओं तक बिना बाधा के पहुंच प्रदान करता है। छह एकड़ में फैला परिसर, दो डेटा केंद्रों में 52.8 मेगावाट महत्वपूर्ण आईटी लोड की नियोजित क्षमता का समर्थन करेगा। एनटीटी ग्लोबल डेटा सेंटर्स एंड सबमरीन केबल के सीईओ और अध्यक्ष डी एडम्स ने एक बयान में कहा, इस नई साइट के साथ हम विश्वसनीय बुनियादी ढांचा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं जो दुनिया भर में हमारे ग्राहकों की डिजिटल महत्वाकांक्षाओं की मांगों का समर्थन कर सकता है।